राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........ 9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, शनिवार, 01 नवंबर 2025

वर्ष 07,अंक 32, पृष्ट 12,मूल्य: 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

चोरों ने मजदूर के घर को बनाया निशाना नगदी व लाखों के जेवर समेटकर फरार...03

भारत-अमेरिका में 10 साल का डिफेंस एग्रीमेंट......12

## सीजीएसटी असिस्टेंट कमिश्नर राठी राम मीणा पर कसा शिकंजा, करोड़ों की संपत्ति का खुलासा

**● CBI ने दर्ज की FIR, करोड़ों की संपत्ति का खुलासा**


केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने जयपुर के सीजीएसटी (सीजीएसटी) असिस्टेंट कमिश्नर राठी राम मीणा के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज किया है. सीबीआई के अनुसार, राठी राम मीणा ने अगस्त 2018 से अगस्त 2025 के बीच जयपुर और अहमदाबाद में तैनाती के दौरान अपने और परिवार के नाम पर करीब 2.54 करोड़ रुपये की अवैध संपत्ति बनाई है।

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने जयपुर के सीजीएसटी (सीजीएसटी) के असिस्टेंट कमिश्नर राठी राम मीणा के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज किया है. मीणा पर आरोप है कि उन्होंने अपने पद का दुरुपयोग कर अवैध तरीके से करोड़ों रुपये की संपत्ति जुटाई है. सीबीआई अब मीणा की एक-एक संपत्ति के दस्तावेजों की बारीकी से जांच कर रही है. वहीं सीबीआई के एंटी-करप्शन ब्रांच ने पिछले साल भी अहमदाबाद में एक डिप्टी कमिश्नर को 1.8 करोड़ डीए में पकड़ा था.

सीबीआई के अनुसार, राठी राम मीणा ने अगस्त 2018 से अगस्त 2025 के बीच जयपुर और अहमदाबाद में तैनाती के दौरान अपने और परिवार के नाम पर करीब 2.54 करोड़ रुपये की अवैध संपत्ति बनाई है. यह उनकी ज्ञात आय से लगभग 100 प्रतिशत ज्यादा बताई जा रही है. जांच में यह भी सामने आया है कि मीणा के परिवार के नाम पर कई फर्म, एलएलपी और कंपनियां हैं, जिनका इस्तेमाल उन्होंने अपने काले धन को घुमाने के लिए किया।

**जयपुर, अंकलेश्वर और अहमदाबाद में छापेमारी**

सीबीआई ने जयपुर, अंकलेश्वर और अहमदाबाद में छापेमारी की, जहां से करीब 35 लाख रुपये के सोने-चांदी के गहने बरामद हुए. इसके अलावा, परिवार के नाम पर राजस्थान के कई इलाकों में अचल संपत्तियां, लग्जरी गाड़ियां जैसे पोर्शे और जीप कम्पास, और दो बैंक लॉकर भी मिले हैं. बताया जा रहा है कि असिस्टेंट कमिश्नर टैक्स मामलों में रिश्वत लेकर संपत्ति बनाई




है. जांच में पता चला है कि फर्मों के जरिए पैसे का लेन-देन हुआ है.असिस्टेंट कमिश्नर की पोस्टिंग के दौरान कई व्यापारियों ने रिश्वत को लेकर अधिकारियों से शिकायत भी की थी।

**व्यापारियों से मांगी जाती थी मोटी रकम**

सूत्रों के मुताबिक, असिस्टेंट कमिश्नर व्यापारियों से फाइल क्लियर करने के बदले मोटी रकम मांगता था. इस काम में विभाग के कई अन्य अधिकारी भी उनके साथ होते थे. एक व्यापारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि जीएसटी रिफंड में देरी कर रिश्वत ली जाती थी. इसी जरिए कई सैकड़ों व्यापारियों से डरा-धमकाकर रिश्वत ली गई है।

**सीबीआई के एक्शन से राहत**

व्यापारियों का कहना है कि सीबीआई की कार्रवाई से उन्हें राहत मिली है. वहीं सीबीआई ने अब तक जब्त किए गए दस्तावेजों में पाया कि असिस्टेंट कमिश्नर के परिवार के नाम पर दर्ज फर्मों का कोई वास्तविक कारोबार नहीं था, बल्कि सिर्फ पेपर पर यह दर्ज था. 2017 में जीएसटी लागू होने के बाद से कई अधिकारी रडार पर हैं।

## जब सुप्रीम कोर्ट में कोई मामला लंबित हो तो उच्च न्यायालयों को अपना हाथ दूर रखना चाहिए

**● सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराखंड हाईकोर्ट को फटकार लगाई।**

**● 'जब सुप्रीम कोर्ट किसी मामले में व्यस्त हो तो उच्च न्यायालयों को अपना हाथ दूर रखना चाहिए. ' यह टिप्पणी सुप्रीम कोर्ट ने की है**



**ब्यूरो प्रयागराज।** सर्वोच्च न्यायालय ने कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में अवैध निर्माण और पेड़ों की कटाई के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय में लंबित कार्यवाही के दौरान पारित किए गए मंजूरी आदेश पर रोक लगाने और एक याचिका पर विचार करने के लिए उत्तराखंड उच्च न्यायालय की कड़ी आलोचना की है।

"निःसंदेह, उच्च न्यायालय एक संवैधानिक न्यायालय है और इस न्यायालय से कमतर नहीं है। हालाँकि, न्यायिक मामलों में, जब यह न्यायालय किसी मामले पर विचार कर रहा हो, तो उच्च न्यायालयों से अपेक्षा की जाती है कि वे इस मामले में हस्तक्षेप न करें," भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने उच्च न्यायालय के हस्तक्षेप पर अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा।

कॉर्बेट में कथित अवैध निर्माणों की केंद्रीय जाँच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा की जा रही जाँच की निगरानी कर रही शीर्ष अदालत ने कहा कि उसने पहले भी उत्तराखंड सरकार से अभियोजन की मंजूरी न देने पर सवाल उठाया था। 8 सितंबर, 2025 को अदालत की मौखिक टिप्पणियों के बाद, राज्य ने 16 सितंबर, 2025 को एक अधिकारी के ख़िलाफ़ अभियोजन की मंजूरी दे दी।

हालाँकि, मुख्य वन संरक्षक राहुल नामक उस अधिकारी ने बाद में उत्तराखंड उच्च न्यायालय में एक रिट याचिका दायर कर मंजूरी आदेश को चुनौती दी। उच्च न्यायालय ने 14 अक्टूबर, 2025 को मामले को स्वीकार कर लिया और मंजूरी आदेश के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी। इस पर आपत्ति जताते हुए, सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी की कि इस तरह का कदम उसकी चल रही कार्यवाही में "वस्तुतः हस्तक्षेप" है।

पीठ ने कहा, "हम श्री राहुल और उत्तराखंड उच्च न्यायालय के रुख से बेहद व्यथित हैं।" पीठ ने यह भी बताया कि अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के ज़रिए सुप्रीम कोर्ट की कार्यवाही पर नज़र रख रहे थे और उच्च न्यायालय का रुख़ करने से पहले ही उन्हें घटनाक्रम की पूरी जानकारी थी।

न्यायालय ने कहा कि यदि अधिकारी को लगता है कि किसी भी अवलोकन या निर्देश से उसके प्रति पूर्वाग्रह है, तो उसे उच्च न्यायालय में अलग से याचिका दायर करने के बजाय सर्वोच्च न्यायालय में चल रही कार्यवाही में हस्तक्षेप करना चाहिए था।

यह मानते हुए कि उच्च न्यायालय को इस याचिका पर विचार करने से बचना चाहिए था, सर्वोच्च न्यायालय ने निर्देश दिया कि उच्च न्यायालय के समक्ष लंबित रिट याचिका को वापस ले लिया जाए और उसे अपने पास स्थानांतरित कर लिया जाए।

सर्वोच्च न्यायालय ने उत्तराखंड उच्च न्यायालय के 14 अक्टूबर, 2025 के आदेश पर भी रोक लगा दी और राहुल को 11 नवंबर, 2025 को न्यायालय में उपस्थित होने तथा कारण बताने के लिए नोटिस जारी किया कि उनके खिलाफ अवमानना कार्यवाही क्यों न शुरू की जाए।

वनों से संबंधित टी.एन. गोदावर्मन मामले के तहत सर्वोच्च न्यायालय में की गई कार्यवाही, कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के अंदर बड़े पैमाने पर अवैध निर्माण और पेड़ों की कटाई के आरोपों से संबंधित है, जिसके लिए सीबीआई ने पहले ही एक प्राथमिकी दर्ज कर ली है और सर्वोच्च न्यायालय को प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत कर रही है।

न्यायालय कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में कथित अवैध निर्माणों की सीबीआई जांच की निगरानी कर रहा है. सुप्रीम कोर्ट ने पहले अभियोजन की अनुमति न देने के लिए राज्य सरकार से सवाल किया था. पिछले महीने मामले में टिप्पणियों के बाद राज्य सरकार ने 16 सितंबर को एक अधिकारी के खिलाफ अभियोजन की अनुमति दे दी. हालांकि, उक्त अधिकारी राहुल ने इस अनुमति आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की

## भोजपुरी एक्टर रवि किशन शुक्ला को गोली मार दूंगा', बीजेपी सांसद के सचिव को बिहार से आया फोन




बिहार विधानसभा चुनाव के बीच भोजपुरी एक्टर और भारतीय जनता पार्टी से गोरखपुर के सांसद रवि किशन शुक्ला को जान से मारने की धमकी दी गई है. बताया जा रहा है कि बिहार के रहने वाले एक शख्स ने फोन कर उन्हें जान से मारने की धमकी दी है. इस मामले में बीजेपी सांसद के सचिव ने गोरखपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से शिकायत की है. पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है पुलिस जांच में पता चला है कि आरोपी ने खुद को बिहार के आरा जिले के जवनिया गांव का निवासी अजय कुमार यादव बताया है. उसने बीजेपी सांसद के निजी सचिव शिवस द्विवेदी को फोन लगाया था. पहले उसने फोन पर अभद्रता की, फिर रवि किशन शुक्ला गोली मारने की धमकी दी. इस बीच आरोपी ने छपरा से आरजेडी उम्मीदवार और भोजपुर एक्टर खेसारी लाल यादव का समर्थन भी किया. फिलहाल पुलिस ने बीजेपी सांसद के सचिव की शिकायत पर मामले की जांच शुरू कर दी है. पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपी को ट्रेस कर उसे पकड़ लिया जाएगा।

**'यादवों पर टिप्पणी करते हैं इसलिए गोली मार दूंगा'**

पुलिस को दी शिकायत में बीजेपी सांसद के निजी सचिव शिवस द्विवेदी ने बताया कि उनके पास एक फोन आया था. इस दौरान फोन करने वाले शख्स ने बताया कि वह बिहार के आरा जिले के जवनिया गांव का निवासी अजय कुमार यादव है. आरोपी ने रवि किशन को जान से मारने की बात कही है बल्कि अभद्र भाषा का भी इस्तेमाल किया है. आरोपी अजय यादव ने फोन पर कहा, 'रवि किशन यादवों पर टिप्पणी करते हैं, इसलिए मैं उन्हें गोली मार दूंगा।'

## संक्षिप्त ख़बरें

### सडक़ के गड्ढे बनी वाहन सवारों के लिए मुसीबत



सडक़ का गड्ढे।

**पूराबिरधा (तालबेहट):** पूरा बिरधादूतालबेहट संपर्क मार्ग पर स्थित बुढ़े की पुलिया इन दिनों किसी बड़े हादसे को आमंत्रण देती नजर आ रही है। हल्की सी बरसात में ही पुलिया की मिट्टी व गिट्टियां बह जाने से तीन-तीन जगह गहरे गड्ढे हो चुके हैं। इनमें से एक गड्ढा इतना विशालकाय है कि किसी भी भारी वाहन के गुजरने पर पुलिया के धंस जाने का खतरा मंडरा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिया की मरम्मत लंबे समय से नहीं हुई, जिससे नीचे की मिट्टी पूरी तरह कट चुकी है। बरसात का पानी भीतर से निकासी मार्ग बनाते हुए पुलिया को खोखला कर चुका है। लोगों ने प्रशासन से जल्द से जल्द मरम्मत कार्य कराए जाने की मांग की है, ताकि किसी अप्रिय हादसे से बचा जा सके। फिलहाल इस पुलिया से भारी वाहनों का गुजरना खतरे से खाली नहीं है।

### वीणा वादिनी विद्यालय में आयोजित हुआ कार्यक्रम



**तेरईफाटक।** वीणा वादिनी बालिका इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय एकता दिवस एवं सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। प्रधानाचार्य मनोज कुमार तिवारी ने कहा कि सरदार पटेल अदम्य साहस और राष्ट्रनिष्ठा के प्रतीक थे, जिन्होंने अखंड भारत की नींव रखी। कार्यक्रम में चौकी प्रभारी मानवेन्द्र सिंह ने विद्यार्थियों को नए कानूनों की जानकारी दी। इस मौके पर रमा तिवारी, महेंद्र सिंह परिहार, ओमप्रकाश राजपूत सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## कनाडा में भारतीय मूल के व्यक्ति को हत्या के जुर्म में 25 साल की कैद

**● रिपोर्ट में कहा गया है कि तीनों दोषियों ने 38 वर्षीय विशाल वालिया की गोली मारकर हत्या करने के बाद एक वाहन को आग लगा दी थी।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

कनाडा की एक अदालत ने 2022 के हत्या के एक मामले में भारतीय मूल के एक व्यक्ति को 25 साल कैद की सजा सुनाई है। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। 'सिटी न्यूज़' की एक खबर के अनुसार, ब्रिटिश कोलंबिया के सर्वोच्च न्यायालय की एक जूरी ने मंगलवार को बलराज बसरा को हत्या और आगजनी का दोषी ठहराया।

'सीबीसी' की बुधवार की रिपोर्ट के अनुसार, एकीकृत हत्या जांच दल (आईएचआईटी) का कहना है कि बसरा 17 अक्टूबर 2022 को ब्रिटिश कोलंबिया विश्वविद्यालय की ज़मीन पर स्थित एक गोल्फ क्लब में विशाल वालिया की गोली मारकर हत्या के मामले में दोषी ठहराया जाने



वाला तीसरा व्यक्ति है। दो अन्य दोषियों, इकबाल कांग और डी बैपटिस्ट को पहले ही सजा सुनाई जा चुकी है। रिपोर्ट के अनुसार, कांग को 17 साल की जेल और आगजनी के लिए पांच साल की अतिरिक्त सजा सुनाई गई थी, जबकि बैपटिस्ट को 17 साल तक बिना पैरोल के आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी।

रिपोर्ट में कहा गया है कि तीनों दोषियों ने 38 वर्षीय विशाल वालिया की गोली मारकर हत्या करने के बाद एक वाहन को आग लगा दी थी। खबर के अनुसार, वैंकूवर पुलिस विभाग (वीपीडी) के अधिकारियों ने तुरंत ही संदिग्धों की पहचान कर ली थी। आरोपी घटनास्थल से फरार हो गए थे।

## रोड-नाली पर अवैध कब्जा सोनभद्र के बभनौली में आवागमन बाधित, अधिकारी मौन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र।** नगर पालिका परिषद राबर्ट्सगंज के वार्ड नंबर 16, बभनौली में एक दबंग द्वारा सार्वजनिक रोड और नाली की जमीन पर अवैध तरीके से नए मकान का निर्माण किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि इस अवैध कब्जे के कारण पीछे की लिंक रोड पर रहने वाले दर्जनों परिवारों का आवागमन पूरी तरह से बाधित होने के कगार पर है, लेकिन बार-बार शिकायत के बावजूद संबंधित अधिकारी कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। बभनौली में निर्माणाधीन मकान एक आरसीसी रोड से सटा हुआ है। इस आरसीसी रोड से सटी हुई पश्चिम दिशा में एक कच्ची लिंक रोड है, जिस पर कई लोगों के मकान बने हैं और वे निवास करते हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि मकान मालिक सविता सिंह पत्नी मिसिला सिंह द्वारा फ्रंट पर ही नाली और रोड की जमीन को जबरन कब्जा किया जा रहा है। निवासियों का कहना है कि यदि फ्रंट पर ही अवैध कब्जा हो गया, तो पीछे की लिंक रोड पर रहने वालों का रास्ता पूर्ण रूप से रुक जाएगा। अवैध निर्माणकर्ता द्वारा दोनों तरफ लगभग चार से पांच फीट ऊँचा बार्जा (छज्जा) निकाला जा रहा है। इस बार्जे के कारण भविष्य में गली इतनी संकरी हो जाएगी कि कोई भी बड़ी गाड़ी, जैसे एम्बुलेंस या आपातकालीन वाहन, पीछे के मकानों तक नहीं पहुँच पाएगी। इससे लगभग दर्जनों मकान मालिकों को भारी खामियाजा भुगतना पड़ेगा। पीड़ित राहुल कुमार जायसवाल पुत्र मंगरु प्रसाद (निवासी वार्ड नंबर 16 बभनौली) ने इस अवैध निर्माण को रोकने के लिए कई बार प्रशासनिक दरवाजे खटखटाए हैं।उन्होंने 31/05/2025 और 20/06/2025 को अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद राबर्ट्सगंज को अवैध निर्माण और गलत तरीके से बार्जा निकालने के संबंध में शिकायतें दीं।26/06/2025 को उन्होंने जनसुनवाई पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई। जब स्थानीय स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं हुई, तो थक हारकर पीड़ित ने उप जिलाधिकारी, सोनभद्र को भी प्रार्थना पत्र के माध्यम से समस्या से अवगत कराया, इस आशा के साथ कि दोषियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई हो। सबसे चिंताजनक बात यह है कि प्रशासनिक जांच में भी शिकायत सही पाई गई है, फिर भी निर्माण नहीं रोका गया। कार्यक्षेत्र से संबंधित लेखपाल ने सेल फोन पर बातचीत में इस बात की पुष्टि की है कि सविता सिंह द्वारा कराया जा रहा निर्माण कार्य गलत तरीके से हो रहा है और पीड़ित द्वारा लगाए गए सभी आरोप सही हैं।

पीड़ित द्वारा आईजीआरएस पर की गई शिकायत के निस्तारण के लिए नगर पालिका परिषद राबर्ट्सगंज के अतिक्रमण प्रभारी ने स्थलीय निरीक्षण किया। उनकी आख्या में भी इस कथन की पुष्टि की गई कि संदर्भित स्थल पर मार्ग की ओर बढ़कर निर्माण कार्य कराया जा रहा था, जिससे आवागमन बाधित होने की पूर्ण संभावना है। बावजूद इसके, उक्त दबंग द्वारा निर्माण कार्य अनवरत जारी रखा गया और आज की स्थिति यह है कि निर्माण कार्य पूर्ण होने के कगार पर है। पीड़ित राहुल जायसवाल और अन्य निवासियों का आरोप है कि जब जिला प्रशासन के अधिकारियों को अवैध निर्माण



की पुष्टि है, तो वे आखिर क्यों मौन हैं? उन्होंने सवाल उठाया है कि क्या किसी एक व्यक्ति के प्रभाव में आकर कई लोगों के आवागमन को बाधित करने का कार्य किया जा रहा है, और क्या यह उचित है। पीड़ितों ने चेतावनी दी है कि यदि संबंधित अधिकारियों द्वारा इस प्रकरण को संज्ञान में लेकर उचित कानूनी कार्यवाही नहीं की गई और अवैध निर्माण को नहीं रोका गया, तो वे सभी संबंधित अधिकारियों के खिलाफ धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। उन्होंने स्पष्ट किया है कि इसकी पूरी जिम्मेदारी इस प्रकरण से संबंधित विभागीय अधिकारियों की होगी।

## डॉक्टर का आरोप- फ़र्ज़ी एनकाउंटर की पोस्टमार्टम रिपोर्ट को लेकर दबाव बनाती है यूपी पुलिस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज** उत्तर प्रदेश के शामली के एक सरकारी डॉक्टर ने पुलिस पर फर्जी मुठभेड़ों को लेकर चिकित्सकों पर पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हेराफेरी करने का दबाव बनाने का आरोप लगाया है.टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, शामली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर दीपक चौधरी ने चोरी के एक मामले में कथित 'पुलिस निष्क्रियता' पर सवाल उठाते हुए कहा, 'पुलिस 20 गोलियों के घावों से छलनी शव लाती है और हमें पोस्टमार्टम रिपोर्ट में केवल एक चोट दर्ज करने के लिए मजबूर करती है।'

उन्होंने कहा कि ऐसे मुठभेड़ मामलों में मारे गए शवों पर अक्सर गोली के घावों के आसपास कालापन दिखाई देता है. एक फॉरेंसिक विशेषज्ञ ने नाम न छापने की शर्त पर अखबार को बताया, 'गोली के घाव के आसपास कालापन साफ तौर पर दर्शाता है कि गोलियां बिल्कुल नजदीक से चलाई गई थीं।'

मालूम हो कि यह पुलिस के उन बयानों के उलट है जिनमें आमतौर पर कहा जाता है कि 'अपराधियों ने पुलिस पर गोलियां चलाई और जवाबी कार्रवाई में अपराधी घायल हो गए और बाद में अस्पताल में गोली लगने से उनकी मौत हो गई।'

इस संबंध में शामली के एसपी एनपी सिंह ने डॉक्टर चौधरी के आरोपों को 'निराधार' बताते हुए खारिज कर दिया.उन्होंने कहा, 'सभी मुठभेड़ मामलों को सुप्रीम कोर्ट के दिशानिर्देशों के अनुसार सख्ती से निपटाया जाता है. पोस्टमार्टम अनिवार्य वीडियोग्राफी के साथ डॉक्टरों के एक पैनल द्वारा किया जाता है.'उन्होंने आगे कहा कि रिकॉर्ड के अनुसार, चौधरी को जिला अस्पताल के पोस्टमॉर्टम पैनल में कभी नियुक्त ही नहीं किया गया, क्योंकि वह सीएचसी में तैनात हैं।

बताया जा रहा है कि चौधरी ने बुधवार को कोतवाली थाने के बाहर स्वास्थ्यकर्मियों के एक विरोध प्रदर्शन के दौरान ये आरोप लगाए.प्रदर्शनकारी स्वास्थ्य कर्मियों का आरोप है कि डॉक्टर चौधरी के सरकारी आवास से 21 अक्टूबर को हुई 5 लाख रुपये की चोरी के मामले में पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई।

डॉक्टर चौधरी के बताया कि वह त्योहार मनाने घर गए थे और लौटने पर उन्हें चोरी का पता चला. चोरों ने कथित तौर पर खिड़की की ग्रिल हटाकर घर में सेंध लगाई और कैश व सरकारी दस्तावेज चुरा लिए।

चौधरी का कहना है कि उनका लीवर की बीमारी का इलाज चल रहा है और उन्हें ट्रांसप्लांट की ज़रूरत पड़ सकती है, इसलिए उन्होंने यह कैश मेडिकल इमरजेंसी के लिए रखा था.उन्होंने कहा, 'मामले की जांच करने के बजाय अधिकारी मुझसे पैसों के स्रोत के बारे में पूछताछ कर रहे हैं, जिससे अपराधियों की बजाय मुझ पर ही ध्यान केंद्रित हो रहा है।

इस मामले में सर्कल ऑफिसर (सीओ) (सिटी) अमरदीप मौर्य द्वारा यह आश्वासन दिए जाने के बाद कि समर्पित टीमें गठित कर दी गई हैं और एक हफ्ते के भीतर मामले का खुलासा कर दिया जाएगा,



चिकित्साकर्मियों का धरना समाप्त हुआ.पुलिस की मानें, तो इस संबंध में बीएनएस की धारा 305ए (चोरी) और 331(3) (घर में जबरन घुसना) के तहत पहले ही एक एफआईआर दर्ज कर ली गई थी. गौरतलब है कि शामली में अक्टूबर में दो पुलिस मुठभेड़ हुईं, जिनमें दो वांछित अपराधी मारे गए.वहीं, 2017 से अब तक उत्तर प्रदेश में 15,726 मुठभेड़ें दर्ज की गई हैं, जिनमें 256 लोग मारे गए और 10,324 घायल हुए हैं.मेरठ ज़ोन, जिसमें शामली भी शामिल है, 4,453 मुठभेड़ों, 85 लोगों की मौत और 3,131 लोगों के घायल होने के साथ सूची में सबसे ऊपर है।

## वॉलीबॉल मैच के दौरान हुए झगड़े को लेकर युवक की हत्या

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले के नयी मंडी क्षेत्र में बृहस्पतिवार को वॉलीबॉल मैच के दौरान हुए झगड़े में 19 साल के एक युवक की चाकू गोद कर हत्या कर दी गयी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने बताया कि नई मंडी थाना क्षेत्र स्थित माघाखेड़ी गांव में वॉलीबॉल मैच के दौरान हुए झगड़े में कुछ युवकों ने 19 साल के पारस को चाकू से प्रहार करके गम्भीर रूप से घायल कर दिया।

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और पारस को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि पारस का वॉलीबॉल मैच के दौरान कुछ युवकों से झगड़ा हुआ था। जब वह अपने घर पहुंचा तो पीछे से कुछ युवक पहुंच गये और उस पर चाकू से हमला कर दिया। कुमार ने बताया कि पारस के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले की जांच की जा




रही है। उधर, मुजफ्फरनगर से सटे शामली जिले में बृहस्पतिवार की शाम अज्ञात हमलावरों में एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी।

अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह ने संवाददाताओं को बताया कि शामली जिले के झिंझाना क्षेत्र के खेड़ा भाऊ गांव में एक बाग के पास 26 साल के मनीष कुमार नामक युवक को गोली मार दी। उसे अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। हमलावरों की पहचान की कोशिश की जा रही है और हत्या के कारणों की जांच जारी है। सिंह ने बताया कि एहतियात के तौर पर गांव में पुलिस बल को तैनात किया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### नाबालिक लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में मुकदमा दर्ज



**बस्ती।** बस्ती जिले में पुलिस की निष्क्रियता से जिले में दूसरे धर्म के लोगों द्वारा नाबालिक लड़कियों फसा कर अपहरण कर करके धर्म परिवर्तन करने का धंधा जोरों पर चल रहा है जबकि कई मामले से पकड़े गए फिर भी पुलिस सक्रिय नहीं हो पा रही है ऐसे लोगों को हिंदू लड़कियों का उत्पीड़न कर रहे दूसरे धर्म के लोगों द्वारा प्रशासन का ढीलापन इनको पुलिस द्वारा द्वारादुबौलिया थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने लड़की के पिता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पिता ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनकी नाबालिग बेटी को शादी का झांसा देकर फुसलाया गया।उन्होंने आरोप लगाया कि धर्म परिवर्तन की नीयत से उसे अपने साथ ले जाया गया है। इस मामले को लेकर विश्व हिंदू महासंघ के जिला उपाध्यक्ष सौरभ चतुर्वेदी उर्फ नितिन चौबे पूर्व प्रधान और दुबौलिया के ब्लॉक अध्यक्ष सतीश पांडेय ने दुबौलिया थानाध्यक्ष से मुलाकात की।उन्होंने मामले में कठोर कार्रवाई की मांग की। थानाध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू ने बताया कि प्रार्थना पत्र के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। उन्होंने जानकारी दी कि मामले की जांच क्षेत्राधिकारी कलवारी द्वारा की जा रही है। भाजपा टीम 11 के सदस्य सुनील सिंह, विनोद चौधरी, दिलीप पांडेय, भोलू सिंह, वरुण सिंह और राजकुमार शुक्ला ने भी थानाध्यक्ष से मुलाकात की थी। उन्होंने भी मामले में उचित कार्रवाई करने की मांग की।

### थाना हरैया द्वारा पुलिस पाठशाला का हुआ आयोजन



### मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को किया गया जागरूक

**बलरामपुर हरैया सतघरवा।** बलरामपुर मिशन शक्ति के पंचम चरण के तहत प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व मे एंटी रोमियो टीम व मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत कन्या इंटर कालेज तथा कस्बा हरैया में बालक बालिकाओं को जागरूक किया गया। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, ट्रैफिक रूल्स , प्रमुख हेल्पलाइन नंबर आदि के बारे में बताया गया। प्रभारी निरीक्षक ने बच्चियों को बताया कि सभी छात्राएं अपनी शक्ति को पहचाने थाने में मिशन शक्ति केंद्र बनाया गया है जिसमें महिलाएं और छात्राएं अपनी बातें महिला आरक्षी को बताएं किसी भी दशा में आप लोग कमजोर नहीं है। आज देश की बेटियां हवाई जहाज उड़ा रही है रेलगाड़ी चला रही हैं। सेना सहित सरकारी विभागों में सेवा दे रही है। इस अवसर पर उप निरीक्षक विनित सिंह, मुख्य आरक्षी अभिमन्यू यादव,संजय गुप्ता,विजय विश्वाकर्मा,कौशल यादव महिला आरक्षी पूजा,कीर्ति सिंह तथा लक्ष्मी आदि मौजूद रहे।

### लौहपुरुष सरदार पटेल को किया गया नमन

**जिलाधिकारी ने शहीद की पत्नी को 50 लाख रूपये की प्रदान की अनुग्रह राशि**

**देवरिया।**लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया।इस अवसर पर जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने सरदार पटेल की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। जिलाधिकारी ने कहा कि सरदार पटेल का जीवन राष्ट्रीय एकता, अखंडता और समर्पण की अमिट मिसाल है। देश के एकीकरण में उनका योगदान अविस्मरणीय है। हमें उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शहीद भारतीय सेना के वीर जवान आशुतोष कुमार मिश्र निवासी ग्राम मैलौटा की पत्नी को 50 लाख रूपये की अनुग्रह धनराशि प्रदान कर सम्मानित किया तथा उनका कुशलक्षेम जाना। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), मुख्य राजस्व अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एकता दिवस के रूप में भव्यता पूर्ण मनाया गया लौहपुरुष का जन्मदिवस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता







**अम्बेडकरनगर।** भारत रत्न लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती एकता दिवस पर शुक्रवार को भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी के मार्गदर्शन एवं जिला महामंत्री दिलीप पटेल देव के संयोजन में जनपद के सभी बूथों पर श्रद्धा पूर्वक सरदार पटेल के मूर्ति और चित्र पर माल्यार्पण कर मनाया गया। सरदार पटेल की जयंती पर पुलिस लाइन से निकली सद्भावना पद यात्रा में मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश मंत्री अर्चना मिश्रा के नेतृत्व में भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं के साथ ही जिला एवं पुलिस प्रशासन के लोगों की सहभागिता सद्भावना यात्रा में रही।

**निकाली गई सद्भावना रैली**

पुलिस लाइन से निकली सद्भावना पद मार्च पटेल नगर स्थित सरदार बल्लभ भाई पटेल की मूर्ति पर माल्यार्पण के साथ सम्पन्न होने के बाद मुख्य अतिथि अर्चना मिश्रा ने कहा कि सरदार बल्लभ भाई पटेल जी का जन्म 31 अक्टूबर 1875 को गुजरात के नडियाद गांव में हुआ था। ग्रामीण परिवेश से चलते उनका विवाह 11- 12 वर्ष की अल्प आयु में जावेरी बाई के साथ सम्पन्न हुआ। सन् 1909 में उनकी पत्नी का निधन हो गया था। सन् 1910 में बल्लभ भाई बैरिस्टरी की पढ़ाई पूरी करने के लिए लंदन चले गए थे। कांग्रेस पार्टी ने उनके साथ न्याय नहीं किया उनको उचित स्थान नहीं दिया। कहा कि यदि सरदार पटेल देश के पहले प्रधानमंत्री होते तो आतंकवाद और कश्मीर समस्या न होती और आज देश विकसित हो चुका होता।

**भाजपा की सरकार ने दिया लौहपुरुष को उचित सम्मान**

भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी ने कहा कि 15 दिसंबर 1950 भारत के दुर्भाग्य का दिन था जब सरदार पटेल जी ने अन्तिम सांस लिया था। सरदार पटेल जी यदि और कुछ दिन जीवित रहते तो संभवतः भारत का चित्र कुछ और ही होता। देश की विभिन्न रियासतों को उन्होंने स्व प्रयास से भारत में विलय करवा कर भारत को वृहद रूप दिया था। वह लौह पुरुष थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आवाहन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने देश के कोने कोने से लौह संग्रह कर सरदार पटेल जी की विशाल मूर्ति गुजरात में स्थापित करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाया था। कहा कि सरदार पटेल जी को भाजपा सरकार में ही उचित सम्मान मिला।

**कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों के साथ अन्य नेताओं की रही उपस्थिति**

सरदार बल्लभ भाई पटेल जयंती पर विभिन्न क्षेत्रों में निकली सद्भावना पद मार्च और बूथों पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से एम एल सी डॉ हरिओम पाण्डेय पूर्व सांसद रितेश पाण्डेय, विधायक धर्म राज निषाद, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ मिथिलेश त्रिपाठी, कपिल देव वर्मा, राम प्रकाश यादव, ज्ञान सागर सिंह, यमुना प्रसाद चतुर्वेदी, रमा शंकर सिंह, विद्यावती राजभर,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुधीर सिंह मिंटू, चेयर मैन चंद्र प्रकाश वर्मा,ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि आनंद वर्मा, ब्लाक प्रमुख संजय सिंह, गौरव सिंह, जिला उपाध्यक्ष डॉ राना रणधीर सिंह, मनोज मिश्र, रमेश चंद्र गुप्ता, डॉ रजनीश सिंह, सुमन पाण्डेय,विमलेंद्र प्रताप सिंह मोनू, जिला महामंत्री बाबा राम शब्द यादव, अमरेंद्र कांत सिंह, सुरेश कन्नौजिया, जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय,जिला मंत्री दीपक तिवारी, संजय सिंह, चंद्रिका प्रसाद, विनय पाण्डेय, पंकज वर्मा, सुनील पासवान, डॉ धीरेंद्र प्रताप सिंह,जावेद मलिक, राजकुमार सेठ, जगदीश राजभर, गौरव श्रीवास्तव आदि शामिल रहे।

# ग्राम सचिव का निलंबन वापस नहीं होने पर विकास कार्य ठप सभी विकासखंडो पर धरना प्रदर्शन चालू

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले मेंग्राम विकास अधिकारी प्रियंका यादव के आकरण निलंबन के खिलाफ ग्राम पंचायत अधिकारी समन्वय समिति के अध्यक्ष अखिलेश शुक्ल ने निलंबन की निंदा करते हुए चेतावनी दी कि यदि निलंबन वापस नहीं लिया जाएगा तो सभी विकास खंडो में काम ठप और धरना चलता रहेगा ग्राम विकास अधिकारी व ग्राम पंचायत अधिकारी कर रहे हैं धरना अखिलेश शुक्ल ने कहां कि प्रियंका यादव ग्राम विकास अधिकारी साऊघाट को निलंबन की निंदा की सभी ब्लाकों पर ग्राम पंचायत सचिव ग्राम विकास अधिकारी द्वारा धरना देकर अधिकारियों को सोपा ज्ञापन कप्तानगंज, हरैया, विक्रमजोत, ग्राम पंचायत सचिवों द्वारा काम को ठप करते हुए धरना दिया जा रहा है ग्राम पंचायत सचिव मांगों को लेकर अड़े हैं कि जब तक ग्राम विकास अधिकारी का निलंबन वापस नहीं तब तक धरना चलता रहेगा धरने में ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद चौधरी, दृष्या सिंह, प्रिया सिंह, उदितांशु शुक्ल, ब्लॉक अध्यक्ष संदीप चौधरी राम सुरेश चौधरी राम सुभाष चौधरी प्रिया शुक्ल मनोज मिश्र रामजस वर्मा राम किशोर शर्मा सत्येंद्र चौधरी अनिल सिंह शैलेंद्र मणि त्रिपाठी सुभद्रा सिंह शौर्य शिप्रा सिंह नीरज निषाद अजय कुमार आशीष श्रीवास्तव प्रेम प्रकाश पांडे राम दरस राम रूप सिंह विजयपाल रूपम साहित तमाम ग्राम विकास सचिव ग्राम विकास अधिकारी धरना प्रदर्शन में मौजूद रहे।

## विकास खंड गैसड़ी में हैंडपंप रिबोर व मरम्मत में लाखों का खेल, ग्रामीणों ने उठाए सवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर-** विकास खंड गैसड़ी के अंतर्गत कई ग्राम पंचायतों में हैंडपंप रिबोर और मरम्मत के नाम पर लाखों रुपये का खेल चल रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, अधिकांश हैंडपंप महीनों से खराब पड़े हैं, लेकिन कागजों पर उनकी मरम्मत और रिबोर दिखाकर भुगतान कर दिया गया है। जिससे यह साफ जाहिर होता है कि पंचायत स्तर पर भारी भ्रष्टाचार हो रहा है। ग्राम पंचायतों में हैंडपंप मरम्मत के लिए सरकार हर वर्ष लाखों रुपये का बजट जारी करती है ताकि ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल मिल सके, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट है। कई गांवों में हैंडपंप या तो सूख चुके हैं या खराब अवस्था में हैं, फिर भी भुगतान के बिल तैयार कर लिए गए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि बिना किसी कार्य के फर्जी तरीके से रिबोर और मरम्मत का पैसा निकाला जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार उन्होंने प्रधान व संबंधित सचिव से शिकायत की, लेकिन किसी ने सुनवाई नहीं की। यहां तक कि कुछ स्थानों पर पुराने हैंडपंपों को "रिबोर किया गया" दिखाकर पैसे हड़प लिए गए। स्थानीय लोगों ने शासन-प्रशासन से जांच की मांग की है। यदि संबंधित विभाग द्वारा इस मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए तो करोड़ों रुपये के घोटाले का खुलासा हो सकता है। वहीं, जल निगम और पंचायतीराज विभाग की लापरवाही भी सवालों के घेरे में है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे सामूहिक रूप से आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का हुआ भव्य आयोजन

**●जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला, राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, पूर्व विधायक चंद्रप्रकाश मिश्र मटीयारी, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि सहित सैकड़ो कार्यकर्ता रहे शामिल**

**लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर दी गई भावपूर्ण श्रद्धांजलि**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अमेठी।** भारतीय जनता पार्टी, अमेठी द्वारा आज लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर "रन फॉर यूनिटी" कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः डाक बंगला, अमेठी से हुआ, जहाँ बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, खिलाड़ी, व्यापारी, युवा एवं नागरिकगण एकत्र हुए। कार्यक्रम के प्रारंभ में उपस्थित सभी जनों को "आत्मनिर्भर भारत" का संकल्प दिलाया गया। इसके पश्चात "रन फॉर यूनिटी" रैली का शुभारंभ अंबेडकर तिराहा से किया गया, जो गांधी चौराहा, हनुमान मंदिर होते हुए राजर्षि तिराहा से पुनः अंबेडकर तिराहा पर संपन्न हुई।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री मयकेश्वर शरण सिंह उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी, अमेठी के जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने की।दौड़ के उपरांत विजेता बालक एवं बालिकाओं को मुख्य अतिथि मयकेश्वर शरण सिंह द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए, जिससे प्रतिभागियों का उत्साह दोगुना हो गया।

मुख्य अतिथि मयकेश्वर शरण सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि "सरदार वल्लभभाई पटेल ने स्वतंत्र भारत की एकता और अखंडता की नींव रखी। 'रन फॉर यूनिटी' कार्यक्रम उनके राष्ट्रनिर्माण के संकल्प को याद करने का अवसर है, हमें उनके आदर्शों पर चलकर 'आत्मनिर्भर भारत' और 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के संकल्प को साकार करना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश आज उसी दिशा में आगे बढ़ रहा है।"जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने सम्बोधित करते हुए कहा कि "लौह पुरुष पटेल जी ने जिस भारत को एक सूत्र में पिरोया, वही आज हमारी प्रेरणा का स्रोत है। भाजपा कार्यकर्ता उनके विचारों से प्रेरणा लेकर समाज और राष्ट्रहित में निरंतर कार्य करते रहेंगे। 'रन फॉर यूनिटी' के माध्यम से अमेठी की जनता ने एकता, देशभक्ति और आत्मनिर्भरता का सशक्त संदेश दिया है। वहीं पूर्व विधायक गौरीगंज चंद्रप्रकाश मिश्र मटियारी ने कहा सरदार वल्लभभाई पटेल ने 562 रियासतों का भारत में विलय किया था। उनके प्रयासों से ही आज़ाद भारत की एकता और अखंडता की नींव रखी गई थी। हालाँकि, कुल 565 रियासतों में से जूनागढ़, हैदराबाद और जम्मू-कश्मीर जैसी कुछ रियासतों के विलय की प्रक्रिया बाद में अलग-अलग तरीकों से पूरी हुई,पटेल ने 562 रियासतों का भारतीय संघ में विलय सुनिश्चित किया।उन्होंने कूटनीति, दूरदर्शिता और दृढ़ संकल्प का उपयोग करके रियासतों को भारत में शामिल होने के लिए राजी किया। जम्मू-कश्मीर, जूनागढ़ और हैदराबाद रियासतें विलय की प्रक्रिया में शुरुआती चरण में शामिल नहीं हो पाई थीं।जूनागढ़ का विलय 9 नवंबर, 1947 को हुआ, जब वहां के नवाब पाकिस्तान भाग गए थे।हैदराबाद का विलय पुलिसिया कार्रवाई (ऑपरेशन पोलो) के बाद 1948 में हुआ।

जम्मू-कश्मीर का विलय बाद में एक अलग प्रक्रिया के तहत हुआ। "भाजपा प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि "रन फॉर यूनिटी" में जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी ,पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश मिश्र मटियारी, आशा बाजपेई, विषुव मिश्रा, सहित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, खिलाड़ी, व्यापारी, युवा एवं नागरिकगण बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए।सभी उपस्थित जनों ने देश की एकता, अखंडता और आत्मनिर्भरता का संकल्प लेते हुए अमेठी में "रन फॉर यूनिटी – एकता की दौड़" को एक ऐतिहासिक आयोजन बना दिया।

# मोदी जी ने नारी शक्ति के श्रम को सम्मान और आत्मनिर्भरता की दिशा दी - कलावती सिंह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत गुरुवार को जनपद मुख्यालय बडेवन स्थित एक होटल में भारतीय जनता पार्टी द्वारा महिला सम्मेलन का भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रहीं प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा एवं अध्यक्ष, महिला कल्याण निगम, उत्तर प्रदेश कलावती सिंह। विशिष्ट अतिथि के रूप में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सुनीता अग्रहरी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रोली सिंह ने की, जबकि संचालन का दायित्व जिला महामंत्री शालिनी मिश्रा ने निभाया। मुख्य अतिथि कलावती सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने महिलाओं के श्रम और सामर्थ्य को सम्मान देते हुए राष्ट्रनिर्माण में नारीशक्ति की भूमिका को नई ऊँचाई प्रदान की है। उन्होंने कहा कि "विजन-2047 : विकसित भारत" के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रत्येक भारतीय नारी को आत्मनिर्भर बनने का संकल्प लेना होगा। पं. दीनदयाल उपाध्याय जी के 'अंत्योदय' सिद्धांत को साकार करते हुए केंद्र और प्रदेश सरकार ने समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुँचाई है। उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना और किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं में महिलाओं को प्राथमिकता देकर उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाया गया है। विशिष्ट अतिथि सुनीता अग्रहरी ने कहा कि कोरोना काल में भारत ने आत्मनिर्भरता का अभूतपूर्व उदाहरण प्रस्तुत किया। भारत ने न केवल अपनी जरूरतें पूरी कीं बल्कि अन्य देशों की सहायता भी की, जो प्रधानमंत्री मोदी जी के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प का परिणाम है। उन्होंने कहा कि आज भारत की महिलाएँ आत्मबल और स्वदेशी के संकल्प से समाज को नई दिशा प्रदान कर रही हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र ने अपने संबोधन में कहा कि स्वदेशी अपनाना केवल आर्थिक मजबूती नहीं, बल्कि सांस्कृतिक गौरव की पुनर्स्थापना भी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे अपने दैनिक जीवन में स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करें और आत्मनिर्भर भारत अभियान को जन-जन तक पहुँचाएँ।कार्यक्रम के अंत में उपस्थित महिलाओं ने एक स्वर में संकल्प लिया कि वे स्वदेशी अपनाएँगी, आत्मनिर्भर बनेंगी और राष्ट्रनिर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाएँगी। साथ ही "बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ" अभियान की सफलता हेतु शुभकामनाएँ भी व्यक्त कीं इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष नेहा वर्मा, सुमन सिंह, ममता सिंह, शिवानी सिंह, अखण्ड प्रताप सिंह, अभिनव उपाध्याय, गौरव अग्रवाल, मीरा त्रिपाठी, निर्मला श्रीवास्तव, संध्या दीक्षित, प्रीती श्रीवास्तव, रेखा चित्रगुप्त, प्रवेश देवी, मंजू श्रीवास्तव, अमृत कुमार वर्मा, राजकुमार शुक्ल, दिव्यांशु दुबे, ई अभिषेक पाण्डेय, रवि तिवारी, धर्मेन्द्र जायसवाल सहित महिला मोर्चा की अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

# 3 दिन से लगातार बारिश होने से किसानो की धान की फसल बर्बाद बारिश होने के कारण किसानों को भारी नुकसान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिलेमें अचानक मौसम बदलने से तेज हवा और बारिश ने किसानों की धान की फसल को नुकसान पहुँचा है। कई किसानों की फसल कटाई शुरू हो गई थी, लेकिन बारिश के कारण खेतों में पानी भर गया है। इससे फसलें काफी नुकसान हुई किसानो की जमा पूंजी खेती पर आधारित है लगातार एक हफ्ते से बारिश होने के कारण फसल को भारी नुकसान हुआ है जिला प्रशासन या तहसील प्रशासन अभी तक फसल का नुकसान का आकलन नहीं कर रहा है जिसके चलते किसान मायूस नजर आ रहे हैं बस्ती जिले के रुधौली तहसील बस्ती सदर तहसील भानपुर तहसील हरैया तहसील किसानो की बारिश से धान की फसल को भारी नुकसान हुआ है कुछ किसान धान की फसल काटकर खेतों में सूखने के लिए रखे थे जो पानी से भीगने के कारण उसकी मलाई नहीं कर पाए क्षेत्र में अचानक बदले मौसम से क्षेत्र में तेज हवा के साथ बारिश हुई जिससे किसानों के लिए समस्या खड़ी कर दी है। बरसात से खेतों में धान की फसल खड़ी है तो कुछ किसानों की धान की फसल कटना शुरू हो गई। ऐसे में खेत मे बरसात का पानी भर जाने खड़ी फसल हवा से गिर जाने से काफी नुकसान हुआ है। धान की खड़ी फसलें तेज हवा के चलते खेत में लेट गई हैं। वहीं इससे किसान अपनी कमाई को बर्बाद होता देख परेशान हैं। किसानों का कहना है कि तेज हवा के साथ बारिश हुई। इस बीच खेत में तैयार धान की खड़ी फसल खेत में गिर गई। इससे किसानों की परेशानी बढ़ गई है। खड़ी फसल के खेत मे गिरने से काफी नुकसान होगा। ऐसे में फसल पककर तैयार हो चुकी खराब होने के डर से किसान खेत मे भरे पानी मे काटने को मजबूर हैं।

# एकता की दौड़ में बस्ती एकजुट - सरदार पटेल जयंती पर 'रन फॉर यूनिटी' का हुआ भव्य आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले में शुक्रवार को 'भारत रत्न' सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती के अवसर पर बस्ती में 'रन फॉर यूनिटी' का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय मंत्री एवं पूर्व एमएलसी विनोद पाण्डेय ने अमहट घाट स्थित सरदार पटेल पार्क से किया। उन्होंने सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और एकता दौड़ को हरी झंडी दिखाकर शास्त्री चौक के लिए रवाना किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र की अध्यक्षता रही। मुख्य अतिथि विनोद पाण्डेय ने कहा कि 'रन फॉर यूनिटी' का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रभक्ति और एकता की भावना को प्रबल करना है। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने 565 रियासतों का विलय कर भारत के एकीकृत स्वरूप का निर्माण किया, जो हम सभी के लिए प्रेरणादायी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गुजरात के केवड़िया में निर्मित स्टैच्यू ऑफ यूनिटी सरदार पटेल की स्मृति को जीवंत रखे हुए है और आज यह राष्ट्रीय प्रेरणास्थली बन चुकी है।जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र ने बताया कि बस्ती जनपद की सभी पांच विधानसभाओं में 8 से 10 किमी की पदयात्रा की तैयारी पूरी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि 12 नवम्बर को कप्तानगंज, 15 नवम्बर को बस्ती सदर, 17 नवम्बर को महादेवा, 19 नवम्बर को रुधौली तथा 20 नवम्बर को हर्रैया विधानसभा में यात्रा प्रस्तावित है।

यह यात्रा चार पड़ावों में पूरी होगी। प्रत्येक पड़ाव लगभग 2 किमी का होगा, जहां ठहरने, जलपान और भोजन की व्यवस्था रहेगी। रुधौली में दुबौली से रामनगर ब्लॉक तक, कप्तानगंज में दुबौला चौराहा से टिनिच तक, हर्रैया में चौबेपुर से आर.के.वी.एस. इंटर कॉलेज तक, महादेवा में रामजानकी इंटर कॉलेज से मथौली तक तथा बस्ती सदर में ओडवारा से मुण्डेरवा तक की यात्रा की रूपरेखा तय की जा चुकी है। कार्यक्रम का संयोजन राजकुमार शुक्ल ने किया। इस अवसर पर संजय चौधरी, विधायक अजय सिंह, पवन कसौधन, गोपेश्वर त्रिपाठी, सुशील सिंह, दयाराम चौधरी, संजय प्रताप जायसवाल, यशकांत सिंह, राकेश श्रीवास्तव, प्रमोद पाण्डेय, अनिल दुबे, भानु प्रकाश मिश्र, आशा सिंह, प्रत्युष सिंह, वैभव पाण्डेय, गिल्लम चौधरी, दिवाकर मिश्र, अभिषेक कुमार, दुष्यंत सिंह, दिलीप पाण्डेय, अखण्ड सिंह, सतेन्द्र सिंह भोलू, अंकुर वर्मा, गजेन्द्र मणि त्रिपाठी, अमृत कुमार वर्मा, अभिनव उपाध्याय, सुरेन्द्र सिंह, विनय यादव, अमरेश पाण्डेय, रोली सिंह, पप्पू शुक्ल, अलोक पाण्डेय, धर्मेन्द्र जायसवाल, शालिनी मिश्र, मनोज सिंह, ममता सिंह, शिवानी सिंह, गौरव अग्रवाल, पिन्टू सोनकर, गौरव मणि त्रिपाठी, रामानन्द नन्हे, अमित गुप्ता, अरविन्द श्रीवास्तव, वेदप्रकाश त्रिपाठी, दिलीप भट्ट, सतीश सोनकर, दिव्यांशु दुबे सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और नागरिक उपस्थित रहे।

# थाना अध्यक्ष अभिनेष कुमार ने नए भारत के नए कानून के बारे में लोगों को किया जागरूक

**●अंग्रेजों के जमाने से चले आ रहे कानून का नए भारत में हुआ अंत**

**चौराहों कस्बों में भ्रमणशील रहकर तथा कई विद्यालयों में गोष्टी करके नए कानून के बारे में दी गई जानकारी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**शुकुल बाजार अमेठी ।** थाना अध्यक्ष बाजार शुक्ल अभिनेष कुमार ने भ्रमणशील रहकर कस्बों ,चौराहों और विद्यालयों में जाकर लोगों को नए भारत के नए कानून की जानकारी दी जागरूक किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि नए कानून में महिलाओं के प्रति अपराध पर अब नहीं होगा कोई समझौता, गैंग रेप के मामलों में अब कम से कम 20 साल की सजा या आजीवन कारावास, झूठे वादे या पहचान छुपा कर यौन संबंध बनाना अब अपराध की श्रेणी में शामिल, 18 वर्ष से कम आयु की बच्चियों के मामले में आजीवन कारावास या मृत्युदंड। पहली बार भारतीय न्याय संहिता में दी गई आतंकवाद की व्याख्या, आतंकवाद को अब बनाया गया दंडनीय अपराध, अंग्रेजों के जमाने से चले आ रहे कानून का नए भारत में हुआ अंत। राजद्रोह कानून को पूरी तरह से किया गया निरस्त, मृत्यु दंड की सजा को अब आजीवन कारावास में ही बदला जा सकेगा, आजीवन कारावास को 7 वर्ष तक की सजा में बदला जा सकेगा और अपराध की सूचना प्राप्त होते ही घटनास्थल पर विचार किए बिना दर्ज करनी होगी जिरो एफआईआर, ई एफआईआर कार्रवाई में हुआ सुधार प्रक्रिया हुई तेज, छोटे अपराधों के लिए सामुदायिक सेवा भी हुई दंड के रूप में शामिल, संगठित अपराध के खिलाफ दांडिक धारा जोड़ी गई, सिंडिकेट की विधि विरुद्ध गतिविधि को बनाया गया दंडनीय, भारत की एकता और अखंडता के खिलाफ कृत नए प्रावधानों में शामिल, सशस्त्र विद्रोह विध्वंसक कृत्य एवं अलगाववादी गतिविधियां भी हुई शामिल, 7 वर्ष या उससे अधिक की सजा वाले सभी अपराधों में फोरेंसिक जांच अनिवार्य, सहित अन्य कानून के बारे में जानकारी दी गई । विद्यालयों में गोष्ठी कर बालक बालिकाओं जागरूक किया तथा आवश्यक हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। इस दौरान उप निरीक्षक सत्य प्रकाश तिवारी, दीवान रमेश यादव, हेड कांस्टेबल मयंक द्विवेदी, सहित अन्य पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

# संक्षिप्त खबरें

## "राष्ट्रीय एकता दिवस पर श्री गांधी महाविद्यालय में आयोजित यूनिटी मार्च"



**सिधौली** तहसील क्षेत्र के अंतर्गत श्री गांधी महाविद्यालय, सिधौली, सीतापुर में आज दिनांक 31 अक्टूबर को भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। इस उपलक्ष्य में महाविद्यालय परिसर से यूनिटी मार्च (पदयात्रा) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व महाविद्यालय के प्राचार्य श्री रवीन्द्र कुमार सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अजय वर्मा एवं डॉ. गोपाल सिंह सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। यूनिटी मार्च का मुख्य उद्देश्य राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं समरसता का संदेश समाज तक पहुँचाना रहा। प्राचार्य महोदय ने अपने प्रेरक संबोधन में सरदार पटेल के अद्वितीय योगदान और राष्ट्रीय एकीकरण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को उनके जीवन मूल्यों और आदर्शों को अपनाने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम शांतिपूर्ण और गरिमामय वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## टाइगर ऑपरेशन में वन दरोगा मुकद्दर अली सम्मानित



**माल।** माल क्षेत्र के वन दरोगा मुकद्दर अली को टाइगर आपरेशन में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। बीते कुछ महीनों पूर्व क्षेत्र में टाइगर के कहर से ग्रामीण दहशत में जी रहे थे।बच्चों के स्कूल से निकलना तक दूभर हो गया था। वन विभाग के द्वारा चलाए गए टाइगर आपरेशन में माल क्षेत्र के वन दरोगा मुकद्दर अली द्वारा उत्कृष्ट कार्य हेतु उप प्रभागीय वनाधिकारी के सेवानिवृत्त के अवसर पर अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक/मुख्य वन संरक्षक डॉ रेनू सिंह द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

## आरेडिका में राष्ट्रीय एकता शपथ एवं 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन



**लालगंज (रायबरेली):** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना (आरेडिका) में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्रा ने प्रधान विभागाध्यक्षों एवं विभागाध्यक्षों के साथ राष्ट्रीय एकता शपथ ग्रहण की। वहीं अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपने-अपने कार्यस्थलों पर उप मुख्य विभागाध्यक्षों के नेतृत्व में शपथ ली।आरेडिका खेलकूद संघ एवं कार्मिक विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 'रन फॉर यूनिटी' दौड़ का भी आयोजन किया गया, जिसमें अधिकारियों, कर्मचारियों, रेलवे सुरक्षा बल के जवानों, उत्तर प्रदेश पूर्व सैनिक कल्याण निगम लिमिटेड के सदस्य, बच्चे एवं महिलाएं उत्साहपूर्वक शामिल हुए। महाप्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्रा ने सभी प्रतिभागियों को राष्ट्र की एकता और अखंडता की शपथ दिलाई तथा सरदार पटेल के राष्ट्र निर्माण में योगदान और उनकी दूरदर्शिता पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता विवेक खरे, प्रधान वित्त सलाहकार बी.एल. मीना, प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता मनोज कुमार जिंदल, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी रवीश कुमार, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव, प्रधान मुख्य अभियंता एस.पी. यादव, प्रधान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आभा जैन, मुख्य सतर्कता अधिकारी एवं एसडीजीएम अकमल वदूद, प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रमेश चंद्र सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## आज खाटू श्याम जन्मोत्सव समारोह एवं विशाल भण्डारा आयोजित

**लालगंज (रायबरेली)।** क्षेत्र के ऐहार गांव स्थित बाबा बाल्हेश्वर मंदिर परिसर में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी शनिवार को एकादशी के अवसर पर श्री खाटू श्यामजी का जन्मोत्सव समारोह एवं विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मानव सेवा कल्याण समिति द्वारा किया गया, जिसमें भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी।समारोह में बाबा खाटू श्यामजी की दिव्य आरती एवं आल्हा गायन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# चोरों ने मजदूर के घर को बनाया निशाना नगदी व लाखों के जेवर समेटकर फरार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मलिहाबाद,लखनऊ।** लखनऊ कमिश्नरेट रहीमाबाद थाना क्षेत्र में अपराध का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। कहीं पुलिस किसी मामले में कार्रवाई नहीं कर रही है तो कहीं चोरी हो रही है तो रिपोर्ट दर्ज नहीं कर रहे है। ऐसे कई मामले उजागर हो चुके हैं। अब फिर चोरों ने एक मजदूर के घर को निशाना बनाते हुए नगदी व लाखों के जेवर समेटकर फरार हो गए। पुलिस ने अभी तक इस मामले में कोई भी कार्यवाही नहीं की है। वहीं ग्रामीणों में भव्य व्याप्त है। लोग पुलिस गस्त पर सवाल उठा रहे हैं।

रहीमाबाद थाना क्षेत्र के बडखोरवा गांव निवासी सुशील कुमार अपने परिवार के साथ लुधियाना में रहकर मजदूरी कर अपना जीवन यापन करते हैं। गांव में खेत को बटाई पर दे रखा है। शादी समारोह में उनकी पत्नी सुशीला तथा बेटा जितेंद्र गुरुवार को घर आए तो देखा कमरे का ताला टूटा था। वही अंदर रखें बक्सों के भी ताले टूटे थे और पूरा सामान कमरे में बिखरा पड़ा हुआ था। यह देख सभी दंग रह गए। इसकी जानकारी जितेन्द्र ने अपने पिता सुशील को दी। घर पहुंचे सुशील कुमार ने थाना रहीमाबाद पहुंचकर चोरी की तहरीर देते हुए बताया कि घर में रखें बहु सविता के सोने चांदी के जेवर, बेटी सुभाषिनी के जेवर व पचास हजार की नगदी तथा पत्नी के जेवर चोर समेटकर फरार हो गए हैं जिनकी कीमत दस लाख से अधिक है। इससे पूर्व रहीमाबाद थाने से चंद कदम दूरी पर कस्बे में चोरी हो चुकी है जिसका खुलासा अभी तक नहीं हुआ है। वहीं अब पुलिस को खुली चुनौती देकर चोर दसियों लाख के जेवरात समेटकर फरार हो गए। रहीमाबाद थाना क्षेत्र में बढ़ते अपराध को लेकर ग्रामीणों में स्थानीय पुलिस के प्रति विश्वास कम होता चला जा रहा है। अगर इसी तरह से क्षेत्र भर में चोरियां होती रही तो लोगों में भय का माहौल व्याप्त हो जाएगा और चोर ऐसे ही घरों को निशाना बनाते हुए चोरी की घटनाओं को अंजाम देते रहेंगे।

## 300 मीटर लंबा तिरंगा लेकर दौड़े पुलिसकर्मी रन फॉर यूनिटी का आयोजन, राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर** जनपद में देश के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर बुधवार को जिलेभर में 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया इस अवसर पर सीतापुर पुलिस ने शहर में एकता दौड़ का आयोजन किया, जिसमें पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल स्वयं महिला और पुरुष आरक्षियों के साथ दौड़े दौड़ की शुरुआत बहुगुणा चौराहे से हुई और लगभग 1.9 किलोमीटर की दूरी तय करने के बाद तरणताल परिसर में इसका समापन किया गया कार्यक्रम के दौरान एसपी अंकुर अग्रवाल ने सभी पुलिसकर्मियों को राष्ट्रीय एकता और अखंडता की शपथ दिलाई उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने जिस एकजुट भारत का सपना देखा था, उसी भावना को हमें अपने कार्यो से साकार करना है दौड़ के दौरान जगह-जगह लोगों ने पुलिस कर्मियों पर फूल बरसाकर उनका उत्साह बढ़ाया इस मौके पर एएसपी आलोक सिंह, सीओ सिटी विनायक भोसले, सीओ सदर नेहा त्रिपाठी सहित सैकड़ों पुलिसकर्मी मौजूद रहे उधर, भारतीय जनता पार्टी की ओर से भी रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया, जिसमें राज्यमंत्री बेसिक शिक्षा रजनी तिवारी सहित कई कार्यकर्ता और युवा शामिल हुए मंत्री रजनी तिवारी ने कहा कि सरदार पटेल ने देश की 562 रियासतों को एकजुट कर अखंड भारत की नींव रखी थी आज देश के युवाओं को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में विकसित भारत का जो सपना साकार हो रहा है उसमें युवाओं की भूमिका सबसे अहम है ऐसे आयोजनों से देश में एकता, अनुशासन और देशभक्ति की भावना मजबूत होती है!!

## रंजिश में महिला व उसके ससुर को पीटा

स्वतंत्र प्रभात ब्रेकिंग न्यूज़

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के सुआखेड़ा गांव में पुरानी रंजिश को लेकर चार लोगों एक महिला व उसके बुजुर्ग ससुर की पिटाई कर दी। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। गांव निवासिनी चंद्रावती ने बताया कि वह बुधवार की सुबह धान काट कर घर पहुंची, तभी गांव के ही राकेश, राहुल, कौशल्या व अंकिता ने गाली गलौज करते हुए उस पर हमला बोल दिया। आरोपियों ने उसकी जमकर लात घूँसो और डंडों से पिटाई कर दी। बचाने पहुंचे उसके ससुर गंगाप्रसाद को भी मारा पीटा। इससे दोनों को गंभीर चोटे आ गई। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि मामले में केस दर्ज कर कार्रवाई की गई।

## बक्सी का तालाब में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर रन 'फॉर यूनिटी': एसीपी ने झंडी दिखाकर किया रवाना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर बक्शी** का तालाब, 31 अक्टूबर लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की150वीं जयंती के उपलक्ष्य पर 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन थाना बक्शी का तालाब, चंद्रभानु गुप्त कृषि महाविद्यालय, एवं बक्शी का तालाब इंटर कॉलेज के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। इस अवसर पर सहायक पुलिस आयुक्त ज्ञानेंद्र सिंह ने झंडी दिखाकर मैराथन को सीतापुर रोड से रवाना किया। मैराथन का समापन भारतीय वायु सेना गेट पर हुवा। सहायक पुलिस आयुक्त ज्ञानेंद्र सिंह एवं बक्शी का तालाब इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य आदरणीय अशोक वाजपेई, चंद्रभानु गुप्त कृषि महाविद्यालय के खेल प्रशिक्षक राम प्रकाश सिंह द्वारा महिला एवं पुरुष वर्ग के प्रथम द्वितीय एवं तृतीय प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। रन फॉर यूनिटी में बक्शी का तालाब इंटर कॉलेज की राखी विश्वकर्मा को प्रथम, मनीषा राठौड़ को द्वितीय एवं शीतल गुप्ता को तृतीय स्थान मिला वहीं पर पुरुष वर्ग में बक्शी का तालाब इंटर कॉलेज के छात्र अर्पित गुप्ता को प्रथम, चंद्रभानु गुप्त कृषि महाविद्यालय के छात्र शिवा यादव को द्वितीय तथा बक्शी का तालाब इंटर कॉलेज के छात्र मुकेश सिंह को तृतीय स्थान मिला। मुख्य अतिथि सहायक पुलिस आयुक्त ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि सरदार वल्लभभाई पटेल एक महान पुरुष थे वह नाम और काम दोनों में लौह थे हम सभी लोगों का दायित्व है कि हम सब लोग मिलकर एक सशक्त भारत का निर्माण करें। बक्शी का तालाब इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अशोक बाजपेई ने सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन एवं कार्यों पर चर्चा की। कृषि महाविद्यालय के सह- आचार्य डॉ सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि श्रद्धेय बल्लभभाई पटेल जी जिन्हें हम सरदार पटेल जी के नाम से जानते हैं आज के दिन हम सभी भारतीय राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में इनका जन्मदिन मनाते है पटेल जी सबसे पहले भारत देश के प्रथम उप- राज्यपाल के रूप में कार्य कियाआपने किसानों के लिए संघर्ष किया। डॉ सिंह ने कहा कि पटेल जी ने सन 1918 में अंग्रेज सरकार के विरुद्ध खेड़ा संघर्ष किया जिसमें अंग्रेजी सरकार को झुकना पड़ा और किसानों को कर मुक्त कराया। आप किसानों जवानों और छात्रों के मसीहा है आपने 1947 भारत-पाक युद्ध में अहम भूमिका ग्रहमंत्री के रूप में निभाई। इस कार्यक्रम में बक्शी का तालाब थाने में राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर सब इंस्पेक्टर कैलाश दुबे,थाना बख्शी का तालाब के पुलिसकर्मीयो छात्र-छात्राओं तथा क्षेत्रीय नागरिकों ने हिस्सा लिया। रन फॉर यूनिटी में आये हुई सभीआगंतुकों एवं प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं को सब इंस्पेक्टर कैलाश दुबे ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## श्री शीतल प्रसाद इंटर कॉलेज मे लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की मनाई गई जयंती



### ● प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दिलाई गई राष्ट्रीय एकता की शपथ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

संवाददाता राजेश कुमार

**रायबरेली** गुरबख्शगंज सतांव विकासखंड अंतर्गत कोन्सा में स्थित श्री शीतल प्रसाद इंटर कॉलेज में विगत वर्षों की भांति विद्यालय प्रबंधन द्वारा लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्म जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बारी-बारी से उपस्थित सभी लोगों ने सरदार वल्लभभाई पटेल के द्वारा किए गए सराहनीय कार्यों पर चर्चा की गई प्रार्थना सभा के आयोजन में भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर के संविधान निर्माण में भी सरदार वल्लभ भाई पटेल की भूमिका पर विस्तृत प्रकाश डाला गया एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया तत्पर साथ रन फॉर यूनिटी का आयोजन भी किया गया जिसमें सभी छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया छात्र-छात्राओं में नीरज कुमार, प्रतिमा देवी, आफिया बानो, संजू देवी, करीना देवी, विद्यालय प्रबंधन में अध्यापक और अध्यापिकाओं मे राम प्रकाश, जगदीश प्रसाद सरोज, मोहनलाल, राहुल कुमार, आनंद मिश्रा, श्रीमती अंजू सिंह, अमित मोहन त्रिपाठी, सहित कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य राजकुमार पटेल भी उपस्थित रहे संवाद एवं विचार गोष्ठी के समापन पर प्रधानाचार्य राजकुमार पटेल जी ने कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं अध्यापक तथा अध्यापिकाओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी के सहयोग एवं प्यार से ही विद्यालय दिन प्रतिदिन ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है।

## पुलिस ने ग्रामीणों को दी नए कानूनों की दी जानकारी



जानकारी देते पुलिस कर्मी।

**पूरा बिरधा (तालबेहट)।** थाना पूरा कला पुलिस द्वारा नये कानून जागरूकता अभियान 2.0 के अंतर्गत कस्बा पूरा कला, ग्राम विजयपुरा एवं ग्राम चौबारा द्वमें चौपाल लगाई गई। इस दौरान पुलिस टीम ने ग्रामीणों को नये कानूनों जैसे ई-एफआईआर, जीरो एफआईआर सहित अन्य कानूनी सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। लोगों को बताया गया कि इन सुविधाओं से आम नागरिक अब कहीं से भी तत्काल शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

एसओ रमेश चन्द्र मिश्रा ने अपील की कि सभी लोग कानून की जानकारी रखें और किसी भी आपात स्थिति में इन सेवाओं का उपयोग करने से न हिचकें। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में कानूनी साक्षरता बढ़ाना और पुलिस सृजन सहयोग को मजबूत करना है।

## होमगार्ड राकेश सिंह का सेवानिवृत्ति समारोह धूमधाम से सम्पन्न



**लालगंज (रायबरेली)।** पुलिस चौकी लालगंज में तैनात होमगार्ड राकेश सिंह के सेवानिवृत्त होने पर शुक्रवार को एक भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया गया। सहकर्मियों और अधिकारियों ने उन्हें फूलमालाओं से सम्मानित करते हुए उनके दीर्घकालिक सेवाओं की सराहना की। समारोह में पी.सी. चैन मोहम्मद, महेश कुमार, मेजर बृजेन्द्र सिंह, विश्वनाथ तिवारी, मनोज कुमार, सर्वेश यादव, मान सिंह, राजहंस, छोटेलाल, रामेश्वर तिवारी, ताराचंद सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने राकेश सिंह के उज्ज्वल भविष्य और स्वस्थ जीवन की कामना की।

## तालगांव में %रन फॉर यूनिटी% का आयोजन

### ● सरदार पटेल जयंती पर कोतवाली प्रभारी आशीष तिवारी के नेतृत्व में हुई दौड।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**तालगांव सीतापुर** सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर तालगांव में %रन फॉर यूनिटी% कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तालगांव कोतवाली प्रभारी आशीष तिवारी के नेतृत्व में यह दौड़ परसेंडी ब्लॉक स्थित हायर सेकेंडरी स्कूल से शुरू हुई, जिसमें लगभग 200 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। करीब 1000 मीटर लंबी इस दौड़ में कोतवाली के महिला और पुरुष आरक्षी भी शामिल हुए। दौड़ का समापन परसेंडी रेलवे स्टेशन पर हुआ, जहां सभी प्रतिभागियों को फल, बिस्किट और पानी उपलब्ध कराया गया। कोतवाली प्रभारी आशीष तिवारी ने बताया कि पूरे देश में सरदार पटेल की जयंती को %राष्ट्रीय एकता दिवस% के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में देश की एकता और अखंडता के संकल्प को दोहराने के लिए %रन फॉर यूनिटी% का आयोजन किया गया। 31 अक्टूबर को भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर उनके अखंड भारत के सपने को सम्मान देने और देश की एकता व अखंडता के प्रति संकल्प को दोहराया जाता है। सरदार पटेल ने सैकड़ों रियासतों को भारतीय संघ में एकीकृत किया था, जो %एक भारत, श्रेष्ठ भारत% की भावना का प्रतीक है। कार्यक्रम के दौरान परसेंडी सीएचसी की मेडिकल टीम भी मौजूद रही, ताकि किसी भी आकस्मिक चिकित्सा आवश्यकता को पूरा किया जा सके। इस आयोजन को सफल बनाने में उप निरीक्षक राम केवल, वीरेंद्र मिश्रा, नूर मोहम्मद, नरसिंह यादव, कांस्टेबल राज, गिरीश, अर्जुन सहित कई महिला और पुरुष सिपाहियों ने सहयोग किया।

## डीएम ने दरी फैक्ट्रियों का किया निरीक्षण कारीगरों से बात करके जानी समस्या, ओडीओपी से मिलेगी बेहतर पहचान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर** जनपद सीतापुर में जिलाधिकारी राजागणपति आर ने शुक्रवार दोपहर को शासन की महत्वाकांक्षी योजना एक जनपद एक उत्पाद (ओडीओपी) के तहत जनपद की चयनित दरी इकाइयों का औचक निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सबसे पहले बदरुज्जमा, फखरुज्जमा और सदरुल्जमा की दरी फैक्ट्रियों पर पहुंचे, जहां उन्होंने दरी निर्माण की समूची प्रक्रिया का बारीकी से अवलोकन किया उन्होंने इकाई स्वामियों से बुनाई, रंगाई से लेकर पैकेजिंग तक की कार्यप्रणाली की जानकारी ली और उत्पादन की गुणवत्ता के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए इस दौरान जिलाधिकारी ने दरी उद्योग से जुड़े कारीगरों से संवाद करते हुए उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं के बारे में जानकारी प्राप्त की उन्होंने कहा कि जनपद का दरी उद्योग पारंपरिक हुनर का प्रतीक है और इसे वैश्विक पहचान दिलाने के लिए शासन की ओर से हर संभव सहयोग दिया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान मैसर्स आईएनसी रग्स के प्रतिनिधि ने जिलाधिकारी को जनपद में निर्मित दरियों के निर्यात संबंधी कार्यों की जानकारी दी जिलाधिकारी ने निर्यात को बढ़ावा देने के लिए गुणवत्ता मानकों का पालन सुनिश्चित करने और पैकेजिंग में नवाचार अपनाने के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि ओडीओपी योजना प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के साथ-साथ स्थानीय कारीगरों को आत्मनिर्भर बनाने का माध्यम है। दरी निर्माण से जुड़े उद्यमियों को प्रशिक्षण, विपणन और वित्तीय सहायता के माध्यम से और अधिक प्रोत्साहन दिया जाएगा जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनपद के पारंपरिक उत्पादों के प्रचार-प्रसार के लिए नियमित रूप से निरीक्षण एवं समीक्षा की जाए, ताकि स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में बेहतर पहचान मिल सके!!

## शैलेंद्र अग्निहोत्री बने अखिल भारतीय हिंदू महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष

### ● रतापुर स्थित होटल में हुआ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रायबरेली।** शहर के रतापुर स्थित एक प्रतिष्ठित होटल में शुक्रवार को अखिल भारतीय हिंदू महासभा का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर सरेनी के पूर्व कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख एवं वरिष्ठ समाजसेवी शैलेंद्र अग्निहोत्री को संगठन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी द्वारा प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया।कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी विजय नारायण भट्ट मुख्य अतिथि तथा राष्ट्रीय संयोजक अनिल कुमार शर्मा और महिला प्रदेश अध्यक्ष रेखा निषाद विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।मुख्य अतिथि ने शैलेंद्र अग्निहोत्री को बधाई देते हुए कहा कि संगठन को उनके नेतृत्व से नई दिशा और ऊर्जा मिलेगी। उन्होंने कहा, "संगठन को ऐसे कर्मठ और समर्पित कार्यकर्ता की आवश्यकता है जो समाज व सनातन परंपरा के लिए निष्ठा से कार्य करे। "नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेंद्र अग्निहोत्री ने संगठन के प्रति आभार जताते हुए कहा कि वे समाज सेवा और सनातन संस्कृति के संवर्धन के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि हिंदू महासभा अब तक पाँच राज्यों में अपने संगठन का विस्तार कर चुकी है और गौ रक्षा व सनातन संस्कृति के



संरक्षण हेतु निरंतर कार्यरत है।समारोह में राजेंद्र अवस्थी, पंकज मिश्रा, गंगेश चौरसिया, राजेश श्रीवास्तव, अजय मिश्रा, महेंद्र पांडेय, राहुल सिंह, जयशंकर शुक्ला, विभा द्विवेदी, डॉ. शिवेंद्र, डॉ. जितेंद्र मणि द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आजादी के बाद भारत की जो तस्वीर हम देखते हैं,एक मज़बूत, एकीकृत राष्ट्र, वह पटेल के लौह-संकल्प का परिणाम-प्राचार्य

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** अटल बिहारी वाजपेई नगर निगम डिग्री कॉलेज लखनऊ में राष्ट्रीय एकता दिवस भारतरत्न लौहपुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन। महाविद्यालय के सरदार ऊधम सिंह सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यवक्ता के रूप में इतिहास विभाग के अध्यक्ष डॉ. ओम प्रकाश पाण्डेय एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुभाष चन्द्र पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर अतिथियों , समस्त शिक्षकों एवं छात्र - छात्राओं द्वारा सरदार बल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर दीप प्रज्जलित कर पुष्पांजलि अर्पित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुभाष चन्द्र पाण्डेय ने सरदार पटेल के देश के प्रति किए गए योगदान को साझा करते हुए कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने अपने दृढ़ संकल्प, अडिग इच्छाशक्ति और नेतृत्व के प्रति सैद्धांतिक दृष्टिकोण के कारण 'भारत के लौह पुरुष' की उपाधि अर्जित की।

अपने पूरे राजनीतिक जीवन में, पटेल ने स्वतंत्रता संग्राम और स्वतंत्रता के बाद के शासन दोनों की चुनौतीपूर्ण मांगों को पूरा करने के लिए आवश्यक शक्ति और लचीलापन का उदाहरण दिया। आजादी के बाद भारत की जो तस्वीर हम देखते हैं, एक मज़बूत, एकीकृत राष्ट्र, वो दरअसल पटेल के लौह-संकल्प का परिणाम है। यही कारण है कि उन्हें न केवल ÷भारत का लौह पुरुष÷ कहा गया, बल्कि वे आज भी राष्ट्र-निर्माण के सबसे प्रेरणादायक स्तंभों में से एक माने जाते हैं। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता डॉ ओम प्रकाश पाण्डेय ने बताया कि भारत की आजादी के बाद जब पूरा देश रियासतों,



मतभेदह्यों और अस्थिरता के बीच दिशा खोज रहा था, तब सरदार वल्लभभाई पटेल दृढ़ता, निर्णय क्षमता और अटूट राष्ट्रभक्ति का प्रतीक बनकर खड़े हए। सरदार पटेल एक ऐसे नेता थे, जिन्होंने न तलवार से, न जंग से, बल्कि अपनी अटल इच्छाशक्ति और राजनीतिक बुद्धिमत्ता से 562 रियासतों को एकजुट कर भारत को अखंड बनाया। कार्यक्रम का संचालन इतिहास विभाग के सहायक आचार्य जागेश्वर प्रसाद सिंह ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी शिक्षक व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## अटल बिहारी वाजपेई नगर भिारत विकास परिषद ने 'स्मृति वन' के रूप में किया 51 पौधों का वृक्षारोपण,गौ सेवा और हनुमान चालीसा का भी हुआ पाठ

**मलिहाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, भारत विकास परिषद समर्पण शाखा जानकीपुरम ने शुक्रवार को श्री गोपेश्वर गौशाला में 'स्मृति वन' के रूप में लगभग 51 औषधीय और फलदार पौधों का वृक्षारोपण किया। इस पुनीत कार्यक्रम में समर्पण शाखा के 30 सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी की, जिसका उद्देश्य गौशाला परिसर को हरा-भरा बनाना और पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।बीवीपी समर्पण शाखा की ओर से अध्यक्ष सर्वेश खरे, सचिव जयमल राजपूत, कोषाध्यक्ष अनिल गुप्ता और कार्यक्रम संयोजक डीसी मौर्य सहित लगभग 30 सदस्यों ने मिलकर गौशाला परिसर में विभिन्न प्रकार के औषधीय और फलदार पौधों का रोपण किया। इन पौधों को 'स्मृति वन' का रूप दिया गया है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए एक हरित विरासत साबित होंगे।

गौ सेवा और धार्मिक अनुष्ठान वृक्षारोपण के बाद, परिषद के सदस्यों ने धार्मिक और सेवा कार्यों में भी हिस्सा लिया। सदस्यों ने श्री चिंता हरण हनुमान जी महाराज के मंदिर में सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया। गौशाला में सेवा पा रही गौ माताओं को गुड़ खिलाया गया, जो सेवा और समर्पण के भाव को दर्शाता है।सभी सदस्यों ने भगवान गोपेश्वर नाथ के दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। श्री गोपेश्वर गौशाला के प्रबंधक



उमाकांत ने कार्यक्रम में पधारे सभी आगंतुकों का हृदय से स्वागत किया और समर्पण शाखा के सदस्यों का इस नेक पहल के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में, गौशाला परिवार द्वारा सभी सदस्यों के लिए भोजन प्रसादी की भी व्यवस्था की गई।भारत विकास परिषद समर्पण शाखा का यह प्रयास, पर्यावरण संरक्षण और सेवा कार्यों को एक साथ जोड़कर समाज को एक सकारात्मक संदेश देता है।

# बिहार विधानसभा चुनाव में राजनौतिक दलों ने झोंक दी पूरी ताकत




बिहार विधानसभा चुनाव में लम्बी खींचतान,जोड़तोड़ और पाला बदल के बाद अब पाले खींच चुके है।कौन किस तरह है और कौन किस तरफ जा चुका है स्थिति साफ हो चुकी है।दो चरणों मे होने वाले चुनाव 6 नवम्बर और 11 नवम्बर को होंगे।इस लिहाज से हवा सबसे गर्म है।पिछले दो दशक से यहां हवा एनडीए गठबंधन के पक्ष में बही है।जिसके सुकानी नीतीश कुमार मुख्यमंत्री है।एनडीए को सबसे बडी राजनैतिक ताकत बनाया है।मुस्लिम ,दलित,अतिपिछडा और यादव के प्रभुत्व से सरकार बनती आ रही है।जिसमे आदिवासी मुख्य भूमिका में रहते है।अलीनगर की प्रत्याशी मैथेली ठाकुर के लिए प्रचार करने आई केतकी सिंह ने पगड़ी पर सियासत करती नजर आई।बात मिथिला की नही है।लेकिन अलीनगर की उम्मीदवार मैथेली भोजपुरी गायक कलाकार हैं।दरअसल, सियासत कलाकार होने के कारण नही हो रही है।परन्तु मिथिला में बाहरी प्रत्याशी की वजह से लोग नाराजगी व्यक्त कर रहे है।अलीनगर विधानसभा में पहले फेज यानी 6 नवम्बर को मतदान होगा ।अलीनगर ने ब्राह्मण और मुस्लिम मतदाता 48 प्रतिशत है।मुस्लिम आरजेडी की तरफ विशेष झुकाव है।लेकिन इस बार तेजस्वी ने वक्फ बिल को कूड़ेदान में डालने की जूठी वाहवाही लूटने की नाकाम कोशिश के कारण मुस्लिम वोटर की दिशा बदलती दिख रही है। अलीनगर और दरभंगा में वोटर एनडीए की कल्याणकारी योजनाओ से खुश है।और अलीनगर से प्रत्याशी मैथिली ठाकुर के लिए कोई मुश्किल दिखाई नही दे रही है।मैथिली ठाकुर का बाहरी मुद्दा कही न कही वोटो की हिस्सेदारी निश्चित कर सकता है।अलीनगर में 2,88,374 वोटर है।जिसमे 1,38,929 महिला मतदाता है।और1,49,443 पुरूष वोटर है।इसमे प्रखण्ड अलीनगर ,तारडीह और घनश्यामपुर आते है।2020 में वीआईपी के उम्मीदवार मिश्रीलाल यादव जीते थे।पाग पर बेमतलब विवाद खड़ा किया जा रहा है।क्योंकि मैथिली ठाकुर ने पगड़ी के बारे मे कुछ कहा ही नही है ।पगड़ी समाज के लिए शान है लेकिन विधानसभा चुनाव के लिहाज से शब्द पर सियासत होना स्वाभाविक है।इस बार निर्णायक जीत होने के कयास लगाए जा रहे है।नीतीश कुमार की आज भी साख बरकरार है।गांव में नीतिश कुमार को फिर से सरकार बनाने के लिए मतदाता तैयार है।लेकिन किसी बाहरी के लिए मन मे मलाल है।यह गीले शिकवे सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के नीचे दबते नजर आ रहे है।सभी को सुशासन की आवश्यकता है।ब्राह्मण- मुस्लिम गठजोड़ के लिए प्रयास होता दिखाई दे रहा है।अलीनगर में ब्राह्मण 23 प्रतिशत,मुस्लिम 25 प्रतिशत,यादव 10 प्रतिशत,एससी एसटी 13 प्रतिशत ,कोडरी कुर्मी 9 प्रतिशत और ईबीसी 20 प्रतिशत मतदाता है।मुस्लिम वोटर 25 प्रतिशत की दो भागों में विभाजित हो जाएगी ।उधर महागठबंधन में मुस्लिम वोटर की हिस्सेदारी पूरी है।लिहाजा,75 प्रतिशत दूसरी जाति के वोटरों में अलीनगर की प्रत्याशी मैथेली ठाकुर के लिए कोई मुश्किल बात नही है।वैसे भी मैथेली सेलिब्रिटी है।नीतीश और मोदी के विकास योजनाओ से बिना सोचे समझे एनडीए को ही वोट देंगे।अलीनगर में उच्च पदों के लिए ब्राह्मणों और यादवों का ही वर्चस्व है।महागठबंधन की तरफ से बिहार विधानसभा के लिए घोषणा पत्र जारी किया।तेजस्वी ने घोज़हन6 पत्र जारी करते हुए कहा कि आरजेडी और कांग्रेस महागठबंधन की सरकार बनती है तो हर घर मे एक नौकरी का वादा किया है।तेजस्वी ने बीस महीनों में 2.8करोड़ लोगों को नौकरी देने का वादा किया है। बिहार विधानसभा चुनाव में युवा वोटर्स निर्णयक बनते दिखाई दे रहे है। तेजस्वी ने हिसाब लगाए बिना 1.63करोड़ युवाओ के लिए कुछ नया करने की ठान रखी है।इनके वादे पतझड़ की तरह है।तेजस्वी ने युवाओ पर फोकस किया है।एनडीए की कल्याणकारी योजनाओं पर तेजस्वी की पूरी नजर रही है।नीतीश कुमार की योजनाओं को ध्यान में रखकर माई बहन योजना के अंतर्गत 25 सौ रुपये हर महीने और 30 हजार सालाना देने की घोषणा की है।महागठबंधन की तरफ संविदा कर्मचारियों को साधने की कोशिश की गई है।शिक्षकों को अपने घोषणापत्र में जगह दी है।बिहार में सबसे ताकतवर अतिपिछडा के हितैषी बताने की कोशिश की है।वादे पूर्ण करने का तेजस्वी के पास कोई रोड मैप नही है।क्योंकि आरक्षण से छेड़छाड़ नही कर सकते है।तेजस्वी के घोषणा पत्र में कोई नई बात नही है।हर चुनाव में घुमा फिराकर घोषणा की जाती है।एक दूसरे की काट कर घोषणाओं को अमलीजामा पहनाया गया है।महागठबंधन की सरकार बनने पर वक्फ संशोधन कूड़ेदान में फेंकने की बात की गई है।जबकि वक्फ बिल केंद्र सरकार के अधीन है।वक्फ को वक्फ की संविधान सूची में शामिल किया गया है।राज्य और केंद्र कानून बना सकती है।लेकिन कोई विवाद हुआ तो केंद्र का कानून ही माना जायगा।वक्फ संशोधन बिल को लेकर केंद्र का ही सर्वोपरि कानून माना जायेगा।क्योकि केंद्र में अलग दल की सरकार है और महागठबंधन के लिए बात हरगिज नही मानी जा सकती है।मुस्लिम वोटरों को साधने के लिए महागठबंधन की यह घोषणा हथेली में चांद बताने की कोशिश की जा रही है।लेकिन मुस्लिम समाज तेजस्वी के झांसे में हरगिज आने वाले नही है।वक्फ संशोधन बिल का मुद्दा उठाकर तेजस्वी राजनौतिक फायदा उठाना चाहते है।बिहार में मुस्लिम वोटरों की संख्या 18 प्रतिशत है।राज्य की 40 सीटें है,जहाँ से ज्यादा मुस्लिम वोटर है।इसके बाद 20 सीटे ऐसी है,जहाँ20 से 25 प्रतिशत मुस्लिम वोटर है।बिहार की 243 विधानसभा सीटो पर 60 से 70 सीटों पर मुस्लिम अहम फैक्टर है।और किसी एक पार्टी के पक्ष में ध्रुवीकरण हुआ तो महागठबंधन को फायदा हो सकता है।तेजस्वी के गुमराह करने वाले वादे से बिहार की जनता और मुस्लिम समाज वाकिफ है।लालू की कथनी करनी समान नही थी।तेजस्वी ने पासा फेंका है।वक्फ बिल के लिए बिहार में बहुत हंगामा हुआ था।बहरहाल,सांसद असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी 32 सीटो पर चुनाव लड़ रही है।सीमांचल में 16 सीटे है जहां पर मुस्लिम वोटर अहम है।ओवैसी मुस्लिम हकों की बाते कर रहे है।उनकी आवाज नीचे जमीन तक पहुंच रही है ।आम आदमी पार्टी भी सेंघ मारी करने में कुछ हद तक सफल होगी।बिहार में रस्साकशी वाले चुनाव में किसका घोड़ा जीतेगा,यह तो चुनाव नतीजों के बाद ही पता चलेगा।लेकिन आज के परिपेक्ष्य में सबसे अहम बात जानमाल की हिफाजत और कानून व्यवस्था की है।क्योंकि विकास से पहले वोटर मजबूत सरकार देखते है।जिस वजह से परिवार की सुरक्षा पहली प्राथमिकता बने।जंगलराज को जनता स्वीकार नही करेगी।क्योकि हथेली में चांद बताने वाले अपना घर ही भरते है।इसलिए सोच समझकर नैतिकता और ईमानदारी को सबसे पहले प्राथमिकता दे।और ईमानदार प्रत्याशी और दल का चयन करें,जिसे परिवार की सुरक्षा पर सरकार हर कदम पर खड़ी रहकर हिफाजत कर सके।यही मतदाता करने का सही तरीका है।

**कांतिलाल मांडोत**

# 1 नवंबर : भारत में कई राज्यों का स्थापना दिवस आज



भारत की पहचान उसकी विशालता में नहीं, बल्कि उसकी विविधता में निहित एकता में है। भाषाओं, संस्कृतियों, परंपराओं और भौगोलिक विशेषताओं से परिपूर्ण यह देश तभी सशक्त बन सका, जब इन विविधताओं को संवैधानिक और प्रशासनिक स्वरूप दिया गया। इस दिशा में सबसे बड़ा कदम था 1 नवम्बर 1956 का राज्य पुनर्गठन, जिसने भारतीय संघीय ढांचे को नई परिभाषा दी। यह दिन देश के इतिहास में एक ऐसे मोड़ के रूप में दर्ज है, जब भारत ने भाषा, संस्कृति और प्रशासन के बीच संतुलन स्थापित करते हुए अपने राज्यों का पुनर्निर्धारण किया। यही कारण है कि आज यह तिथि अनेक राज्यों में राज्य स्थापना दिवस या राज्योत्सव के रूप में मनाई जाती है। यह न केवल भारत की प्रशासनिक दक्षता का प्रतीक है, बल्कि इसकी आत्मा में बसे विविधता में एकता के सिद्धांत का उत्सव भी है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारत के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती यह थी कि इतने विशाल देश को, जिसमें सैकड़ों बोलियाँ और संस्कृतियाँ थीं, एक संगठित प्रशासनिक ढांचे में कैसे पिरोया जाए। संविधान लागू होने के बाद भी राज्यों की सीमाएँ ब्रिटिश शासनकाल के पुराने प्रांतों और रियासतों पर आधारित थीं, जिनमें भाषाई और सांस्कृतिक असमानताएँ स्पष्ट रूप से विद्यमान थीं। इससे कई क्षेत्रों में असंतोष पनप रहा था। जनता चाहती थी कि प्रशासनिक सीमाएँ भाषा और संस्कृति के अनुरूप तय की जाएँ ताकि शासन लोगों की समझ और भावनाओं से जुड़ा हो सके। इस भावना ने सबसे पहले आंध्र प्रदेश के रूप में आकार लिया। 1953 में मद्रास प्रेसीडेंसी के तेलुगू भाषी क्षेत्रों को अलग कर आंध्र प्रदेश का गठन किया गया। यह घटना पूरे देश में भाषाई आधार पर राज्यों के निर्माण की माँग का प्रतीक बन गई। इस बढ़ती जन-आकांक्षा के मद्देनज़र भारत सरकार ने राज्य पुनर्गठन आयोग का गठन किया। आयोग ने देश के प्रशासनिक ढांचे, भाषाई वितरण और सांस्कृतिक संबंधों का गहन अध्ययन कर अपनी सिफारिशें प्रस्तुत कीं। इन्हीं सिफारिशों के आधार पर 1956 में राज्य पुनर्गठन अधिनियम लागू हुआ, जिसने 1 नवम्बर 1956 से भारत के नक्शे को नया रूप दिया। इस पुनर्गठन ने राज्यों को भाषाई और सांस्कृतिक आधार पर व्यवस्थित किया और भारतीय संघीय ढांचे को एक सुसंगत स्वरूप प्रदान किया। इस ऐतिहासिक निर्णय से कई राज्यों की नई पहचान बनी। कर्नाटक, जो तब 'मैसूर' कहलाता था, को कन्नड़ भाषी क्षेत्रों के एकीकरण से निर्मित किया गया। केरल का गठन त्रावणकोर-कोचीन और मालाबार के मिलन से हुआ, जो मलयालम भाषा और संस्कृति का केंद्र बना। मध्य प्रदेश को मध्य भारत, भोपाल, विंध्य प्रदेश और बरार को मिलाकर तैयार किया गया, जो भौगोलिक रूप से देश का हृदयस्थल है। आंध्र प्रदेश को तेलुगू भाषी क्षेत्रों के एकीकरण से सशक्त रूप मिला। आगे चलकर 1 नवम्बर 1966 को पंजाब और हरियाणा का पुनर्गठन हुआ, जिससे हरियाणा का गठन हुआ और चंडीगढ़ एक केंद्रशासित प्रदेश के रूप में उभरा। बाद के वर्षों में छत्तीसगढ़, उत्तराखंड और झारखंड जैसे राज्यों का गठन भी इसी प्रक्रिया की निरंतरता का परिणाम था, जो दर्शाता है कि भारत का संविधान समय के साथ स्वयं को परिवर्तित करने और जनता की आकांक्षाओं के अनुरूप ढलने की क्षमता रखता है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 2 और 3 संसद को राज्यों के गठन और सीमाओं के पुनर्निर्धारण का अधिकार देते हैं। यह केवल प्रशासनिक प्रावधान नहीं, बल्कि भारतीय संघीयता की जीवंतता का प्रमाण है। इसने स्पष्ट किया कि भारत की एकता भाषाओं और संस्कृतियों को दबाने से नहीं, बल्कि उन्हें सम्मान देने से मज़बूत होगी। राज्य पुनर्गठन का यह कदम इस विचार का मूर्त रूप था कि देश की शक्ति उसकी विविधता में निहित है। 1 नवम्बर का यह दिन इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि इसने भारत को यह समझने का अवसर दिया कि क्षेत्रीय पहचान और राष्ट्रीय एकता परस्पर विरोधी नहीं हैं। जब किसी व्यक्ति को अपनी भाषा, संस्कृति और परंपरा पर गर्व करने का अवसर मिलता है, तभी वह राष्ट्र की समग्र प्रगति में योगदान देने के लिए प्रेरित होता है।

यही कारण है कि राज्य स्थापना दिवस आज केवल सरकारी आयोजन नहीं, बल्कि जनभावना का पर्व बन चुका है। कर्नाटक में लाल-पीले ध्वजों से सजे शहरों में राज्योत्सव पुरस्कार÷ के माध्यम से समाजसेवा, कला और साहित्य के क्षेत्र में योगदान देने वाले नागरिकों का सम्मान किया जाता है। केरल में केरल पिरवी का उत्सव अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ने और मलयालम भाषा की समृद्ध परंपरा को याद करने का अवसर बनता है। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, पंजाब और हरियाणा में यह दिन परेड, लोकनृत्य, सांस्कृतिक झाँकियों और नागरिक सम्मानों के रूप में मनाया जाता है। यह सब केवल उत्सव नहीं, बल्कि भारत की विविधता का जीवंत प्रदर्शन है। आज का भारत विकास, नवाचार और सामाजिक समरसता की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है। ऐसे समय में राज्य स्थापना दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि प्रशासनिक संरचना का उद्देश्य केवल शासन नहीं, बल्कि नागरिकों को सशक्त बनाना है। प्रत्येक राज्य की पहचान उसके जनजीवन, उसकी संस्कृति और उसकी मानवीय संवेदनाओं से बनती है। जब कर्नाटक का एक किसान अपनी मिट्टी पर गर्व करता है, जब केरल का कलाकार अपनी परंपरा का उत्सव मनाता है, जब छत्तीसगढ़ का मजदूर अपने राज्य दिवस पर आत्मसम्मान महसूस करता है – तब वास्तव में भारत की संघीय एकता साकार होती है। 1 नवम्बर का दिन केवल एक तिथि नहीं, बल्कि भारत की आत्मा का प्रतीक है। यह उस दृष्टि का स्मरण कराता है जिसने भाषाई और सांस्कृतिक विविधता को एक साझा धागे में बाँधकर एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को साकार किया। यह दिन हमें सिखाता है कि हमारी भाषाएँ, संस्कृतियाँ और परंपराएँ भले अलग हों, पर हमारी आत्मा एक है – भारतीयता की। राज्य स्थापना दिवस भारत की उस जीवंत भावना का उत्सव है जो कहती है कि विविधता में ही हमारी असली शक्ति छिपी है, और यही शक्ति हमें एक राष्ट्र के रूप में अविभाज्य बनाती है।

**महेन्द्र तिवारी**

# दिल्ली के आसमान में कृत्रिम बारिश का शिगूफा नाकाम क्यों हुआ?

दीपावली के बाद से दिल्ली में एयर क्वालिटी 'बहुत खराब' बनी हुई है ऐसे में सरकार ने परमाणु बारिश (कृत्रिम बारिश) का समाधान करने के लिए परमाणु ऊर्जा निगम की मदद ली थी, लेकिन इसका मकसद बारिश को खत्म करना था। सरकार की ओर से इस प्रोजेक्ट में 1 करोड़ से ज्यादा की लागत आई है, जबकि कानपुर के निदेशक मणींद्र अग्रवाल ने बताया कि अभी हाल ही में दिल्ली में हुई क्लाउड सीडिंग प्रक्रिया पर ही करीब 60 लाख का खर्च आया। आपको बता दें दिल्ली सरकार ने मंगलवार को बढ़ते प्रदूषण स्तर से निपटने के लिए कृत्रिम वर्षा (आर्टिफिशियल रेन) कराने की दिशा में दो क्लाउड सीडिंग के परीक्षण किए. इसके तहत नमक आधारित और सिल्वर आयोडाइड फ्लेयर से लैस एक विमान का उपयोग किया गया. हालांकि, मंगलवार शाम तक कानपुर और मेरठ से उड़ान भरने वाले दोनों विमानों के प्रयास असफल रहे और कहीं भी बारिश नहीं हुई. आईआईटी कानपुर के निदेशक मनीन्द्र अग्रवाल ने बताया कि दिल्ली में कृत्रिम वर्षा के प्रयास "पूरी तरह सफल" नहीं रहे. उन्होंने बताया कि मंगलवार को दो उड़ानें भरी गईं- एक दोपहर में और दूसरी शाम के समय. इन उड़ानों के दौरान कुल 14 फ्लेयर दागे गए, लेकिन इसके बावजूद बारिश नहीं हुई. अग्रवाल ने कहा, "विमान फ्लेयर दागने के बाद मेरठ लौट आया, लेकिन अब तक कोई वर्षा नहीं हुई है. इस लिहाज से यह प्रयास पूरी तरह सफल नहीं कहा जा सकता." आप जानते हैं कि लंबे समय से दिल्ली को प्रदूषण से मुक्त कराने के लिए विकल्प के बड़े दावे के रूप में प्रचारित किया गया है। दिल्ली में यह बहु-प्रचारित प्रयोग स्थगित करना पड़ा। बल्कि बारिश की फुहारों के बजाय राजनीतिक घमासान और सवालों की बारिश के रूप में इसकी परिणति हुई। राष्ट्रीय राजधानी के आकाश में छाये जहरीले धुएं को धोने के लिए जो करीब सवा तीन करोड़ रुपये खर्च किए गए, वे बूंदाबांदी भी नहीं नहीं ला सके। इसके बाद न केवल आसमान सूखा रहा बल्कि दिल्ली की उम्मीदें भी सूखी रहीं। इसके इतर प्रदूषण के समाधान के लिए बहुप्रचारित इस प्रयोग के असफल होने के तुरंत बाद आम आदमी पार्टी और सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी में राजनीतिक घमासान शुरू हो गया। इसमें दो राय नहीं कि वैज्ञानिक परीक्षण तार्किकता और अनुकूल परिवेश में ही सिरे चढ़ता है। इसी तरह क्लाउड सीडिंग के लिए जरूरी अनुकूल परिस्थितियों के न होने के तथ्य को गंभीरता से नहीं लिया गया। दरअसल, कृत्रिम बारिश केवल उन्ही परिस्थितियों में फलीभूत होती है जब वातावरण में पर्याप्त नमी हो, आसमान में घने बादल छाए हों तथा हवा का रुख स्थिर बना रहे। दुनिया के कई देशों, मसलन चीन, थाईलैंड और संयुक्त अरब अमीरात में कृत्रिम बारिश के प्रयोग इसलिए सफल हो सके क्योंकि उन्होंने इस प्रयोग को सिरे चढ़ने के लिये सही समय को चुना था। दिल्ली के शासन-प्रशासन ने इस प्रयोग को अमली जामा पहनाने से पहले इस बात को नजरअंदाज किया कि दिल्ली का आसमान शुष्क है और वातावरण में नमी की कमी है। ऐसे में पर्याप्त आर्द्रता यानी बादलों के पर्याप्त घनत्व के बिना सिल्वर आयोडाइड की लपटें बारिश पैदा नहीं कर सकतीं। ऐसा नहीं हो सकता कि इस विकल्प को सिरे चढ़ने वाले योजनाकारों को विज्ञान की यह सीमा ज्ञात नहीं थी। फिर भी यदि सरकार आगे बढ़ी तो निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि सरकार की प्राथमिकता परिणामों के बजाय इससे मिलने वाले प्रचार को लेकर ज्यादा रही। ऐसे में एक सवाल यह भी उठता है कि क्या दिल्ली सरकार समस्या के वास्तविक समाधानों की अनदेखी करते हुए कृत्रिम बारिश को सिरे चढ़ने वाले महंगे विकल्पों पर दांव लगा सकती है? वास्तव में हमें प्रदूषण की जड़ों पर प्रहार करने की जरूरत है। कृत्रिम बारिश एक फौरी विकल्प तो हो सकता है, लेकिन समस्या का अंतिम समाधान नहीं हो सकता। वास्तव में आज जरूरत प्रदूषण उत्सर्जन के स्रोतों को बंद करने की है। यहां पता रहे कि दिल्ली में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को दुरुस्त करने की आवश्यकता है ताकि लोग निजी वाहनों का उपयोग कम करें। सरकार की प्राथमिकता वाहनों से होने वाले उत्सर्जन को कम करने, साल भर चलने वाले निर्माण कार्य से उत्पन्न धूल को नियंत्रित करने तथा पर्यावरण अनुकूल मानदंडों को सख्ती से लागू करने की होनी चाहिए। सरकार को चाहिए था कि खर्चीली कृत्रिम बारिश की योजना को सिरे चढ़ने के बजाय हवा को अधिक प्रभावी ढंग से साफ करने को तरजीह दी जाती। निर्विवाद रूप से यह असफल प्रयोग सत्ताधीशों की एक बड़ी बीमारी को भी दर्शाता है, जो प्रदूषण नियंत्रण को बतौर कारगर नीति लागू करने के बजाय उसके समाधान के प्रयासों को प्रचारित करने की प्रवृत्ति से ग्रसित हैं। दिल्ली की कई सरकारों के कार्यकाल में प्रदूषण नियंत्रण कार्य में प्रगति कम हुई है और विज्ञापनों पर करोड़ों रुपये खर्च करके लोक लुभावनी योजनाओं का ज्यादा प्रचार होता रहा है। ऐसी नीतियों को सिरे चढ़ने में सख्त अनुशासन की जरूरत है। इसमें दो राय नहीं कि प्रदूषण के संकट का समाधान हेलीकॉप्टरों के जरिये आकाश में रसायन बिखेरने से नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर सुशासन, निरंतर योजना को क्रियान्वित करने और वैज्ञानिक उपायों को सिरे चढ़ने में दृढ़ता दिखाने से होगा। कृत्रिम बारिश के इस प्रयोग की विफलता के बावजूद भविष्य में ऐसे प्रयोगों से हाथ पीछे खींचना भी उचित नहीं होगा। भले ही इस बार बादलों ने साथ नहीं दिया, लेकिन भविष्य में अनुकूल परिस्थितियां बन सकती हैं। इस प्रयोग का सबक है कि दिल्ली के लाखों लोगों के स्वास्थ्य की रक्षा के लिये वैज्ञानिक संस्थानों और नागरिक एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय के साथ ऐसी योजनाओं को सिरे चढ़ना चाहिए।

पिछले कुछ समय से उन वैज्ञानिक अनुसंधान से जुड़े महती क्रियाकलापों को भी राजनीतिक उद्देश्यों से प्रचारित करने का सिलसिला चल निकला है लेकिन यह उचित नहीं है जिन योजनाओं के क्रियान्वयन में गंभीरता और परिणामों की उपयोगिता की समीक्षा की जरूरत है उन्हें हवाबाजी और शोशेबाजी का मुद्दा बनाना निरा मूर्खता भरा है। चाहे सामरिक परीक्षण हो या उपग्रह प्रक्षेपण अथवा कृत्रिम बारिश इन्हें यथेष्ट प्रयोगवाद गंभीरता से अंजाम देने की जरूरत है न कि इवेंट बतौर प्रचार करने की। खासकर ऐसे समय में जब फर्जी वैज्ञानिक बन कर जासूस हमारे भाभा अनुसंधान जैसे बेहद शीर्ष सुरक्षा वाले केंद्र में घुसने में सफल हो जाते हैं हमें बहुत सजगता की जरूरत है।

**मनोज कुमार अग्रवाल**

## संपादकीय

# प्रशंसा के परदे में सौदे की पटकथा: ट्रंप की रणनीतिक चाल



**मोदी-ट्रंप 2.0: डील से परे — विश्वास का इंटरस्टेलर दौर**
**कूटनीति की गोलियों में लिपटा कॉम्प्लिमेंट: ट्रंप का 'किलर' बयान**


दक्षिण कोरिया का ग्योंगजू। एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपेक) के सीईओ लंचियन सम्मेलन के मंच पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की आवाज़ गूंजी - "मोदी सबसे अच्छे दिखने वाले व्यक्ति हैं, जैसे आपके फादर हो, लेकिन एक किलर (दमदार व्यक्ति) हैं, कठोरता से कठिन!" हंसी का ठहाका, तालियां, और फिर सन्नाटा। क्योंकि यह सिर्फ़ एक बयान नहीं था, बल्कि एक रणनीतिक संकेत था जो बताता है कि सालों से अटकी हुई ट्रेड डील अब अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। यह 29 अक्टूबर की वह ऐतिहासिक पल थी, जब ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता की दिशा ही बदल दी। ट्रंप ने स्पष्ट कहा कि वे भारत के साथ एक बड़ा व्यापार समझौता कर रहे हैं और मोदी के प्रति उनके मन में गहरा सम्मान और प्रेम है। यह तारीफ महज संयोग नहीं, बल्कि एक सोची-समझी कूटनीतिक चाल थी। मात्र दो महीने पहले, अगस्त 2025 में, ट्रंप प्रशासन ने भारतीय निर्यातों पर 50 प्रतिशत तक भारी टैरिफ थोप दिया था - आभूषण, झींगा, वस्त्र सबकी कमर टूट गई। वजह? भारत का रूस से तेल आयात। पलटवार में भारत ने अमेरिकी बादाम और सेब पर जवाबी टैरिफ लगा दिया। तनाव आसमान छू रहा था, दोनों देशों के बीच व्यापार युद्ध की आग सुलग रही थी। लेकिन सितंबर में एक निर्णायक फोन कॉल ने सब पलट दिया - ट्रंप और मोदी की घंटों लंबी, गहन बातचीत। उसके बाद वार्ताओं का तूफान उठा। अब अमेरिकी अधिकारी खुलकर बता रहे हैं कि डील की पहली किस्त नवंबर 2025 तक मुहरबंद हो सकती है। ट्रंप का यह जोरदार बयान उसी ऐतिहासिक प्रगति का जीता-जागता सबूत है। ट्रंप ने 'किलर' और 'फादर' जैसे शब्दों का इस्तेमाल क्यों किया? यह उनका पुराना हथियार है - प्रशंसा की आड़ में दबाव की सुई चुभोना। उन्होंने मई 2025 के भारत-पाकिस्तान संघर्ष का जिक्र छेड़ा, जिसे 'ऑपरेशन सिंदूर' का नाम दिया गया। ट्रंप का दावा: उन्होंने मोदी को चेताया था - "पाकिस्तान से लड़ोगे तो व्यापार सौदा भूल जाओ।" मोदी का करारा जवाब: "नहीं, हम लड़ेंगे।" लेकिन महज दो दिन बाद युद्धविराम। ट्रंप इसे अपनी कूटनीतिक जीत बताते हैं। भारत ने इस दावे को सिरे से खारिज किया - भारतीय पक्ष का स्पष्ट मतः सीजफायर पाकिस्तान की सैन्य मजबूरी और अपील पर हुआ, किसी बाहरी दबाव पर नहीं। फिर भी ट्रंप ने इसे अपनी सफलता का तमगा बना लिया और मोदी को "फादर जैसा दयालु, लेकिन किलर योद्धा" का खिताब दे डाला - एक प्रशंसा जो सम्मान के साथ-साथ रणनीतिक संदेश भी देती है। जब ट्रंप का यह बयान सामने आया, तो जैसे वैश्विक मंच पर एक नई हलचल सी दौड़ गई। सोशल मीडिया गूंज उठा – किसी ने इसे मोदी के प्रभाव की पहचान कहा, तो किसी ने राजनीतिक नाटकीयता का नमूना। पर सच्चाई यह है कि यह ट्रंप का अंदाज़-ए-डिप्लोमेसी है – बातचीत की मेज़ पर बढ़त पाने की कला।

2019 के 'हाउडी मोदी' से शुरू हुआ व्यक्तिगत समीकरण अब राजनीतिक पूंजी बन चुका है। दोनों नेताओं के बीच जो भरोसा बना है, वही आज ट्रेड टेबल पर सबसे बड़ी ताकत के रूप में उभर रहा है। भारत-अमेरिका संबंधों का इतिहास खुद इसकी गवाही देता है – रणनीति में हम हमेशा साथ, पर व्यापार में अक्सर मतभेदों के बंधन में जकड़े रहे। 2008 का परमाणु समझौता हो या क्वाड गठबंधन – साझेदारी गहरी रही, पर ट्रेड की दीवारें कभी नहीं टूटीं। 2019 में ट्रंप ने भारत की जीएसपी सुविधा छीन ली, और 2025 में रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद तेल आयात पर नई तनातनी ने रिश्तों में ठंडक ला दी। लेकिन अब हवा बदल रही है – इस बार दोनों देश सिर्फ रणनीतिक साझेदार नहीं, आर्थिक भागीदार बनने की ओर बढ़ रहे हैं। आने वाली व्यापार डील ऐतिहासिक होगी – नई सोच, नए अवसर और नए समीकरणों की प्रतीक। भारत अमेरिकी सेब और बादाम के आयात को आसान बनाएगा, जबकि बदले में अमेरिका भारतीय कपड़ा, चमड़ा और दवाओं पर लगने वाला टैक्स 50% से घटाकर महज़ 15-16% कर देगा। अनुमान है कि 2030 तक दोनों देशों के बीच व्यापार 500 अरब डॉलर की ऊँचाई छू सकता है। वाणिज्य मंत्री का रुख स्पष्ट है – "फैसले जल्दबाज़ी में नहीं, देशहित में होंगे।" यह समझौता 'मेक इन इंडिया' और 'अमेरिका फर्स्ट' दोनों नीतियों को एक साझा मंच देगा, विशेषकर तकनीक, ऑटोमोबाइल और ऊर्जा क्षेत्रों में। यह सिर्फ एक डील नहीं, बल्कि दो लोकतंत्रों के बीच विश्वास के नए युग की शुरुआत है।

भारत के लिए इसका लाभ विशाल होगा – निर्यात पर करीब 23 अरब डॉलर की छूट से लाखों नई नौकरियों के द्वार खुलेंगे, खासकर उत्तर भारत के छोटे और मध्यम उद्योगों में। एप्पल और टेस्ला जैसी दिग्गज कंपनियों के अरबों डॉलर के निवेश से 'चीन के विकल्प' के रूप में भारत की स्थिति और मज़बूत होगी। क्वाड समूह को भी इससे नई गति मिलेगी। फिर भी चुनौतियाँ कम नहीं हैं। अमेरिका भारत से डेयरी क्षेत्र को खोलने की मांग कर रहा है – जो हमारे किसानों के लिए गंभीर चिंता का विषय है। वहीं, रूस से तेल खरीद पर ट्रंप की चेतावनी अभी भी छाया बनी हुई है। यदि इस सौदे में कृषि हितों की अनदेखी हुई, तो आर्थिक लाभ के साथ-साथ राजनीतिक तूफान उठना तय है। यह 20 सालों का सबसे बड़ा व्यापारिक संकट अब इतिहास बनने को तैयार है - बस संतुलन की एक चिंगारी चाहिए। ट्रंप की तारीफें साधारण शब्द नहीं, बल्कि युद्ध का नगाड़ा हैं। यह घोषणा है कि भारत-अमेरिका अब खून के रिश्ते में बंध चुके हैं। पिता का अटूट स्नेह और किलर की अजेय ताकत - यही मोदी का अलौकिक जादू है। नवंबर में मुहर लगते ही 2025 वैश्विक व्यापार का महासंग्राम जीत का उत्सव बनेगा। 'विकसित भारत 2047' को रॉकेट नहीं, इंटरस्टेलर स्पेसशिप मिलेगा। दिल थाम लो - यह 'किलर डील' नहीं बनेगी, तो इतिहास क्या लिखेगा? समय की सुई अब धड़कन बन चुकी है; बस एक झपकी में सदी का सूर्योदय हो जाएगा।

**प्रो. आरके जैन**

# विनम्रता, मनुष्यता का सत्व-सार,जीवन की मुस्कुराहट




विनम्रता मनुष्य के भीतर का वह नाद है, जो बिना बोले उसकी आत्मा का संगीत बन जाता है। यह विराट ज्ञान का सहज और मौन रूप है, जो शोर नहीं करता, परंतु चारों ओर सौंदर्य और संतुलन फैला देता है। जिस प्रकार सूर्य बिना गर्व किए प्रकाश देता है और सागर अपनी गहराई का बखान नहीं करता, उसी प्रकार सच्चा ज्ञानी अपनी विनम्रता से ही पहचाना जाता है। विनम्रता मनुष्य के व्यक्तित्व की वह आभा है, जो बिना आभूषणों के भी उसे तेजस्वी बना देती है।मनुष्य का स्वभाव दो ध्रुवों पर टिका है अहंकार और विनम्रता। अहंकार ऊँचा उठने की चेष्टा करता है पर भीतर खोखलापन बढ़ाता है; जबकि विनम्रता नीचे झुककर भीतर की गहराई में डूबती है और वहाँ से आत्मबल का जल खोज लाती है। यही कारण है कि विनम्र व्यक्ति स्थायी रूप से ऊँचा होता है, जबकि अहंकारी व्यक्ति क्षणिक प्रसिद्धि के बाद विस्मृति में खो जाता है। ज्ञान का सार यह नहीं कि हम क्या जानते हैं, बल्कि यह कि हम जो जानते हैं, उसे कितनी विनम्रता से स्वीकारते हैं। दार्शनिक सुकरात ने कहा था÷मुझे केवल इतना ज्ञात है कि मैं कुछ नहीं जानता।÷ यह वाक्य केवल आत्मस्वीकार नहीं, बल्कि गहन दार्शनिक साक्षात्कार था। जब व्यक्ति यह जान लेता है कि उसके ज्ञान की सीमा है, तभी उससे परे के सत्य की खोज आरंभ होती है। यही विनम्रता का प्रारंभ है। बुद्ध ने कहा – "विनय ही ज्ञान का द्वार है।" इसीलिए बौद्ध संघ में प्रथम गुण के रूप में ÷विनय÷ को स्वीकार किया गया। भारतीय दर्शन में भी "विनय" को ब्रह्मचर्य, अहिंसा और सत्य की भांति जीवन की साधना माना गया है। विनम्रता व्यक्ति को भीतर से निर्मल बनाती है। वह दूसरों की सफलता से ईर्ष्या नहीं करता, क्योंकि उसे ज्ञात होता है कि प्रत्येक आत्मा अपने मार्ग पर साधना में है। विनम्र व्यक्ति का अहंकार नहीं, आत्मसम्मान बोलता है। वह दूसरों की बात सुनता है, उन्हें सम्मान देता है और सीखने की प्रक्रिया में सदैव तत्पर रहता है। यही कारण है कि विनम्रता और ज्ञान एक ही सिक्के के दो पहलू हैं – जहाँ ज्ञान है, वहाँ विनम्रता अनिवार्य है। भारतीय संतों और चिंतकों ने सदैव यह कहा कि सच्चा ज्ञान वही है, जो मनुष्य को नम्र बनाता है। तुलसीदास ने कहा था "बड़ा हुआ तो क्या हुआ, जैसे पेड़ खजूर। पंछी को छाया नहीं, फल लागे अति दूर।" अर्थात यदि ऊँचाई केवल बाहरी है और उसके नीचे करुणा व विनम्रता नहीं, तो वह व्यर्थ है। संत कबीर ने इसी भाव को और स्पष्ट किया – "जब मैं था तब हरि नहीं, अब हरि हैं मैं नाहीं। सब अँधियारा मिट गया, दीपक देखा माहीं।" यह "मैं का अभाव" ही विनम्रता का परम रूप है जहाँ व्यक्ति अपने अस्तित्व का विसर्जन सत्य में कर देता है।

डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन, डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम, और स्वामी विवेकानंद जैसे विभूतियों ने ज्ञान और विनम्रता का अद्भुत समन्वय प्रस्तुत किया। राधाकृष्णन जी कहते थे "सच्चा शिक्षक वही है जो सीखना कभी नहीं छोड़ता।" यह विनम्रता का ज्ञानात्मक रूप है। कलाम साहब की सादगी में विज्ञान था, पर उनकी विनम्रता में दर्शन था। वे राष्ट्र के शीर्ष पर पहुँचकर भी बच्चों के प्रश्नों के आगे झुक जाते थे। विवेकानंद ने कहा था – "नम्र रहो, क्योंकि विनम्रता में ही शक्ति है।" विनम्रता केवल व्यक्तिगत गुण नहीं, यह सामाजिक चेतना का आधार भी है। जब समाज के अग्रणी, नेता, शिक्षक, या विचारक विनम्र होते हैं, तब समाज में संवाद जीवित रहता है, और जहाँ संवाद जीवित रहता है, वहाँ संघर्ष की जगह समझ पनपती है। विनम्रता विचारों का सेतु है, दीवार नहीं। यह अहं के कोलाहल में भी संवाद की ध्वनि बनाए रखती है। महात्मा गांधी ने भी यही दर्शन जीया। सत्य और अहिंसा उनके साधन थे, पर उनकी जड़ें विनम्रता में थीं। वे विरोधी से भी संवाद करते थे, शत्रु में भी मनुष्य देखते थे। यह उनकी कमजोरी नहीं, बल्कि मानसिक दृढ़ता थी। विनम्रता की यही पराकाष्ठा थी, जिसने बिना हथियार के साम्राज्य को हिला दिया। विनम्रता का अर्थ यह नहीं कि व्यक्ति स्वयं को छोटा समझे, बल्कि यह कि वह अपने 'अहं' को बड़ा न समझे। यह आत्मबोध का गुण है, आत्महीनता का नहीं। विनम्र व्यक्ति का आत्मबल इतना प्रखर होता है कि वह दूसरों को भी बल देता है। उसके शब्द नहीं, उसका मौन शिक्षा देता है। उसके सामने लोग झुकते नहीं, अपने भीतर झाँकते हैं।

आज के युग में जहाँ प्रतिस्पर्धा का कोलाहल है, वहाँ विनम्रता वह शीतल छाया है जो व्यक्ति को जलने से बचाती है। यह केवल व्यवहार की मर्यादा नहीं, बल्कि आत्मा की परिपक्वता है। ज्ञान का सच्चा उद्देश्य यह नहीं कि हम दूसरों से श्रेष्ठ बनें, बल्कि यह कि हम स्वयं को बेहतर बनाएं। और यह 'बेहतर बनने' की यात्रा तभी संभव है जब मनुष्य विनम्र हो। अहंकार क्षणभंगुर है, जैसे बुलबुला चमकता जरूर है पर टिकता नहीं। विनम्रता स्थायी है, जैसे गंगा – शांत, शीतल, निरंतर बहती हुई, सबको स्नान कराती हुई। भारतीय संस्कृति की दीर्घायु का रहस्य इसी विनम्रता में छिपा है। सहिष्णुता, करुणा, विनय और संयम हमारी सांस्कृतिक धरोहर हैं। यही हमें नश्वर परिस्थितियों में भी अमर बनाती हैं। अंततः यही कहा जा सकता है कि विनम्रता वह दर्पण है जिसमें ज्ञान अपनी वास्तविक छवि देखता है। बिना विनम्रता के ज्ञान अधूरा है, और बिना ज्ञान के विनम्रता अंधी। जब ये दोनों एक साथ मिलते हैं, तभी मनुष्य का व्यक्तित्व प्रकाशमान होता है। यही वह अवस्था है जहाँ मनुष्य "माननीय" नहीं, बल्कि "महनीय" बनता है।

**संजीव ठाकुर**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित **संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,** मो0- 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### महिला का नहाते वक्त विडियो बनाकर किया वायरल, मुकदमा दर्ज




**14 वर्षीय किशोर ने महिला का नहाते वक्त विडियो बनाकर सोशल मीडिया पर किया वायरल, पुलिस मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुटी**

**रतनपुर/महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोहरगड्डी टोला छितनिया निवासिनी एक महिला ने गांव निवासी एक 14 वर्षीय किशोर पर नहाते वक्त चुपके से वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने का आरोप लगाई है। महिला ने स्थानीय पुलिस को लिखित शिकायती पत्र देकर आरोपी किशोर पर कार्यवाही की मांग की है। महिला ने बताई की बीते 19 अक्टूबर की दोपहर वह नहा रही थी तभी गांव निवासी एक 14 वर्षीय किशोर चुपके से उसका विडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। जब उक्त वायरल विडियो की जानकारी पीड़ित महिला को हुई तो महिला ने स्थानीय पुलिस को लिखित शिकायती पत्र देकर दोषी नाबालिग के खिलाफ कार्यवाही की मांग की। वहीं पुलिस ने महिला के तहरीर पर आरोपी किशोर को हिरासत में लेकर धारा 67, 351(3), 77 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम कार्यवाही में जुटी हुई है।

इस सम्बन्ध में प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र कुमार राय ने बताया कि महिला के तहरीर पर आरोपी किशोर के विरुद्ध सम्बंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

### धूमधाम के साथ मनाया गया सरदार पटेल का 150वां जयंती



**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवां रतनपुर ब्लाक मुख्यालय में शुक्रवार को एडीओ पंचायत रामकृष्ण प्रसाद के नेतृत्व में सरदार वल्लभभाई पटेल का 150वां जयंती बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया गया। साथ ही क्षेत्र के विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों संस्थानों में भी सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती मनाई गई। नौतनवा ब्लाक क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय सेखुआनी में प्रधानाध्यापक राजेश्वर सिंह के नेतृत्व में सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। साथ ही क्षेत्र के महरी घोड़हवा, लुठहवा, निपनिया, बिषखोप, रतनपुर समेत अन्य परिषदीय विद्यालय व अन्य सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में धूमधाम से सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती मनाई गई। इस दौरान बच्चों में मिठाई वितरित कर सरदार वल्लभ भाई पटेल के आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर एपीओ शशिकांत, शिक्षक यशोदा नंद भारती, राजेन्द्र चौधरी, जगदीश, महेन्द्र यादव, चंद्रभान प्रसाद सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### इटियाथोक थाने में प्रतिभाशाली बालक रुद्र प्रताप साहू सम्मानित



**गोंडा (इटियाथोक)**- इटियाथोक थाने में शुक्रवार को थानाध्यक्ष कृष्ण गोपाल राय ने पांच वर्षीय बाल प्रतिभा रुद्र प्रताप साहू को सम्मानित किया। रुद्र प्रताप थाना क्षेत्र के ग्राम परसिया बहोरीपुर के निवासी हैं। रुद्र प्रताप की विशेष प्रतिभा यह है कि वह कुछ ही मिनटों में प्रदेश के सभी जिलों, राज्यों और उनके मुख्यमंत्रियों के नाम सहजता से बता देते हैं। इतनी कम उम्र में सामान्य बच्चों से अलग उनकी यह असाधारण स्मरणशक्ति सभी को आश्चर्यचकित कर देती है। इससे पूर्व रुद्र प्रताप को उनकी प्रतिभा के लिए कई बार सम्मान मिल चुका है। बीते सोमवार को जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने भी इस प्रतिभाशाली बालक को सम्मानित किया था। वहीं, साहू समाज ट्रस्ट के अध्यक्ष बी. आर. साहू तथा पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल भी रुद्र प्रताप को सम्मानित कर चुके हैं। थाने में हुए इस सम्मान समारोह के दौरान अश्वनी साहू, धर्मेंद्र साहू सहित साहू समाज के अनेक लोग मौजूद रहे। थानाध्यक्ष ने रुद्र प्रताप को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि "ऐसी प्रतिभाएँ न केवल परिवार, बल्कि पूरे जनपद का नाम रोशन करती हैं।"

## तहसील में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण 2025 की तैयारी शुरू, राजनैतिक दलों संघ एसडीएम ने की बैठक, बीएलओ को सौंपे गए अहम दायित्व

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** विधानसभा चुनावों से पहले मतदाता सूची के शुद्धिकरण की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए भारत निर्वाचन आयोग ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (Special Intensive Revision - SIR) 2025 की प्रक्रिया शुरू कर दी है। आयोग द्वारा 27 अक्टूबर 2025 को जारी कार्यक्रम के तहत प्रदेश के सभी जिलों में निर्वाचक नामावली के अद्यतन और सुधार का कार्य अभियान रूप में संचालित किया जाएगा। गोरखपुर जनपद के खजनी तहसील में एसडीएम राजेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में इस कार्यक्रम की तैयारी तेज हो गई है। इसी क्रम में तहसील सभागार में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें भाजपा से शैलेन्द्र सिंह कांग्रेस के प्रदेश सचिव विधि प्रकोष्ठ सत्यप्रकाश श्रीवास्तव, ब्लाक अध्यक्ष उरुआ सूर्यनारायण यादव, विक्रमादित्य प्रसाद, समाजवादी पार्टी के खरभान यादव, बसपा के पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश और महानन्द गौतम सहित कई प्रमुख नेता मौजूद रहे।



बैठक में एसडीएम ने बताया कि आयोग के निर्देशानुसार 28 अक्टूबर से 3 नवम्बर तक पुनरीक्षण की तैयारी, प्रशिक्षण और गणना प्रपत्रों का मुद्रण किया जाएगा। इसके बाद 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर 2025 तक बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क करेंगे, गणना प्रपत्र वितरित कर जानकारी संकलित करेंगे। इसके उपरांत 9 दिसम्बर 2025 को निर्वाचक नामावली का आलेख्य प्रकाशन किया जाएगा। 9 दिसम्बर से 8 जनवरी 2026 तक दावे एवं आपत्तियां ली जाएंगी, जिनके निस्तारण की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2026 तय की गई है। वहीं 7 फरवरी 2026 को अंतिम निर्वाचक नामावली प्रकाशित की जाएगी। एसडीएम सिंह ने बताया कि बीएलओ की भूमिका इस अभियान में सबसे अहम है। प्रत्येक मतदान केंद्र पर लगभग 1,000 मतदाताओं के लिए एक बीएलओ नियुक्त है। उन्हें निर्देश दिया गया है कि वे हर मतदाता के घर कम से कम तीन बार जाकर जानकारी सत्यापित करें, मृत या स्थायी रूप से स्थानांतरित मतदाताओं की पहचान करें और ऑनलाइन माध्यम से अद्यतन प्रक्रिया में सहयोग दें।

उन्होंने कहा कि निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ) और सहायक ईआरओ (एईआरओ) के निर्देशन में यह अभियान पूरी पारदर्शिता से संपन्न होगा। बैठक में राजनैतिक दलों से अपील की गई कि वे अपने बूथ एजेंटों के माध्यम से इस कार्य में प्रशासन का सहयोग करें। अंत में एसडीएम खजनी ने कहा कि किसी भी पात्र मतदाता का नाम सूची से छूटना नहीं चाहिए। "त्रुटिरहित और अद्यतन मतदाता सूची ही लोकतंत्र की सशक्त नींव है," उन्होंने कहा। निर्वाचन आयोग को उम्मीद है कि जनसहयोग और प्रशासनिक तत्परता से आगामी विधानसभा चुनावों के लिए एक सटीक और विश्वसनीय मतदाता सूची तैयार होगी।

## बारिश और तूफान ने तोड़ी किसानों की उम्मीदें, खेतों में गिरा तैयार धान - बर्बादी की कगार पर मेहनत की फसल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोला बाजार गोरखपुर-** बीते चार दिनों से मोंथा तूफान के प्रभाव से हो रही लगातार बारिश और तेज हवाओं ने क्षेत्र के किसानों की सारी मेहनत पर पानी फेर दिया है। आसमान से बरसते पानी और झोंकों से बहती हवाओं ने जहां आम जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है, वहीं खेतों में खड़ी तैयार धान की फसलें बिछ गई हैं। अब किसानों के सामने अपनी फसल बचाने की चुनौती खड़ी हो गई है। गोला क्षेत्र में सोमवार से शुरू हुई वर्षा शुक्रवार तक जारी रही। गुरुवार को तेज हवाओं और भारी वर्षा ने मौसम को सर्द बना दिया, लेकिन किसानों के चेहरों पर मायूसी की रेखाएं गहरा गईं। क्षेत्र के रानीपुर बनकटा, सुरदापार, सेमरी, सुअरज, दीपगढ़, भर्रोह, नरहन सहित दर्जनों गांवों में



खेतों में तैयार धान की फसलें पानी और हवा के प्रकोप से धराशायी हो गई हैं। जिन फसलों की कटाई की तैयारी चल रही थी, वे अब कीचड़ और पानी में समा चुकी हैं।


किसानों का कहना है कि धान की फसल गिर जाने से मशीन द्वारा हार्वेस्टिंग कर पाना लगभग असंभव हो गया है। खेतों में पानी भरने से ट्रैक्टर और हार्वेस्टर मशीनें धंस जा रही हैं। ऐसे में कटाई का खर्च बढ़ने के साथ-साथ फसल का बड़ा हिस्सा खेत में ही सड़ने का खतरा बन गया है। किसान बताते हैं कि जिन खेतों में फसल अधपकी थी, वहां नुकसान और भी ज्यादा है। एक किसान ने कहा, "हमने पूरी उम्मीद से फसल तैयार की थी, लेकिन मौसम ने सब चौपट कर दिया। अब लागत निकालना भी मुश्किल लग रहा है।" "पहले से बढ़ी खाद, बीज और डीजल की कीमतों ने खेती को पहले ही घाटे का सौदा बना दिया था, अब इस प्राकृतिक आपदा ने स्थिति को और दयनीय बना दिया है। गिरा हुआ धान न सिर्फ देर से कटेगा, बल्कि उसकी गुणवत्ता भी प्रभावित होगी। वहीं, खेतों में पानी भरने के कारण अब गेहूं की बुआई में भी विलंब तय माना जा रहा है। लगातार वर्षा और हवा के कारण किसानों के चेहरों पर चिंता साफ झलक रही है। गांवों में हर ओर खेतों में गिरी फसलें बर्बादी का मंजर पेश कर रही हैं। किसान प्रशासन से सर्वे कराकर नुकसान का मुआवजा देने की मांग कर रहे हैं, ताकि उनकी मेहनत का कुछ तो सहारा मिल सके।

## लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया

**●आजाद भारत के प्रथम गृह मंत्री के रुप में उनके द्वारा किए गए जमींदारी उन्मूलन को हमेशा याद किया जाएगा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**खजनी गोरखपुर** -लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के ऐतिहासिक अवसर पर उनका जन्म दिन राष्ट्रीय एकता दिवस के रुप में मनाया गया इस एकता दिवस के उपलक्ष्य में थाना खजनी परिसर में थानाध्यक्ष खजनी अनूप सिंह की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम का श्रीगणेश



सरदार पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया गया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष खजनी ने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल ने कश्मीर, जुनागढ़, हैदराबाद जैसे स्वतन्त्र रियासतों को अपनी अपराजेय पौरुष एवं संकल्प तथा दृढ़ता से भारत में विलय कराने का अद्वितीय ऐतिहासिक पौरुष का परिचय दिया तथा साथ ही साथ 365 रियासतों का भारत में विलय कराकर भारत की एकता और अखंडता का जो उदाहरण पेश किया वह भारत के इतिहास का प्रथम अध्याय है हम सब उनके जन्मदिन पर उन्हें हृदय की गहराइयों से उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए गर्व का अनुभव करते हैं। इस कार्यक्रम में उपस्थित लोगों में एसआई राम दयाल यादव, एसआई जय राम यादव, एसआई ओम प्रकाश बिन्द, एसआई राजेश सिंह,एसआई मनोज कुमार, और एसआई सचिन सिंह हेड कांस्टेबल जगनाथ प्रसाद हेड कांस्टेबल दिवाकर तिवारी हेड कांस्टेबल अनिल चौधरी महिला कांस्टेबलो एवं कांस्टेबलों सहित समस्त अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने भारत की एकता और अखंडता को अक्षुण्ण बनाए रखने का संकल्प लिया।

## खोड़ारे थाने में सरदार पटेल जयंती पर 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मनकापुर, गोंडा-** थाना खोड़ारे में शुक्रवार को लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर रन फॉर यूनिटी (Run for Unity) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व थानाध्यक्ष प्रबोध कुमार ने किया। इस अवसर पर थानाध्यक्ष सहित समस्त पुलिस कर्मियों ने सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की और राष्ट्र की एकता एवं अखंडता बनाए रखने की शपथ ली। उच्च अधिकारियों के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में रिजर्व पुलिस लाइन गोंडा से प्राप्त रिक्रूट आरक्षीगण, थाना क्षेत्र के विद्यालयों और महाविद्यालयों के



छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। रन फॉर यूनिटी का आयोजन थाना परिसर से प्रारंभ होकर घारीघाट चौराहे तक किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने देश की एकता और सामाजिक सौहार्द का संदेश दिया।

कार्यक्रम के संचालन में वरिष्ठ उपनिरीक्षक रघुबीर गौतम, एंटी रोमियो प्रभारी उपनिरीक्षक ज्ञानेन्द्र शुक्ला, उपनिरीक्षक शिवनाथ गुप्ता, उपनिरीक्षक प्रेमचन्द्र सिंह, उपनिरीक्षक बिकाऊ प्रसाद सहित थाना स्थानीय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। थानाध्यक्ष प्रबोध कुमार ने कहा कि, "सरदार पटेल ने जिस अखंड भारत की नींव रखी, उसे मजबूत बनाए रखना हर भारतीय का कर्तव्य है। आज का यह आयोजन उसी भावना को सशक्त करने का प्रयास है।"

## सरदार पटेल जयंती पर रन फॉर यूनिटी संपन्न

**●150वें राष्ट्रीय एकता दिवस पर पुलिसकर्मियों, एनसीसी कैडेट्स और छात्रों ने बढ़-चढ़कर लिया भाग**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर देवरिया पुलिस द्वारा आज रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस लाइन देवरिया से अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आनन्द पाण्डेय एवं क्षेत्राधिकारी नगर संजय रेड्डी ने हरी झंडी दिखाकर किया।इस दौड़ में जनपद के पुलिस अधिकारी-कर्मचारी, रिक्रूट आरक्षी, एनसीसी कैडेट्स, विद्यालयों और महाविद्यालयों के छात्र-छात्राएँ एवं सम्भ्रांत नागरिकों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। "रन फॉर यूनिटी" पुलिस लाइन से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से होती हुई पुनः परेड ग्राउंड पर समाप्त हुई। इस दौरान प्रतिभागियों ने एक भारत श्रेष्ठ भारत,देश की एकता हमारी जिम्मेदारी और सरदार पटेल अमर रहें जैसे नारों से जनसंदेश दिया। अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सरदार पटेल के जीवन से हमें देश की एकता, समर्पण और सेवा की प्रेरणा मिलती है। आज का दिन हमें यह संकल्प दिलाता है कि हम समाज में एकता और भाईचारे को बनाए रखने के लिए सदैव तत्पर रहें। जनपद के समस्त थानों में भी इसी क्रम में रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम आयोजित किए गए।

**लौह पुरुष सरदार पटेल को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि**

**राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सेवा के प्रति समर्पण का संकल्प लिया**

देवरिया। सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती पर पुलिस लाइन में आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आनन्द पाण्डेय ने सरदार पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर अधिकारियों, कर्मचारियों और रिक्रूट आरक्षियों ने राष्ट्रीय एकता की शपथ ली और संकल्प लिया कि वे राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं संप्रभुता की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। अपर पुलिस अधीक्षक ने सभी को सरदार पटेल जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देवरिया पुलिस सदैव राष्ट्र सेवा में अग्रणी भूमिका निभाती रहेगी।

## सरदार वल्लभभाई पटेल जी जयंती पर लिया गया एकता का संकल्प

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कुशीनगर।** आजादी के अमर सेनानी, स्वतंत्र भारत के प्रथम उपप्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री, लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती के पावन अवसर पर नगर के बूथ संख्या 276 एवं 277 पर एक श्रद्धांजलि एवं एकता संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जनों ने सरदार पटेल जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन कर उन्हें नमन किया तथा देश की एकता और अखंडता की रक्षा का संकल्प लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद पडरौना के अध्यक्ष विनय जायसवाल ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल जी ने जिस अदम्य साहस और दृढ़ इच्छाशक्ति से देश की 562 रियासतों का एकीकरण किया, वह भारतीय इतिहास का एक गौरवपूर्ण अध्याय है। उन्होंने हमें सिखाया कि जब राष्ट्र की एकता सर्वोपरि होती है, तो कोई भी विभाजन हमें कमजोर नहीं कर सकता। आज उनके विचार और आदर्श पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हैं। उन्होंने आगे कहा कि युवा पीढ़ी को सरदार पटेल जी के जीवन से प्रेरणा लेकर देश निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

कार्यक्रम में क्षेत्र के वरिष्ठ जनप्रतिनिधि, पार्टी कार्यकर्ता, नगरवासी एवं सामाजिक संगठन के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर लौह पुरुष के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और भारत की एकता, अखंडता एवं समरसता बनाए रखने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष जायसवाल, मंडल मंत्री राजेश तिवारी, सेक्टर अध्यक्ष संदीप जायसवाल, शक्ति केंद्र संयोजक कृपा शंकर वर्मा, बूथ अध्यक्ष गण नवनीत कश्यप, राजकुमार, अनिल साह, श्री राम वर्मा, मोहन वर्मा, राजेश जायसवाल, केदार मद्धेशिया, शैलेश कुमार, अशोक जायसवाल, गोपी वर्मा, महेंद्र कुमार, बड़े मद्धेशिया, बिपिन जायसवाल, चंचल चौबे, प्रदीप चौधरी, सोनु कुमार, सुनील मद्धेशिया, अनूप गौड़, आकाश वर्मा, ऑसू जायसवाल, मंथन सिंह, पिंटू साह, अशोक गुप्ता सहित अन्य उपस्थित रहे।

## कलेक्ट्रेट सभागार में मनाई गई लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती

**●जिलाधिकारी दीपक मीणा ने अर्पित की पुष्पांजलि, दिलाई राष्ट्रीय एकता की शपथ**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर।** राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर गुरुवार को लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती कलेक्ट्रेट सभागार में बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी दीपक मीणा ने की। इस अवसर पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सरदार पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के आरंभ में जिलाधिकारी दीपक मीणा ने सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि "सरदार पटेल ने अपने अदम्य साहस, दृढ़ इच्छाशक्ति और संगठन क्षमता के बल पर देश की 562 रियासतों को एकजुट कर भारत को एक अखंड राष्ट्र के रूप में स्थापित किया। उनके त्याग, समर्पण और राष्ट्रनिष्ठा से हम सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए।"

जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ भी दिलाई। शपथ में सभी ने कहा कि वे देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए सदैव समर्पित रहेंगे तथा किसी भी प्रकार की असमानता या भेदभाव की भावना को समाप्त करने में योगदान देंगे। डीएम दीपक मीणा ने कहा कि "राष्ट्रीय एकता दिवस केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि यह हम सभी के भीतर राष्ट्रभक्ति और कर्तव्यनिष्ठा की भावना को जगाने का अवसर है। सरदार पटेल की विचारधारा हमें यह सिखाती है कि जब देशहित सर्वोपरि हो, तब कोई भी बाधा अजेय नहीं रहती।" उन्होंने अधिकारियों से अपील की कि वे अपने-अपने कार्यक्षेत्र में समर्पण, ईमानदारी और एकजुटता की भावना के साथ काम करें ताकि विकास और प्रशासनिक सुशासन के क्षेत्र में गोरखपुर प्रदेश में मिसाल कायम कर सके।

इस अवसर पर एडीएम प्रशासन सहदेव मिश्रा, एडीएम वित्त विनीत कुमार सिंह, एडीएम सिटी अंजनी कुमार सिंह, मुख्य राजस्व अधिकारी हिमांशु वर्मा, सिटी मजिस्ट्रेट उत्कर्ष श्रीवास्तव, एसीएम द्वितीय राजू कुमार सहित कलेक्ट्रेट के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में "राष्ट्र एकता अमर रहे" के नारे लगाए। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। पूरे सभागार में देशभक्ति का माहौल छा गया। सरदार पटेल की जयंती पर मनाया गया यह आयोजन जिले में एकता, समरसता और राष्ट्रप्रेम का सशक्त संदेश देता रहा।

## भाभी-देवर-ननद में घरेलू विवाद बना बवाल: गाली-गलौज और मारपीट के आरोप में गोला थाने में दर्ज हुआ मुकदमा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोला बाजार गोरखपुर।** पारिवारिक विवाद का मामला उस समय तूल पकड़ गया जब गोला नगर पंचायत वार्ड नंबर 3 बेवरी निवासी गीता देवी ने अपने दोनों देवरों और ननद के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी। मामले की गंभीरता से लेते हुए गोला पुलिस ने भाभी की तहरीर पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना गुरुवार की सुबह की बताई जा रही है। गीता देवी पत्नी सदन प्रसाद कन्नौजिया का घरेलू विवाद को लेकर अपने देवरों और ननद से किसी बात पर कहासुनी हो गई। मामूली कहासुनी धीरे-धीरे विवाद में बदल गई और मामला हाथापाई तक पहुंच गया। गीता देवी का आरोप है कि उनके दोनों देवर और ननद



ने मिलकर उन्हें अपशब्द कहे, मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

घटना के बाद गीता देवी थाने पहुंचीं और पूरे घटनाक्रम की जानकारी पुलिस को दी। उन्होंने लिखित तहरीर में बताया कि पारिवारिक विवाद को लेकर अक्सर उनके साथ झगड़ा किया जाता है और गुरुवार को स्थिति इतनी बिगड़ गई कि जान का खतरा महसूस हुआ। गीता देवी ने न्याय और सुरक्षा की मांग करते हुए आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गुहार लगाई।थाना प्रभारी गोला ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर दोनों देवरों और ननद के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 115(2), 352, 351(3) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, जांच के दौरान दोनों पक्षों के बयान दर्ज किए जाएंगे और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं, स्थानीय लोगों का कहना है कि परिवार के बीच काफी समय से विवाद चल रहा था, जो अब खुलकर सामने आ गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि घरेलू विवाद के ऐसे मामलों में दोनों पक्षों की बात सुनकर निष्पक्ष कार्रवाई की जाती है ताकि न्याय सुनिश्चित किया जा सके। मामले की जांच जारी है, और पुलिस का कहना है कि यदि आरोप सत्य पाए गए तो संबंधित अभियुक्तों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## प्राकृतिक आपदाओं से फसल क्षति पर मिलेगा बीमा कवर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि भारत सरकार की प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत प्रतिकूल मौसम परिस्थितियों में अधिसूचित फसलों को प्राकृतिक आपदाओं से हुई क्षति की स्थिति में बीमित किसानों को बीमा कवर/क्षतिपूर्ति प्रदान की जाती है। उन्होंने बताया कि योजना में असफल बुआई, फसल की मध्यावस्था में हुई क्षति तथा खड़ी फसलों को प्राकृतिक आपदाओं, रोगों और कीटों से हुई हानि को बीमा सुरक्षा में शामिल किया गया है। इसी प्रकार ओलावृष्टि, जलभराव, बादल फटना और भूस्खलन जैसी परिस्थितियों से हुई फसल क्षति भी इस योजना के दायरे में आती है। फसल कटाई के बाद अगले 14 दिनों तक खेत में सुखाने हेतु रखी फसलों को यदि ओलावृष्टि, चक्रवात या बेमौसम वर्षा से नुकसान होता है, तो उस स्थिति में भी बीमा सुरक्षा उपलब्ध कराई जाती है। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जिन किसानों की फसलें प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित हुई हैं, वे टोल फ्री नंबर 14447 पर 72 घंटे के भीतर सूचना अवश्य दें। सूचना दर्ज होने के बाद विभाग द्वारा क्षति का सर्वे कराया जाएगा और पात्र किसानों को उचित क्षतिपूर्ति प्रदान की जाएगी। उन्होंने जनपद के सभी बीमित कृषकों से अपील की कि फसल क्षति की स्थिति में समय पर सूचना देना अत्यंत आवश्यक है, ताकि बीमा दावा शीघ्र स्वीकृत हो सके।

## साइबर क्राइम टीम की कार्रवाई : ऑनलाइन फ्रॉड के 95,500 कराए वापस

**●पीड़ित के खाते में लौटाई पूरी धनराशि**

**साइबर अपराधों के प्रति आमजन से सतर्क रहने की अपील**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**देवरिया।** जनपद की साइबर क्राइम टीम ने ऑनलाइन धोखाधड़ी के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए एक पीड़ित के 95,500 रूपये रुपये वापस कराए हैं। ग्राम नदौली, थाना सलेमपुर निवासी धीरेंद्र यादव से ऑनलाइन डॉक्टर का अपॉइंटमेंट लेने के दौरान अज्ञात कॉलर ने यह धोखाधड़ी की थी। टीम ने तत्परता से कार्य करते हुए पीड़ित की पूरी धनराशि 30 अक्टूबर को उनके बैंक खाते में वापस कराई। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक आनंद पाण्डेय ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने बैंक खाते, ओटीपी या पासवर्ड जैसी गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करें। लुभावने ऑफर, लिंक या एप्लीकेशन पर बिना जांचे भुगतान न करें। यदि किसी के साथ साइबर अपराध हो, तो हेल्पलाइन नंबर 1930 पर तत्काल कॉल करें या cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज कराएं।

## भदंत ज्ञानेश्वर का निधन बौद्ध मत की अपूरणीय क्षति : चंद्रभूषण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** कुशीनगर स्थित बौद्ध भिक्षु संघ के अध्यक्ष एवं परमपूज्य भदंत चंद्रमणि महाथेर के प्रधान शिष्य अग्गमहापंडित भदंत ज्ञानेश्वर महाथेरो के निधन पर समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण यादव ने गहरा शोक व्यक्त किया है। रामपुर कारखाना के डुमरी स्थित सपा जनसंपर्क कार्यालय पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उन्होंने कहा कि भदंत ज्ञानेश्वर का निधन बौद्ध मत एवं समता-समानता की भावना के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के बौद्धमय भारत के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में सपा नेताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

# संक्षिप्त खबरें

## लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती बूथ संख्या 146 नगर टूण्डला पर मनाई गई



**टूण्डला** – लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती बूथ संख्या 146 नगर टूण्डला पर मनाई गई जिसमें उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया जिसमें मुख्य अतिथि गोपाल अंजान एमएलसी एवं भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह एवं टूण्डला विधायक प्रेमपाल धनगर रहे। भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने कहा वल्लभ भाई भारत के स्वतंत्रता सेनानी अधिवक्ता तथा राजनेता थे जिन्होंने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अग्रणी भूमिका निभाई स्वतंत्र भारत में देशी रियासतों के एकीकरण की महान चुनौतियों को उन्होंने सफलता पूर्वक हल किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह, भाजपा नगर अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष शैलेंद्र प्रताप सिंह, अमित गुप्ता मीडिया प्रभारी, महिपाल निषाद,रमतिरक्षक, महेंद्र झा, गजराज सिंह, अमित बाजपेई, लोकेंद्र पूनिया, मुकेश धामा, पवन चक, भवानी सिंह बूथ अध्यक्ष देवेश्वर बघेल, सेक्टर संयोजक राजन सिंह निषाद, विष्णु तिवारी, हनी जादौन, कौशल तिवारी, विकास बाल्मिक, विनोद सिंह,अमित गुप्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## मानक विहीन सामग्री से बन रहे ब्लॉक फूलबेहड़ में आंगनबाड़ी केंद्र

**लखीमपुर खीरी।** बाल विकास पुष्टाहार विभाग के द्वारा ब्लॉक फूलबेहड़ में आंगनबाड़ी केंद्र कई जगह घटिया सामग्री से बनाए जा रहे हैं इससे पहले सन् 2013 में बनाए गए थे वह भी मानक विहीन बने थे उनको ग्राम प्रधान द्वारा मरम्मत करा कर कुछ कमीशन खाकर ठीक कर दिया गया। अब विभाग द्वारा प्रति केंद्र को 200000 दिए गए हैं बाकी पैसा ब्लॉक द्वारा खर्च करके बनाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार ब्लॉक फूलबेहड़ के ग्राम सुंदरवल में मानक विहीन आंगनबाड़ी के केंद्र एक पंचायत मित्र के द्वारा घटिया सामग्री से बनवाया जा रहा है। ग्रामीणों द्वारा बताया जा रहा है इसी तरीके से ग्राम पंचायत कोरारा में आंगनबाड़ी का केंद्र ठेकेदारी से प्रथा से बनवाकर बंदरबांट किया जा रहा है। घटिया सामग्री से बनाए जा रहे यह केंद्र कुछ दिन के बाद खराब हो जाएंगे तब इनके जिम्मेदार अफसर मेंटेनेंस करने के लिए प्रधानों पर दबाव बनाते हैं। ब्लॉक के जेई एवं क्षेत्रीय सुपरवाइजर मिलकर के आंगनबाड़ी के केंद्र घटिया सामग्री से बनवा रहे हैं ब्लॉक का आलम यह है कि कोई प्रधान जब सही काम भी करता है तो उसे भी ब्लॉक फूलबेहड़ में 10% सुविधा शुल्क लिया जाता है यह सुविधा शुल्क किन अफसरों तक पहुंचता है ? ब्लॉक फूलबेहड़ के बाबू खुलेआम प्रधानों के हर बजट में 10 पर्सेंट कमीशन से उसे बिल का भुगतान करते हैं दबी जुबान में ब्लॉक फूलबेहड़ के कई ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया है कि हम लोग चाहे अच्छा से अच्छा काम करें परंतु जब तक नजराना ब्लॉक वाले नहीं ले लेते हैं तब तक कार्य को पास नहीं करते हैं हमारे प्रधानगण केवल गांव में ही तीरंदाज हैं।

## गोला पुलिस क्षेत्राधिकारी की अगुवाई मे रन फॉर युनिटी पद यात्रा निकाली गई



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** गोला गोकर्णनाथ सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर रन फॉर यूनिटी दौड़-पदयात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्राधिकारी गोला रमेश कुमार तिवारी के निर्देशन व थाना प्रभारी निरीक्षक अम्बर सिंह के नेतृत्व में पुलिस कर्मियों और छात्रों और युवाओं ने निकाली पदयात्रा। भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के दिशा-निर्देशों में हुआ आयोजन। करीब दो किलोमीटर तक निकली यह दौड़-पदयात्रा बनी आकर्षण का केंद्र। तिरंगा हाथ में लिए प्रतिभागियों ने दिया एकता और अखंडता का संदेश।

# नौकरी लगवाने के नाम पर लाखो की ठगी के आरोप कूटरचित फर्जी जाली नियुक्तिपत्र देकर सवा चार लाख रूपये की ठगी

**● सफाई कर्मी श्रीपाल पुत्र गयादीन व मकरंद सिंह पुत्रजसवंत सिह पर लगाये गंभीर आरोप**

**पुलिस अधीक्षक खीरी समेत सी.एम.पोर्टल पर शिकायत कर मुकदमा पंजीकृत कराये जाने की मांग**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** कानून का राज एवं भ्रष्टाचार मुक्त उत्तर प्रदेश बनाने का दावा करने वाली योगी सरकार मे नौकरी लगवाने के नाम पर सवा चार लाख रूपये की ठगी कर लिये जाने का मामला प्रकाश मे आयाहै।मिली जानकारी के अनुसार पीडित पक्ष ने मामले की शिकायत शासन प्रशासन से कर न्याय की गुहार लगायी है।

**क्या है पूरा मामला–**

पीडित पक्ष के नरेंद्रकुमार पुत्र दाताराम निवासी ग्राम हरिहरपुर थाना हैदराबाद खीरी ने बताया कि विपक्षी श्रीपाल पुत्र गयादीन निवासी सिराथू थाना गोला जिला खीरी व मकरंद सिंह पुत्र जसवंत सिंह निवासी बीरेंद्र नगर कालोनी थाना गोला खीरी की उससे काफी अच्छी जान पहचान थी और पीडित उक्त लोंगों पर काफी विश्वास भी करता था।मामला सन 2020 के माह अगस्त का है जब श्रीपाल पुत्र गयादीन जो सफाई कर्मी के पद पर ब्लाक बेहजम मे तैनात है पीडित पक्ष के नरेंद्र को मिला और बताया कि जनपद मे मदर हुड केयर के अंर्तगत ब्लाक कोआर्डिनेटर के पद रिक्त है। उसकी अच्छी साठगांठ है अधिकारियों से काम हो जायेगा। इसके लिये दो लाख रूपये की रिश्वत पडेगी।नौकरी दिलाने की गारंटी युक्त चिकनी चुपडी बातो मे आकर बीरेंद्र कुमार व एक अन्य साथी दिनेश कुमार पुत्र अवधेश कुमार नि.पहाडापुर सवारान थाना भीरा ने उक्त नामजद लोगो को क्रमशः 1,80,000रुपया और 2 45,000रूपये गोला मे आकर श्रीपाल के बताये पता बीरेंद्रनगर कालोनी निवासी मकरंद सिंह पुत्र जसवंत सिह के मकान पर दिये।पैसा दोनो लोगो ने मिलकर लिया और एक माह मे नौकरी का ज्वाईनिंग लेटर दिलवाने की बात कही। जिसके एक माह बाद मदर हूड केयर के अंर्तगत पोषण मिशन जन आंदोलन के तहत ब्लाक मितौली मे ब्लाक को आर्डिनेटर के पद का नियुक्ति पत्र देते हुये डियूटी ज्वाइन करने जाने को बताया गया।जब वह ब्लाक मितौली अपनी डयूटी ज्वाइन करने मितौली पहुचा और नियुक्ति पत्र देकर ज्वा इनिंग की बात की तो पता चला यह नियुक्ति पत्र जाली फर्जी और कूटरचित है यहां कोई भी ऐसी वैकेंसी ही नही है और न ही कोई विज्ञापन ही प्रकाशित कराया गया है तो उसके पैरो केनीचे से जमीन खिसक गयी और अपने को ठगा महसूस करने लगा और पैसा वापस मांगने पर आजकल करके टालता रहा।और फिर फोन उठाना भी बंद कर दिया।मामले की दिनांक 20/04/2022 को गोला कोतवाली मे शिकायत की जिसमे सेटिंग कर ली उक्त लोगो ने कोई कार्यवाही नही हुयी ।तब पुलिस अधीक्षक खीरी से शिकायत की गई जिसमे उक्त लोगों ने एक माह मे पैसा वापस करने की लिखित देते




हुये कोतवाली गोला सुलह कर ली थी।आज समझौता हुये तीन साल बीत गये लेकिन आजकल आजकल करते हुये बराबर टाल रहे है।अबतक महज 50,000रूपया नरेंद्र कुमार को वापस कियाहै और अब फोन उठाना भी बंद कर दिया। घटना दिनांक 26/10/2025 कीसमय करीब 11बजे दिन की है।जब पीडित श्रीपाल सफाई कर्मी के घर गया तो वहां पर मकरंद सिंह पहले से बैठा मिला।जब उक्त दोनो लोगो से नरेंद्र कुमार पुत्र दाताराम ने अपना पैसा वापस करने की मांग की तो उक्त लोग आमादा फौजदारी हो गये और मारपीट करने लगे। मकरंद सिंह ने भददी भददी व अश्लील जातिसूचक गालियां देते हुये कहा साले चमार दुबारा पैसा मांगने आ गया तो घर मे मार गाड दूंगा।उक्त आरोप लगाते हुये पीडित पक्ष ने शासन प्रशासन से न्याय की गुहार लगायी है।अब देखना है कि ठगी के नामजद आरोपियो पर कार्यवाही की जायेगी या पहले की तरह आश्वासन लो और चलते बनो की कार्यशैली अपनायी जायेगी।

**क्या कहते है प्रभारी निरीक्षक कोतवाली गोला**

जब इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक गोला कोतवाली से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने बताया मामला मेरे संज्ञान मे नही है।शिकायत मिलने पर जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## सरदार पटेल की 150 जयंती पर क्यों लड़िया पुलिस ने निकाली रैली



**बरेली/**सरदार पटेल की 150 में जयंती पर क्यों लड़िया के प्रभारी निरीक्षक राजबली सिंह ने लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के शुभ अवसर पर एकता की मिसाल कायम करने वाले व्यक्तित्व के जन्म दिवस के पावन पर्व पर स्कूलों के बच्चों के साथ भव्य रैली निकालकर सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती मनाई। पर एकता का परिचय देते हुए यहां के प्रसिद्द एस एस टी पब्लिक इंटर कालेज के प्रधानाचार्य देवेंद्र कुमार गंगवार के साथ विद्यालय के बच्चों ने भी भाग लिया जिसके कारण रैली की विशाल दिखाई दी इस रैली में और भी कई विद्यालयों के बच्चों ने भाग लिया यहां पर उपस्थित प्रभारी निरीक्षक राजबली सिंह इंस्पेक्टर क्राइम शैलेंद्र कुमार उप निरिक्षक देशराज सिंह तोमर महेंद्र प्रताप रणवीर सिंह अर्जित कुमार यादव अरि वर्धन समेत समस्त पुलिस बल रैली में उपस्थित रहा।

## ब्लॉक प्रमुख ने खंड विकास अधिकारी को दी विदाई



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली/**भदपुरा के खंड विकास अधिकारी ओमप्रकाश प्रजापति आज अपनी सरकारी सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत हो गए इस अवसर पर ब्लॉक सभागार में एक कार्यक्रम आयोजित कर उनको सम्मानपूर्वक विदाई दी गई इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार ने खंड विकास अधिकारी ओम प्रकाश प्रजापति को शाल उड़ाकर गणेश प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया। और उन्होंने अपने संबोधन में सेवा निवृत हुए प्रजापति को शुभकामनाएं दी कहा यह बड़े हर्ष की बात है सौहार्द पूर्वक अपनी सेवा देने के बाद वह अपना कार्यकाल पूर्ण करने के बाद बेदाग चुनरी अपने घर जा रहे हैं यह बड़े हर्ष की बात है उन्होंने भदपुरा में मात्र 3 महीने का अपना कार्यकाल व्यतीत किया साथी उन्होंने सलाह दी वह अपने अनुभवों को इसके बाद भी जनता को देते रहे। ताकि शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं कालाभ जनता को मिलता रहे यहां पर उपस्थित खंड विकास अधिकारी ओमप्रकाश प्रजापति की पत्नी भी मौजूद थी लोगों ने उनको भी सम्मानित किया यहीं पर सहायक विकास अधिकारी पंचायत रविकांत यादव सचिव नरेश कुमार सागर अमित कुमार पुष्पेंद्र विशाल दिक्षित सुरेंद्र कुमार विवेक आदि के साथ सफाई कर्मचारी संतराम दिवाकर विजय कुमार ठाकुर राम के साथ कई प्रधान गण मुकेश कुमार गंगवार त्रिवेंद्र कुमार महेश चंद्र मिश्रा गुड्डू यादव समेत अनेकों लोग उपस्थित थे।

# पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि मनाई गई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुरखीरी,** दिनांक 31 अक्टूबर को कांग्रेस भवन पर जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष रवि तिवारी की अध्यक्षता में भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री, आयरन लेडी स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी जी की पुण्यतिथि एवं देश के पूर्व गृहमंत्री, भारत रत्न, लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती कांग्रेस जनों द्वारा मनाई गई द्य श्रीमती इंदिरा गांधी जी एवं लौह पुरुष सरदार पटेल जी के चित्र पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की द्य उनके पदचिन्हों पर चलने का उपस्थित कांग्रेस जनों ने संकल्प लिया। तत्पश्चात गोष्ठी का आयोजन किया गया द्य उक्त गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे रवि तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि आज की तारीख बहुत ही महत्वपूर्ण है आज हमारे दो, दो शीर्ष नेताओं जिसमे पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी जी की पुण्यतिथि और पूर्व गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती हम लोग मना रहे हैं। महान स्वतंत्रता सेनानी, भारत रत्न, और स्वतंत्र भारत के प्रथम गृह मंत्री



सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती पर उन्हें शत-शत नमन द्य उन्होंने अपनी अदम्य इच्छाशक्ति दूरदर्शिता और नेतृत्व से स्वतंत्र भारत को एक सूत्र में पिरोने का ऐतिहासिक कार्य किया द्य उनका जीवन हम सभी के लिए राष्ट्र सेवा, एकता और दृढ़ संकल्प की प्रेरणा है। साथ ही तिवारी ने आयरन लेडी पूर्व प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जिन्हें दुनिया भर के कई उच्च कोटि के सर्वेक्षणों में सर्वकालिक लोक प्रिय प्रधानमंत्री स्वीकार किया गया हो, जिन्हें आज भी प्रत्येक शोषित पीड़ित गरीब अपना संरक्षक मानता है द्य जिन्होंने अपने व्यक्तित्व और कृतित्व एक लौह महिला जिसका हृदय हमेशा ममत्व से भरा रहा द्य जिसे झुकाने में किसी की ताकत नहीं है द्य जिसको झुकाने में अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति निक्सन भी भी विफल हो गए थे द्य देश की एकता और अखंडता की सोच को आगे बढ़ाने और उसकी रक्षा करने के अपने कर्तव्य की बेदी पर वह शहीद हो गई द्य श्रीमती इंदिरा गांधी जी आपका बलिदान देश कभी नहीं भूलेगा। उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित राजेन्द गुप्ता, कोमल सिंह, चंद्रप्रभा अवस्थी, संध्या जायसवाल, जिला महासचिव अब्दुल रहीम, रामपाल शाक्य, जावेद अली एडवोकेट, जमील अहमद, गुलफाम, आदि कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# ब्लॉक प्रमुख ने ब्लॉक कार्यालय में सरदार पटेल की जयंती मनाई



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली/**भदपुरा के ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाई गई इस अवसर पर सरदार पटेल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनको नमन किया गया साथ ही ब्लॉक प्रमुख ने सरदार पटेल के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा आज उस महापुरुष का जन्म दिवस है जिसने इस देश के लिए एवं समाज के लिए अपना जीवन समर्पित किया था। इतना ही नहीं बह एकता और अखंडता के भी पुरोधा थे उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन में इस देश के लिए जो भी करके दिया है उसके लिए हम सब देशवासी उनके कर्ज के ऋणी हैं उनकी 150 में जयंती के अवसर पर उनको शत-शत नमन करते हैं इस अवसर पर लोगों ने सरदार पटेल के जीवन को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लिया और उनके बताए मार्ग पर चलने की भी प्रेणाली । यहां पर उपस्थित ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार ओमप्रकाश गंगवार ठाकुर विनय सिंह वी डी राठौर दीपू प्रधान गंगाराम महेश चंद्र मिश्रा समेत भारी संख्या में लोग मौजूद थे सभी ने सरदार पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित किए और उनको नमन किया।

## सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती के अवसर पर किया गया रन फॉर यूनिटी का कार्यक्रम



**मैलानी-खीरी।** शुक्रवार को सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती के अवसर पर थाना मैलानी और श्री लाल बहादुर शास्त्री इंटर कॉलेज में ÷रन फॉर यूनिटी÷कार्यक्रम के आयोजन किया गया।इस अवसर पर मैलानी के संभ्रांत नागरिक,पत्रकार बंधु,रामचंद्र महाविद्यालय और श्री लाल बहादुर शास्त्री इंटर कॉलेज के छात्र छात्राएं और स्टाफ मौजूद रहे।श्री लाल बहादुर शास्त्री इंटर कॉलेज के छात्र छात्राओं ने कविता पाठ किया।निबंध प्रतियोगिता और कला प्रदर्शनी का आयोजन किया।हर जगह दौड़ रैली निकाली निकाली गई। देश भक्ति की भावनाओं से ओत प्रोत होकर,उत्साह पूर्वक एकता दिवस और रन फॉर यूनिटी के रूप में मनाया।जिसमें पुलिस प्रशासन ने अपनी अहम सहभागिता निभाई।

## रूही क्लिनिक सील स्वास्थ्य विभाग की बड़ी कार्यवाही

**गैसड़ी बलरामपुर।** स्थानीय गैंसड़ी बाजार में अवैध रूप से संचालित रूही क्लिनिक पर स्वास्थ्य विभाग ने औचक निरीक्षण किया क्लीनिक अवैध रूप से संचालित पाये जाने पर बड़ी कार्यवाही करते हुए उपजिलाधिकारी राकेश कुमार जयंत के उपस्थिति में सील कर दिया गया है। शिकायतों के आधार पर स्वास्थ्य विभाग की पहुंची टीम को क्लिनिक में गंभीर अनियमितताएं मिलीं। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (अपर सीएमओ) डॉ. संतोष कुमार ने बताया कि क्लिनिक बिना किसी वैध रजिस्ट्रेशन और प्रशिक्षित डॉक्टरों के चलाया जा रहा था, जो मरीजों के जीवन के लिए खिलवाड़ हो रहा था उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध चिकित्सा व्यवसाय चलाने वालों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जा रही है। डॉ. कुमार ने कहा कि यह कार्यवाही एक शुरुआत है, और जिले भर में सभी संदिग्ध क्लिनिकों और नर्सिंग होम की जांच जारी रहेगी। स्वास्थ्य विभाग की इस कार्रवाई का स्थानीय लोगों ने स्वागत किया। विभागीय सूत्रों के अनुसार, क्लिनिक संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# फरसैया गांव में फिर बाघ का आतंक, एक और गाय को बनाया निवाला

**● सप्ताह भर में 6 हमले, वन विभाग मौन, ग्रामीणों में दहशत का माहौल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पलियाकलां-खीरी।** क्षेत्र में बाघ का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीती रात करीब 12 बजे पलिया क्षेत्र के ग्राम फरसैया में बाघ ने एक और गाय को शिकार बना लिया। सिर्फ एक सप्ताह में यह छठा हमला है, बावजूद इसके वन विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। ग्रामीणों के अनुसार, सोमवार को एक सांड़ पर बाघ ने हमला किया, मंगलवार को भी एक सांड़ को मार डाला। इससे पहले बाघ चार बकरियों को निवाला बना चुका है। एक बार गोशाला? में पहुंचकर गायों पर हमला कर चुका है और अब गुरुवार रात एक गाय को भी निवाला बना लिया। लगातार हो रहे इन हमलों से गांव में भय और आक्रोश दोनों का माहौल है। बच्चे स्कूल जाने से डर रहे हैं, किसान खेतों में



जाने से कतरा रहे हैं और महिलाएं घर के बाहर तक निकलने से घबरा रही हैं। ग्रामीण ध्रुव कुमार, बंकड़ सिंह, अरविन्द, रामवती एवं सरिता देवी ने बताया कि वन विभाग को कई बार सूचना दी जा चुकी है, लेकिन सिर्फ कागजी कार्यवाही तक ही सब सीमित है। न तो पिंजरा लगाया गया है, न ही बाघ की लोकेशन ट्रेस करने का कोई प्रयास हुआ। ग्रामीणों की मांग है कि बाघ को तुरन्त पकड़ा जाए या क्षेत्र से खदेड़ा जाए, जिससे वे सुरक्षित जीवन जी सकें। यदि समय रहते कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि जल्द कार्रवाई न होने पर वे धरना-प्रदर्शन को मजबूर होंगे।

# विद्या निकेतन इण्टर कॉलेज मे मनाई गई पटेल जयंती

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** दिनांक 31/10/2025 दिन शुक्रवार को स्थानीय विद्यालय विद्या कुँवरि स्मारक सरस्वती विद्या निकेतन इण्टर कॉलेज गोला गोकर्णनाथ-खीरी में भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य महेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने स्वतंत्र भारत को एक सूत्र में पिरोने वाले, परिश्रमी और दृढ़ इच्छाशक्ति वाले सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन पर प्रकाश डाला एवं बालिका विभाग की प्राचार्या श्रीमती मधु त्रिपाठी द्वारा छात्र /छात्राओं राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई तत्पश्चात छात्र / छात्राओं ने राष्ट्रीय एकता का संदेश देते हुए बैनर और पोस्टर हाथों में लेकर "सरदार पटेल



अमर रहें" "साथ खड़े साथ बढ़े" "एक भारत, श्रेष्ठ भारत" आदि नारों का जयघोष किया।साथ ही भारत विकास परिषद् नैमिष प्रान्त उत्तर मध्य क्षेत्र गोला गोकरननाथ-खीरी के तत्वावधान में "गुरु वन्दन छात्र अभिनन्दन कार्यक्रम 2025" का आयोजन किया गया जिसमे विद्यालय के हाई स्कूल परीक्षा 2025 के टॉपर छात्र हर्ष जायसवाल एवं छात्रा उमा यादव एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा 2025 के टॉपर छात्र सक्षम अरोरा तथा छात्रा माही गुप्ता को शील्ड तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया साथ ही शिक्षिका डिम्पल शुक्ला तथा शिक्षक अवधेश अवस्थी को बेहतरीन शिक्षण कार्य हेतु सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में भारत विकास परिषद् के अनुज खरे-अध्यक्ष, संजय शुक्ला - कोषाध्यक्ष , मनोज वर्मा -सचिव, प्रियंका गुप्ता-संयोजक आदि उपस्थित रहे।

# विद्या निकेतन इण्टर कॉलेज मे मनाई गई पटेल जयंती

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** दिनांक 31/10/2025 दिन शुक्रवार को स्थानीय विद्यालय विद्या कुँवरि स्मारक सरस्वती विद्या निकेतन इण्टर कॉलेज गोला गोकर्णनाथ-खीरी में भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य महेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने स्वतंत्र भारत को एक सूत्र में पिरोने वाले, परिश्रमी और दृढ़ इच्छाशक्ति वाले सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन पर प्रकाश डाला एवं बालिका विभाग की प्राचार्या श्रीमती मधु त्रिपाठी द्वारा छात्र /छात्राओं राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई तत्पश्चात छात्र / छात्राओं ने राष्ट्रीय एकता का संदेश देते हुए बैनर और पोस्टर हाथों में लेकर "सरदार पटेल अमर रहें" "साथ खड़े साथ बढ़े" "एक भारत, श्रेष्ठ भारत" आदि नारों का जयघोष किया। साथ ही भारत विकास परिषद् नैमिष प्रान्त उत्तर मध्य क्षेत्र गोला गोकरननाथ-खीरी के तत्वावधान में "गुरु वन्दन छात्र अभिनन्दन कार्यक्रम 2025" का आयोजन किया गया जिसमे विद्यालय के हाई स्कूल परीक्षा 2025 के टॉपर छात्र हर्ष जायसवाल एवं छात्रा उमा यादव एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा 2025 के टॉपर छात्र सक्षम अरोरा तथा छात्रा माही गुप्ता को शील्ड तथा प्रशस्ति पत्र देकर



सम्मानित किया गया साथ ही शिक्षिका डिम्पल शुक्ला तथा शिक्षक अवधेश अवस्थी को बेहतरीन शिक्षण कार्य हेतु सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में भारत विकास परिषद् के अनुज खरे-अध्यक्ष, संजय शुक्ला - कोषाध्यक्ष , मनोज वर्मा -सचिव, प्रियंका गुप्ता-संयोजक आदि उपस्थित रहे।

# अलियापुर तिराहा से चपरतला अंडरपास तक बनेगा संपर्क मार्ग

**● 1400 मी संपर्क मार्ग का जल्द होगा निर्माण**

**क्षेत्रीय गन्ना डायरेक्टर अनिल राठौर के पत्र पर डीसीएम ग्रुप अजबापुर की पहल**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मैगलगंज खीरी।** क्षेत्र के गन्ना किसानों के लिए एक खुशी की बात यह है कि जल्द ही क्षेत्र के अलियापुर तिराहा से बाबे के पब्लिक इंटर कालेज के पास से संपर्क मांग की शासन से स्वीकृति होने के बाद शीघ्र ही लोक निर्माण विभाग के द्वारा सड़क बनाई जाएगी। क्षेत्रीय गन्ना डायरेक्टर अनिल राठौर के द्वारा इस सड़क को लेकर बराबर चीनी मिल अधिकारियों से प्रयास किए जा रहे हैं। हाल ही में जिलाधिकारी खीरी के निर्देशन पर सड़क सुरक्षा सप्ताह आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र के गन्ना डायरेक्टर अनिल राठौर ने गन्ना किसानों की इस समस्या को प्रमुखता से उठाया था। साथ ही क्षेत्रीय चीनी मिल डीसीएम अजबापुर के द्वारा भी इस सड़क की पैरवी की जा रही है। सब कुछ सही रहा तो जल्द ही लोक निर्माण विभाग के द्वारा शीघ्र ही 1400 मीटर सड़क का निर्माण शुरू होगा।


इस बाबत उत्तर प्रदेश शासन के सचिव अभिषेक गंगवार ने प्रमुख अभियंता विकास एवं विभागाध्यक्ष लोग निर्माण विभाग उत्तर प्रदेश को कार्यवाही हेतु पत्राचार कर जल्द ही इस सड़क को स्वीकृत कराये जाने का निर्देश दिया है। इस सड़क के निर्माण हो जाने से क्षेत्र के तमाम गन्ना किसानों के साथ-साथ एक दर्जन किसानों को भी इसका लाभ मिलेगा और हाईवे पर हो रही दुर्घटनाओं से निजात मिल सकेगी। क्षेत्र की जनता ने इस पहल के लिए गन्ना डायरेक्टर अनिल राठौर व डीसीएम अजवापुर को धन्यवाद ज्ञापित कर रहे है। इस बाबत



डीसीएस ग्रुप के निदेशक सीईओ रोशन लाल टामक ने बताया यह सड़क हमारे प्रमुख आगे एजेंडे में है, जल्द ही लोक निर्माण विभाग के द्वारा इस सड़क का निर्माण शुरू होगा। इस सड़क के निर्माण को लेकर नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरुजी, क्षेत्रीय विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह समेत कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू के द्वारा भी पत्राचार किया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### दो दिन से हो रही बारिश ने किसानों का बढ़ाया चिंता



**हलिया मिर्जापुर।** हलिया क्षेत्र मे दो दिन से हो रही बारिश ने किसानों का बढ़ाया चिंता किसान फसल देखकर मायूष होकर लौट रहे है घर धान की फसल ज्यादा पानी से हो रही है खराब हलिया क्षेत्र के किसानो ने बताया की लगातार हो रही बारिश से फसल का नुकसान हो रहा जिनका सरसो चना अर्शी तुरंत बोया गया है उनका सब बर्बाद हो रहा है किसानो के माथे का पसीना छुट रहा है मौसम देखकर लग रहा है की इस बार पुजीं भी किसानो का नही निकल पाएगा ऐसे मौसम मे लोग घरो मे दुबककर बैठे हुए है। तेज हवा के कारण फसल खेत मे गिरकर खराब हो रही है किसानो को न तो निद आ रही है न तो भुख लग रही है किसान चितीत है की कैसे बैक का कर्ज चुकाएगे और खाद का रिण यदा कर पाएगे ऐसे मौसम का मिजाज बिगडता देख किसानो का चिंता बडता जा रहा है जिस किसान का हल्की धान की कटाई हुई है पानी मे तैर रही है जो किसानो की हल्की धान कटने के कगार पर है ओ तेज हवा मे नष्ट हो रही है। ऐसे मौसम मे किसान परेशान नजर आ रहे है।

### राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई सरदार पटेल की 150वीं जयंती



**चुनार मिर्जापुर।** द ग्रीन हिल स्कूल में शुक्रवार को लोह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 185 जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम के प्रधानाचार्य दिलीप कुमार मिश्रा एवं समन्यवक योगेश गुप्ता द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्वलन से हुआ। प्रधानाचार्य द्वारा छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय एकता का संकल्प भी दिलाया गया। इस अवसर पर निबंध , पोस्टर, क्विज आदि प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। कार्यक्रम का संचालन गतिविधि प्रभारी इम्तियाज ने किया।

### सरदार पटेल की 150 वीं जयंती के अवसर पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन



**चुनार, मिर्जापुर।** शुक्रवार को भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150 वीं जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर प्रभारी निरीक्षक विजय शंकर सिंह के नेतृत्व में कोतवाली क्षेत्र में एकता, अखंडता और सामाजिक समरसता के भाव को सशक्त करने के उद्देश्य से रन फॉर यूनिटी÷ का भव्य आयोजन किया गया।रन फोर यूनिटी कार्यक्रम का शुभारम्भ क्षेत्राधिकारी मंजरी राव द्वारा कोतवाल परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, एकता की दौड़ में थाने के सब इंस्पेक्टर कांस्टेबल पीएसी के जवान विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएँ तथा सम्भ्रात नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। "रन फॉर यूनिटी" कार्यक्रम के दौरान सेटलमेंट एरीया एबकपुर मोहाना चक्रमण करते हुए कोतवाली परिसर में पहुंचकर लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया गया। पूरे मार्ग में रैली द्वारा "एक भारत-श्रेष्ठ भारत देश की एकता हमारी जिम्मेदारी और सरदार पटेल अमर रहें जैसे नारों से पुरे नगर में एकता और सद्भावना का संदेश फैलाया।

### सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर आयोजित हुआ भव्य आयोजन

**देवरिया, 31 अक्तूबर।** भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर देवरिया में भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ। भुजोली कॉलोनी पार्क से शुरू हुई एकता पदयात्रा शहीद रामचंद्र पार्क में संपन्न हुई। कार्यक्रम में सरदार पटेल की प्रतिमा का अनावरण व माल्यार्पण किया गया। मुख्य अतिथि सांसद शशांक मणि त्रिपाठी, विशिष्ट अतिथि एमएलसी रतनपाल सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष अलका सिंह, व भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ने सरदार पटेल के जीवन व योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का आयोजन मेरा युवा भारत व जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। इसमें बड़ी संख्या में

## आवास वसूली को लेकर ग्रामीणों ने जताया नाराजगी

● अधिकारियों के सामने ग्रामीणों ने रखा अपनी बात

आवास वसूली का जिम्मेदार कौन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हलिया, मिर्जापुर।** हलिया विकासखंड के ग्राम पंचायत नौगवा मे आवास मे जमकर हुआ है वसूली वसूली को लेकर ग्रामीणों ने नाराजगी जताते हुए अधिकारियों के सामने रखा अपनी बात ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत में नियुक्त किए गए कर्मचारी पंचायत सहायक व ग्राम प्रधान के द्वारा जमकर आवास में वसूली किया गया है वसूली की शिकायत पर अधिकारियों ने नाराजगी जताते हुए पूरी बात की आवास लाभार्थियों से जानकारी किया और मौके पर पहुंचे 96 विधायक का रिकी कोल ने भी आवास लाभार्थियों से बात करते हुए नाराजगी जताते हुए खंड विकास अधिकारी हलिया से वार्तालाप की और कहा कि इस तरीके की बात कही सुनने में नहीं आना चाहिए ग्रामीणों ने बताया कि इतना बड़ा ग्राम पंचायत नौगवा है लेकिन विकास के लिए तरस रही है नौगवा की जनता ग्राम पंचायत में हुआ है आधा अधूरा कार्य 5 साल बीत गया लेकिन सिर्फ ग्राम पंचायत में आवास वसूली के अलावा कोई भी कार्य पूर्ण नहीं कराया गया अभी भी लोग कच्चे मकान में रहने पर मजबूर हैं जियो टैग करते समय ही आवास लाभार्थियों से धनऊवाही का शुरुआत हो जाता है अब आवास मिलेगा कि नहीं इसका जिम्मेदार कौन है वही ग्रामीणों का मानना है कि बिना जिम्मेदार अधिकारियों का कौन ग्राम पंचायत में कर सकता है धनऊवाही सब अधिकारियों के मिली भगत से हो रहा है धनऊवाही इस संबंध में एडीयो पंचायत हलिया रूपेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि प्रधान सचिव को पंचायत सहायक की सेवा समाप्त करने और पैसा लाभार्थियों का वापस दिलाने के लिए कहा गया है इस संबंध में सचिव आलोक भारतीय ने बताया कि जो निर्देश पंचायत साहब ने दिया है उसका कड़ाई से पालन किया जाएगा।

## सान्वी मिष्ठान भंडार का हुआ उद्घाटन



**चुनार, मिर्जापुर।** शुक्रवार को नगर के भरपुर स्थित सानवी मिष्ठान भंडार का उद्घाटन चुनार विधानसभा के बसपा के पूर्व प्रत्याशी एवी भैया द्वारा फीता काट कर किया गया। उद्घाटन के पूर्व दुकान में विधिः विधान पूर्वक पूजा पाठ किया गया। उद्घाटन के मौके पर सानवी मिष्ठान भंडार के संचालक लोरिक यादव ने बताया कि हमारे यहां सभी प्रकार के शुद्ध मिठाई और नमकीन हमेशा उपलब्ध रहेगा है ।इस अवसर पर बसपा के पूर्व विधायक प्रत्याशी एवी भैया ने कहा कि इस मिठाई की दुकान का संचालन हो जाने से किले में आने जाने वाले पर्यटकों को भी काफी सुविधा मिलेगी उन्हें कहीं दूर नहीं जाना पड़ेगा। इस अवसर पर राजन अवस्थी, सुनील यादव, पप्पू गुप्ता, सुनील यादव, सुशील यादव, चंदू यादव, भानु यादव सहित नगर के लोग उपस्थित रहे।

## लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई गई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीखड़, मीरजापुर।** राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शुक्रवार को सरकारी कार्यालयों स्कूलों, कॉलेजों, आंगनबाड़ी केंद्रों पर सरदार पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित कर उनको नमन किया गया। राष्ट्रीय एकता दिवस 2025 के अवसर विकास खण्ड कार्यालय सीखड़, नेशनल इन्टर कालेज हासीपुर उच्च प्राथमिक विद्यालय खैरा प्राथमिक विद्यालय मेड़िया प्रथम, प्राथमिक विद्यालय सीखड़, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मगरहा, आंगनबाड़ी केंद्र लालपुर प्रथम, सीखड़ थर्ड पाहो, विठ्ठलपुर, विदापुर, मगरहा आदि केन्द्रों पर राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन किया गया जिसका उद्देश्य लोगों में एकता और राष्ट्रप्रेम का संदेश पहुंचाना कार्यक्रम के अंत में सरदार पटेल अमर रहें के जयघोष से वातावरण गूंज उठा इस दौरान खण्ड विकास अधिकारी राम जी मिश्रा, प्राचार्या प्रो मृणालिनी सिंह, डॉ प्रेम यादव, प्रोफेसर डॉ दिनेश यादव, एडीओ आईएसबी मुरली श्याम, सीडीपीओ धनदेई देवी, प्रधानाध्यापक विवेकानंद द्विवेदी, प्रधानाध्यापिका माधुरी देवी, प्रधानाध्यापक संजय सिंह, अमित सिंह, आनंद प्रकाश सिंह, वरिष्ठ लिपिक, संजीव मोटवानी, स्थापना बाबू हौसला प्रसाद दुबे, प्रवीण सिंह, रौनक, प्रोजेक्ट कोर्डिनेटर रतन मिश्रा, आंगनबाड़ी कार्यकत्री स्नेहलता पांडेय, गीता मौर्या, शैल कुमारी सिंह, कुंजन पांडेय, रंजना सिंह, तपेसरा देवी, सहित विभागो विद्यालयो के स्टाप उपस्थित रहे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज जायसवाल ने मनाई सरदार पटेल की जन्मजयंती



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मीरजापुर।** पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा नेता मनोज जायसवाल ने कंतित शक्ति केन्द्र पर भाजपा कार्यकर्ता राजकुमार निषाद के घर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ देश के पूर्व गृहमंत्री लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के 150वे जयंती पर उनके छायाचित्र पर पुष्पार्चन कर नमन किया।उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश के आज़ादी में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी।इसके साथ कई रियासतों का विलय कर राष्ट्र का एकीकरण करने में भी अमुल्य योगदान दिया था।उनके योगदान को देशवासी कभी भी भुल नही सकते है।देश उनकी जयंती को एकता दिवस के रूप में मना रही है।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश मे सबसे ऊंची प्रतिमा बनवाकर देश को एकता का संदेश दिया है।प्रदेश में योगी सरकार द्वारा भी विभिन्न जिलों में राष्ट्रीय एकता के संदेश के लिए रन फॉर यूनिटी,प्रभात फेरी,रंगोली आदि कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। पूर्व की सरकारों में सरदार पटेल की जयंती को इस तरह से नहीं मनाया जाता था।जब से केंद्र और प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है,तब से लौह पुरुष सरदार पटेल की जयंती को बड़े धूम धाम से मनाया जाता है। इस मौके पर पंचमलाल यादव, कृष्ण कुमार, संजय दुबे, गिरिजा, नरेंद्र कौशल, राजकुमार, धर्मेंद्र गुप्ता, मंगल, धीरज, गोवर्धन, छोटेलाल,दशरथ, लखेंदर, धर्मेंद्र, राहुल निषाद, ओमप्रकाश मौर्या, रवि टंडन, रविशंकर पटेल, सूरज सोनकर, जयहिंद, पिंटू,असगर, चित्रकुर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## पेड़ गिरने से घंटों आवा गमन वाधित रहा



**सीखड़, मीरजापुर।** कोतवाली क्षेत्र के मगरहा गांव स्थित राज्यमार्ग 74 पर भारतीय स्टेट बैंक शाखा के पास बारिश से एक विशाल काय चिलबिल का पेड़ गिर जाने से यातायात बाधित हो गया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह करीब दस बजे सोनवर्षा गांव निवासी बच्चे लाल अपनी दुकान खोलने पहुंचे थे कि तभी चिलबिल के पेड़ से चर चर कर फटने की आवाज आ रही थी? आवाज सुनकर स्थानीय बनारसी सिंह,अनील सिंह उर्फ पप्पू, मंटू सिंह,गोलू सिंह, बादशाह सोनकर व दुकानदार ने सड़क पर खड़ा हो कर पेड़ के पास वाहनों को आने जाने से रोक दिया।एक कार वाले ने नहीं रुका और पेड़ के आगे जैसे ही निकला कि तबतक पेड़ धराशाई हो गया। बड़ा हादसा होने से बच गया। पेड़ कि चपेट में आने से विद्युत पोल व तार टूट गया दुकान के आगे लगा टिन सेट पूर्ण रूप से छतीगस्त हो गया। पेड़ व विद्युत पोल गिरने से करीब एक घंटा रास्ता अवरुद्ध रहा। वहीं बैंक में विद्युत आपूर्ति बाधित हो गया।

## एकता के संदेश के साथ मनाया गया राष्ट्रीय एकता दिवस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**चुनार मिर्जापुर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुनार में शुक्रवार को राष्ट्रीय एकता दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) माधवी शुक्ला की अध्यक्षता में ÷एकता रैली ÷ से हुई। इस अवसर पर उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय एकता दिवस हमें सरदार वल्लभभाई पटेल के आदर्शों और उनके योगदान की याद दिलाता है। हमें हमेशा देश की एकता, अखंडता और भाईचारे को बनाए रखने के लिए प्रयासरत रहना चाहिए। इसके साथ ही राष्ट्रीय एकता दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमे मुख्य वक्ता के रुप में डॉ0 अरविंद कुमार ( असिस्टेंट प्रोफेसर-शारिरिक शिक्षा) ने सरदार बल्लभ भाई पटेल के व्यक्तित्व एवं देश की एकता व अखंडता को बनाए रखने में उनके बहुमूल्य योगदान पर प्रकाश डाला। इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने देशभक्ति गीत, नृत्य और भाषण प्रस्तुत किए। राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर पूर्व कार्यक्रम के अंतर्गत पोस्टर मेकिंग,क्विज़, निबंध लेखन तथा रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया, जिनमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इन प्रतियोगिताओं में जिन प्रतिभागियों ने स्थान प्राप्त किया, उन्हें पुरस्कृत किया गया। तत्पश्चात राष्ट्रीय स्वयं योजना के स्वयंसेवकों को युवा एवं खेल मंत्रालय द्वारा जारी प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इसी के साथ राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर में जिन स्वयं सेवकों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था, उन्हें पुरष्कृत किया गया। जिससे विद्यार्थियों में राष्ट्रीय एकता और सेवा भावना को प्रोत्साहन मिला।

समारोह का उद्देश्य छात्रों में एकता, सद्भावना और राष्ट्रप्रेम की भावना को मजबूत करना था। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम संयोजक डॉ0 दीप नारायण ने किया,धन्यवाद ज्ञापन राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ0 दीपक सिंह ने किया। इस अवसर सांस्कृतिक प्रभारी डॉ0 कुसुम लता, आई0 क्यू0 ए0सी0 प्रभारी डॉ0 चंदन साहू,डॉ0 विद्या सिंह राष्ट्रीय सेवा योजना सह-प्रभारी सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, प्राध्यापिकाएँ, शिक्षणेतर कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।

## रन फॉर यूनिटी में गूंजे देशभक्ति के नारे, लौहपुरुष सरदार पटेल को दी गई श्रद्धांजलि

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती के अवसर पर गुरुवार को जनपद में राष्ट्रीय एकता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर से एम.एल.के. पी.जी. कॉलेज तक 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन किया गया, जिसे मुख्य अतिथि मा0 एमएलसी पवन सिंह चौहान, विधायक बलरामपुर सदर पल्टूराम, विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ल, जिलाध्यक्ष रवि मिश्र, डीएम विपिन कुमार जैन, सीडीओ हिमांशु गुप्ता तथा अन्य जनप्रतिनिधियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

देशभक्ति नारों के साथ शुरू हुई एकता दौड़ में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, अधिकारी, कर्मचारी और नागरिक शामिल हुए। रन फॉर यूनिटी का समापन एम.एल.के. पी.जी. कॉलेज में हुआ, जहाँ अतिथिगणों ने सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। तत्पश्चात मुख्य अतिथि एमएलसी पवन सिंह चौहान ने उपस्थित जनों को राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की शपथ दिलाई।

कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बालक एवं बालिका वर्ग के प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एमएलसी पवन सिंह चौहान ने सरदार पटेल के जीवन, नेतृत्व और भारत की एकता में उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने 565 रियासतों का विलय कर अखंड भारत के निर्माण में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा रन फॉर यूनिटी और स्टैच्यू ऑफ यूनिटी जैसी पहल को सरदार पटेल के आदर्शों को नई पीढ़ी तक पहुँचाने का प्रयास बताया।

विधायक पल्टूराम और डीएम विपिन कुमार जैन ने भी पटेल जी के योगदान को नमन करते हुए एकता, अखंडता और राष्ट्रभक्ति के भावों को आत्मसात करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में एडीएम ज्योति राय, जिला विद्यालय निरीक्षक, बीएसए सहित अनेक अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## सरदार पटेल की प्रतिमा के जीर्णोद्धार का लिया संकल्प



**चुनार मिर्जापुर।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के जयंती के अवसर पर शुक्रवार को भग्गल की मड़ई के पास निर्मित लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद किला जोन अध्यक्ष अपना दल आलोक पटेल के द्वारा के द्वारा प्रतिमा को सुव्यवस्थित करने के लिए आम जनमानस की उपस्थिति में ऐलान किया गया कि महापुरुषों के प्रतिमा को अनदेखा नहीं किया जाएगा । जिसके लिए प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल सिंह पटेल द्वारा 11000, राष्ट्रीय सचिव युवा मंच दिव्यांशु पटेल उर्फ दीपू पटेल 11000 , प्रदेश सचिव पंचायत मंच सूर्य प्रकाश उर्फ पप्पू पटेल 5100 और किला जोन अध्यक्ष आलोक पटेल 2100,पूर्व जोन अध्यक्ष नारायणपुर कमलेश सिंह 2100 रुपए की सहयोग राशि देने की घोषणा की। इस कार्य के लिए उपस्थित जनमानस ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए किला जोन अध्यक्ष आलोक पटेल का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

## सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर निकाली गई प्रभात फेरी



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चुनार मिर्जापुर।** श्रीमती भागीरथी ट्रस्ट आदर्श संस्कृत महाविद्यालय के तत्वावधान में शुक्रवार को सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वी जयंती अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों, अध्यापकों एवं कर्मचारियों ने प्रातः काल प्रभात फेरी निकाली, जिसमें बच्चे एक राष्ट्र श्रेष्ठ राष्ट्र का नारा देते हुए चल रहे थे। तत्पश्चात विद्यालय के सभागार में प्राचार्य डा रमापति त्रिपाठी ने सरदार वल्लभभाई पटेल की तैल चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने मंगलाचरण गाकर एवं काव्य गीत प्रस्तुत किया।तत्पश्चात विद्यालय के प्राध्यापक श्याम किशोर पांडे ने अपने संक्षिप्त भाषण में सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन व स्वतंत्रता संग्राम में उनकी सहभागिता एवं उन्हें लौह पुरुष का नाम किसने दिया इत्यादि जानकारी प्रदान की। डॉक्टर त्रिपाठी ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए।आज राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में हम सभी एकता के सूत्र में जुडकर राष्ट्र निर्माण में अपना अमूल्य योगदान दें। इस अवसर पर रमापति दीक्षित, सुनील। दीक्षित, श्रीमती विभा पुजारी, सुश्री प्रीति पाठक आदि उपस्थित थे।

## सेवा ही संकल्प के प्रयास से अज्ञात शव की हुई पहचान परिजनों ने किया अंतिम संस्कार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र।** गुरुवार सुबह सेवा ही संकल्प के सामाजिक कार्यकर्ता राकेश केशरी को लोढ़ी चौकी इंचार्ज उमाशंकर सिंह ने फोन पर सूचना दी कि क्षेत्र में एक अज्ञात शव बरामद हुआ है, जिसका आधार कार्ड की फोटो कॉपी अपठनीय है। शव की पहचान हेतु आधार डाटा निकलवाने का अनुरोध किया गया।काफी मशक्कत के बाद मृतक की पहचान गोवर्धन पुत्र नंदकिशोर, निवासी मकान संख्या 49, वार्ड 3, रतनपुरा, थाना जसीडीह, जनपद देवघर (झारखंड) के रूप में हुई।सेवा ही संकल्प टीम द्वारा तत्परता दिखाते हुए देवघर के पुलिस अधीक्षक से संपर्क किया गया। इसके बाद थाना इंचार्ज जसीडीह दीपक जी ने मृतक के परिजनों से संपर्क कर सूचना दी।

परिजन गुरुवार शाम 5 बजे झारखंड से पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्टेशन के लिए रवाना होकर शुक्रवार सुबह सोनभद्र लोढ़ी अस्पताल पहुंचे पूरी रात समन्वय बनाया रखा। जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी की गई। झारखंड दूरी अधिक होने के कारण परिजनों ने हिन्दवारी में ही अंतिम संस्कार सम्पन्न किया।मौके पर परिजन लल्लन मंडल, लाखो ठाकुर, मुकेश ठाकुर, सिकंदर ठाकुर एवं राहुल पतलू मौजूद रहे।सेवा ही संकल्प व सोनभद्र पुलिस के भागीरथ प्रयास से मृतक की पहचान संभव हो सकी और अंतिम संस्कार संपन्न हुआ परिजनों सहित स्थानीय लोगों ने इस मानवीय सहयोग की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

## रन फॉर यूनिटी का आयोजन

**अहरौरा, मीरजापुर।** थाना प्रभारी सदानंद सिंह के नेतृत्व में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया । सरदार वल्लभ भाई पटेल के 150 वीं जयंती पर साहुवाईन के पोखरा से थाना चौकी के समस्त स्टाफ पत्रकार बंधु और इंटर कॉलेज के छात्र छात्राएं सम्मिलित होकर दौड़ लगाते हुए नगर चौकी में आकर राष्ट्रगान गाया। उसके बाद दौड़ में शामिल समस्त लोगों के लिए पुलिस चौकी की तरफ से जलपान की व्यवस्था की गई थी जिसे ग्रहण करने के बाद सभी लोग यथास्थान चले गए।थाना अहरौरा के सभी स्टॉप में नगर चौकी प्रभारी आशीष कुमार सिंह, एस आई रामदरस यादव, एस आई सैयद अली, हेड कांस्टेबल गुफरान अहमद, हेड कांस्टेबल शशि प्रताप सिंह, हेड कांस्टेबल नरेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल सुनील कुमार, हेड कांस्टेबल सुभाष यादव, हेड कॉन्स्टेबल राजकुमार पटेल,कांस्टेबल कुलदीप,महिला कांस्टेबल महिमा उपाध्याय, महिला हेड कांस्टेबल कुसुम सिंह,महिला कांस्टेबल कंचन व इंटर कॉलेज के छात्र - छात्राये शामिल रहे।

## अतिक्रमण के चलते हर रोज लग रहा रोड जैम

● वाहन चालकों एवं आम नागरिकों की दिनोंदिन बढ़ती नजर आ रही परेशानी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मड़ावरा।** नगर की अस्त-व्यस्त यातायात व्यवस्था से राहगीरों, वाहन चालकों एवं आम नागरिकों की परेशानी दिनोंदिन बढ़ती नजर आ रही है। कस्बे की मुख्य सडक़ किनारे अतिक्रमण कर सब्जी-फल बेचने वालों समेत अन्य दुकानों के अतिक्रमण से कस्बे में प्रतिदिन रोड जैम की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। शुक्रवार को भी सरदार बल्लभभाई पटैल के जयंती समारोह में निकाली द्वशोभायात्रा के दौरान भी सडक़ जैम की समस्या का सामना करना पड़ा। मुख्य बाजार समेत गिरार तिराहे पर एक घंटे से अधिक जैम लगा रहा और तीनों तरफ से आने वाले वाहन जैम में फंसे रहे। गौरतलब है कि बीते दिनों जनपद में हुई बारिश से अवशेष खेतों में बोहनी के लिये खाद-बीज की खरीदार में ट्रैक्टरों एवं अन्य वाहनों की काफी आवाजाही हो रही है जिसके चलते बैरियर चौराहे से गिरार तिराहे तक रोड जैम के हालात बने रहते हैं।

शुक्रवार को गिरार तिराहे पर लगभग एक घंटे तक रोड जैम रहा और वाहन काफी रेंगते हुये निकल सके। यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने में स्थानीय पुलिस द्वारा कोई खास रुचि नहीं लेने से ट्रैक्टरों समेत अन्य वाहन सडक़ पर और फुटपाथ पर बेतरतीब खड़े रहते हैं जो कस्बे में रोड जैम का एक मुख्य कारण बना हुआ है। बीते माह में ग्राम पंचायत एवं प्रशासन द्वारा अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी कर चिन्हीकृत अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी गयी लेकिन बाद में इस अभियान की हवा निकल गयी।




गिरार तिराहे पर जैम में फसी एम्बुलेंस को निकलवाते युवक।

**मड़ावरा में हो स्थायी यातायात पिकेट**

नगर में बढ़ते हुए संसाधनों एवं विभिन्न कार्यालयों के संचालन से वाहनों एवं ग्रामीणों की आवाजाही काफी बढ़ गयी है साथ ही नगर की आबादी में भी द्वकाफी बढ़ोतरी होने से मुख्य मार्ग पर रोड जैम की समस्या आम बात हो गयी द्वहै। कस्बे में यातायात व्यवस्था सुचारू रखने के लिये बेरियर चौराहा एवं गिरार तिराहे पर स्थाई रूप से यातायात पिकेट संचालित किया जाये।

**जैम खुलवाने में युवकों ने की सहायता**

शुक्रवार को गिरार तिराहे पर एक घंटे से अधिक देर तक लगे लंबे रोड जैम में फंसी सवारी बसों, एम्बुलेंस समेत अन्य वाहनों की सुचारु आवाजाही के लिये स्थानीय युवकों द्वारा काफी सहायता की गई। जैम में फंसी एम्बुलेंस को रास्ता दिलाने में युवाओं को काफी मशक्कत करनी पड़ी।

# संक्षिप्त खबरें

## होलागढ़ प्रयागराज में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाई गई

**प्रयागराज।** पफाफामऊ विधान सभा ग्राम सभा पटेल नगर चौराहा होलागढ़ प्रयागराज में भारत को एक सूत्र में पिरोने वाले सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती मनाई गई द्य कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिला पंचायत सदस्य छेदीलाल पटेल ने किया द्य कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय कुर्मी महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष रामकिशोर पटेल जी रहे द्य कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में लगातार दो बार रहे जिला पंचायत सदस्य डॉक्टर शिवपूजन पटेल उर्फ भुग्गा पटेल एवं भावी जिलापंचायत प्रत्याशी जयकरण पटेल रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल हम लोगों के पुरखे हैं उन्होंने खंड-खंड 562 जैसी रियासतों को बचाने के साथ-साथ एक करने का काम किया है। और देश को दो भाग में बटने से बचा लिया ।एवं हमारे देश के किसानों से अंग्रेज सरकार का लगान वसूली के साथ-साथ कडा प्रशासन दिखाते हुए कड़ी से कड़ी सजा देने का काम करते थे। लेकिन हमारे पुरखे उन किसानों को सजा एवं जेल जाने से बचाने का काम किया। जब कोर्ट में बहस चल रही थी तभी सरदार वल्लभ भाई पटेल को एक खत मिला जिसमें लिखा था कि आपकी पत्नी का देहांत हो गया लेकिन उन्होंने पढ़कर जेब में रख लिया और किसानों की बात को मजबूती से रखते हुए बहस किया और जज को बा इज्जत बरी करना पड़ा। ।कार्यक्रम में सैकड़ो लोग सम्मिलित रहे। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक के रूप में एडवोकेट शिवाजी पटेल एवं संजीव कुमार पटेल जी रहे। कार्यक्रम में भारतीय कुर्मी महासभा के विधानसभा अध्यक्ष अजय पटेल, भारतीय कुर्मी महासभा के होलागढ़ ब्लाक अध्यक्ष संजय पटेल उर्फ बाबा जी, न्याय पंचायत अध्यक्ष राकेश पटेल ,पूर्व प्रधान राजकुमार पटेल, अशर्फी लाल पटेल, वीर सिंह पटेल उर्फ छक्कन पटेल, पूर्व प्रधान रामराज पटेल, डॉक्टर दिनेश गुप्ता, शत्रुघ्न जी,राजू भाई पान वाले जीत लाल मास्टर,उमाशंकर चौधरी, अजीत पान पैलेस वाले, रवि शंकर यादव, विजय पटेल, राजेश यादव, रामचंद्र पटेल, मुन्ना भाई, आदि लोग सम्मिलित रहे।

## मण्डलायुक्त ने राष्ट्रीय एकता दिवस की दिलायी शपथ



**ब्यूरो प्रयागराज।** मण्डलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने गांधी सभागार में भारत रत्न लौहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। उन्होंने गांधी सभागार में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलायी। ''मैं सत्यनिष्ठा से शपथ लेता हूँ कि मैं राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाये रखने के लिए स्वयं को समर्पित करूंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करूंगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूं, जिसे सरदार



वल्लभ भाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यो द्वारा सम्भव बनाया जा सका। मैं अपने देश की आन्तरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प करता हूं।'' इस अवसर पर अपर आयुक् रत्नप्रिया, जयजीत कौर सहित समस्त अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहें। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने संगम सभागार में भारत रत्न लौहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयंती दिनांक 31 अक्टूबर, 2025 ''राष्ट्रीय एकता दिवस'' के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। संगम सभागार में देश की एकता और अखण्डता के लिए ''राष्ट्रीय एकता दिवस'' के अवसर पर पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया और जहां पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जिलाधिकारी ने ''राष्ट्रीय एकता दिवस'' की शपथ दिलायी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) विनीता सिंह, अपर जिलाधिकारी (नागरिक आपूर्ति) विजय शर्मा, अपर जिलाधिकारी (नजूल) संजय पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी (नगर) सत्यम मिश्र सहित समस्त अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# हाईकोर्ट से अरुण पुरी,प्रभु चावला और दैनिक भास्कर को राहत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट से अरुण पुरी और प्रभु चावला को राहत मिली है तो दैनिक भास्कर को एमपी हाईकोर्ट से राहत मिली है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बाल श्रम और बाल वेश्यावृत्ति से संबंधित एक समाचार [प्रभु चावला बनाम उत्तर प्रदेश राज्य और अन्य] से संबंधित शिकायत मामले में लखनऊ की एक अदालत द्वारा इंडिया टुडे के प्रधान संपादक अरुण पुरी और पूर्व संपादक प्रभु चावला को जारी समन रद्द कर दिया है। न्यायमूर्ति बृज राज सिंह ने फैसला सुनाया कि नाबालिग लड़कियों के यौन शोषण के बारे में समाचार रिपोर्ट से समाज में कोई वैमनस्य या अशांति पैदा नहीं हुई है।एकल न्यायाधीश ने आगे कहा कि अभियुक्तों का समुदायों के बीच किसी भी प्रकार की नफरत को बढ़ावा देने का कोई इरादा नहीं था। न्यायालय ने 13 अक्टूबर के फैसले में कहा "भारतीय संविधान के अध्याय III के तहत निहित अनुच्छेद 19 (1) (ए) अनिवार्य रूप से एक मौलिक अधिकार है जो गारंटी देता है कि एक नागरिक को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार है। और वर्तमान मामले में, नाबालिग लड़कियों और उनके यौन शोषण से संबंधित एक विशेष क्षेत्र के तथ्य प्रकाशित किए गए हैं; निश्चित रूप से पत्रिका में चित्रित नाबालिग लड़कियों के यौन शोषण की दुर्दशा दो समूहों या समुदायों के बीच कोई वैमनस्य या अशांति पैदा नहीं करती है," । पत्रिका ने "लड़कियाँ बिकाऊ हैं" और "लड़कियों की मंडी" शीर्षक से एक लेख प्रकाशित किया था, जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों में बाल श्रम और बाल वेश्यावृत्ति के मुद्दे पर प्रकाश डाला गया था। इसमें यह भी बताया गया था कि कैसे देश के आर्थिक रूप से पिछड़े इलाकों के लोगों को शादी या रोज़गार के लिए विदेश भेजने के लिए धोखा दिया जा रहा है। इसके बाद, एक निजी शिकायत में पत्रिका पर भारतीय दंड संहिता की धारा 153 और 153ए के तहत अपराध करने का आरोप लगाया गया। 2017 में एक निचली अदालत ने शिकायत का संज्ञान लिया और पुरी और चावला को तलब किया। इसके बाद उन्होंने समन आदेश को रद्द करने के लिए उच्च न्यायालय का रुख किया। यह तर्क दिया गया कि लेख का पूरा उद्देश्य जनता और अधिकारियों के बीच इस मुद्दे को उजागर करना था। यह भी तर्क दिया गया कि कथित अपराध सिद्ध नहीं होते। आरोपियों के वकील ने दलील दी, "दोनों समूहों या समुदायों के बीच वैमनस्य, दुश्मनी या घृणा की भावना को बढ़ावा देने या पैदा करने का प्रयास करने वाले किसी भी मौखिक या लिखित शब्द का कोई स्पष्ट संकेत नहीं है।" रिकॉर्ड और प्रस्तुतियों पर विचार करते हुए, एकल न्यायाधीश ने कहा कि आवेदकों ने अपने खिलाफ कथित अपराध नहीं किए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सूचना के स्रोत का उल्लेख समाचार रिपोर्ट में किया गया था। "सूचना के आधार और स्रोत का उल्लेख किया गया है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि पश्चिम बंगाल का मुर्शिदाबाद जिला मानव तस्करी का केंद्र बन गया है जहाँ नाबालिग लड़कियों को यौन संतुष्टि के लिए बेचा जाता है। भले ही यह उल्लेख किया गया हो कि बेदिया समुदाय में अशांति है, इसका मतलब यह नहीं है कि यह दोनों समूहों या समुदायों के बीच वैमनस्य का मामला है। इसमें कहीं भी यह उल्लेख नहीं है कि बेदिया समुदाय मुस्लिम समुदाय के खिलाफ अशांति रखता है।÷ इस प्रकार, न्यायालय ने समन आदेश के साथ-साथ लखनऊ में विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीबीआई) के समक्ष लंबित संपूर्ण कार्यवाही को रद्द कर दिया।

### एमपी हाईकोर्ट

मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने बुधवार को एक निचली अदालत के उस फैसले को बरकरार रखा जिसमें उस शिकायत को खारिज कर दिया गया था जिसमें आरोप लगाया गया था कि दैनिक भास्कर अखबार ने 2012 में एक विज्ञापन में एक महिला की नग्न तस्वीर प्रकाशित की थी [नागेंद्र सिंह गहरवार बनाम मनमोहन अग्रवाल]। न्यायमूर्ति अचल कुमार पालीवाल ने पाया कि अब्बास-मस्तान निर्देशित 2012 की फिल्म 'प्लेयर्स' के प्रचार के लिए प्रकाशित विज्ञापन में महिला अभिनेत्री के शरीर के अंगों को धुंधला दिखाया गया था। न्यायमूर्ति ने कहा, "हालांकि विज्ञापन में दिखाई गई महिला के शरीर पर कोई कपड़ा नहीं है, लेकिन स्तन और जननांग काफी धुंधले हैं।

महिला के जननांगों पर कुछ शब्द भी मोटे अक्षरों में लिखे गए हैं।" इस प्रकार, न्यायालय ने इस दावे को खारिज कर दिया कि विज्ञापन लोगों में यौन भावनाएँ जगाने के लिए बनाया गया था। न्यायालय ने फैसला सुनाया कि भारतीय दंड संहिता की धारा 292 (अश्लील पुस्तकों आदि की बिक्री आदि) और 293 (युवाओं को अश्लील वस्तुओं की बिक्री आदि) तथा महिलाओं का अशिष्ट चित्रण (निषेध) अधिनियम, 1986 के प्रावधानों के तहत कथित अपराध इस मामले में नहीं बनते। न्यायालय ने आगे कहा, "महिला के स्तन और



जननांग बिल्कुल भी दिखाई नहीं दे रहे हैं। इस न्यायालय की राय में, दैनिक भास्कर समाचार पत्र, रीवा संस्करण में प्रकाशित महिला की उपरोक्त तस्वीर का उन लोगों के मन को भ्रष्ट या भ्रष्ट करने का कोई इरादा नहीं है जिनके हाथों में यह समाचार पत्र आएगा।" नागेंद्र सिंह गहरवार नामक एक वकील ने 2012 में इस तस्वीर के प्रकाशन को लेकर समाचार पत्र के संपादक के खिलाफ एक निजी शिकायत दर्ज कराई थी। निचली अदालत और पुनरीक्षण अदालत ने अपराधों का संज्ञान लेने से इनकार कर दिया, जिसके कारण गहरवार को उच्च न्यायालय का रुख करना पड़ा।

जवाब में, समाचार पत्र प्रबंधन ने तर्क दिया कि शिकायतकर्ता को शिकायत दर्ज कराने का कोई अधिकार नहीं है। यह भी कहा गया कि विज्ञापन में विवादित छवि को धुंधला कर दिया गया था। उच्च न्यायालय ने पाया कि निचली अदालत और पुनरीक्षण अदालत, दोनों ने मामले पर विस्तार से चर्चा की थी और स्थापित कानूनी सिद्धांतों के आलोक में साक्ष्यों की जाँच की थी। अपील को खारिज करते हुए न्यायालय ने आगे कहा, " द्वारा दायर शिकायत को खारिज करने/पुनरीक्षण याचिका को खारिज करने में न्यायालयों द्वारा कोई अवैधता नहीं दिखाई गई है।"

# राष्ट्रीय एकता दिवस पर एकता , सुरक्षा और जागरूकता का अद्भुत संगम

● सतर्क नागरिक सुरक्षित समाज का संदेश लेकर दौड़ा प्रयागराज।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो चीफ प्रयागराज।** राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर आज पुलि स कमिश्नरेट प्रयागराज द्वारा "रन बार यूनिटी" कार्यक्रम काभव्य आयोजन किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ मण्डलायुक्त श्री सौम्या अग्रवाल एवं पुलिस आयुक्त प्रयागराज जोगेन्द्र कुमार द्वारा गिरजाघर सिविललाइंस (धरना स्थल) से हरी झंडी दिखाकर किया गया । यह दौड़ सुभाष चौराहा तक जाकर पुनः गिरजाघर सिविललाइंस धरना स्थल पर संपन्न हुई। कार्यक्रम में अपर पुलिसआयुक्त, मुख्यालय व कानून व्यवस्था , पुलिस उपायुक्त गण, सहा यक पुलिस आयुक्तगण, आरआई सहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों ने भाग लिया । सभी प्रतिभागियों ने "एक भारत - श्रेष्ठ भारत" का नारा बुलंद करते हुए देश की अखंडता , एकता और भाईचारे का संदेश दिया । "Run for Unity" का उद्देश्य न केवल सरदार वल्लभभाई पटेल के अद्वितीय योगदान को नमन करना था , बल्कि समाज में रा ष्ट्र एकता , सामुदायिक सौहार्द, अपराध के प्रति जागरूकता एवं साइबर सुरक्षा के प्रति भी संदेश देना था। इस अवसर पर सिविल डिफेन्स, स्थानीय ना गरिकों , युवाओं एवं




विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया । पुलिस अधिकारियों द्वा रा प्रतिभागियों को नए आपराधिक कानूनों (भारतीय न्याय संहि ता ,भारतीय दंड संहिता ,भारतीय साक्ष्य संहिता ) की प्रमुख जानकारियाँ दी गई। साथ ही , साइबर अपराध से बचाव हेतु जागरूकता पंपलेट्स का वितरण भी किया गया । कार्यक्रम स्थल पर "सतर्कनागरिक - सुरक्षि त समाज" का संदेश गूंजता रहा । Run for Unity के माध्यम से प्रयागराज पुलिस ने ना गरिकों को यह संदेश दिया कि समाज की एकता और सुरक्षा तभी संभव है जब हर व्यक्ति जिम्मेदार और जागरूक बने। "एकता में शक्ति है, सुरक्षा में सामर्थ्य है" इस भावना को जन-जन तक पहुँचाने का प्रयास आज किया गया।

# बिहार चुनावः दुलारचंद हत्याकांड में जेडीयू प्रत्याशी अनंत सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** बिहार विधानसभा चुनाव से ठीक पहले मोकामा विधानसभा क्षेत्र में हुई हिंसा के मामले में जेडीयू प्रत्याशी अनंत सिंह की मुश्किलें बढ़ गई हैं। जेडीयू उम्मीदवार और बाहुबली पूर्व विधायक अनंत सिंह पर हत्या का मामला दर्ज किया गया है। गुरुवार को मोकामा के टाल इलाके में हुई गोलीबारी में दुलारचंद यादव की मौत हो गई थी। मृतक दुलारचंद यादव के पोते के बयान पर पुलिस ने देर रात एफआईआर दर्ज की है। इसमें अनंत सिंह, उनके दो भतीजे रणवीर सिंह और कर्मवीर सिंह, समेत पांच लोगों को नामजद किया गया है। शिकायत के अनुसार, अनंत सिंह के समर्थकों ने पहले फायरिंग की, फिर गाड़ी चढ़ाकर दुलारचंद यादव की हत्या कर दी। फिलहाल किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है, लेकिन मोकामा टाल क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है और स्थिति पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। पटना एसएसपी कार्तिकेय शर्मा ने बताया कि घटना मोकामा के तारतर गांव के पास हुई थी। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो वहां से दो-तीन गाड़ियां टूटी हालत में बरामद हुई। एक गाड़ी में दुलारचंद यादव का शव मिला। एसएसपी ने बताया कि मृतक के खिलाफ



पहले से हत्या और आर्म्स एक्ट के कई मामले दर्ज थे। एफआईआर दर्ज होने के बाद जेडीयू प्रत्याशी अनंत सिंह ने अपने ऊपर लगे आरोपों को पूरी तरह झूठा बताया है। उन्होंने कहा कि वे चुनाव प्रचार से लौट रहे थे और उनकी गाड़ियां आगे निकल चुकी थीं।उनका दावा है कि पीछे चल रही गाड़ियों पर जन सुराज पार्टी के समर्थकों ने हमला किया। बिहार के मोकामा में गुरुवार को चुनाव प्रचार के दौरान बुजुर्ग ओबीसी नेता दुलारचंद यादव की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हमले के बाद उन्हें वाहन से कुचला गया। यह घटना तर्तर गांव में हुई, जब यादव प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी के उम्मीदवार के लिए प्रचार कर रहे थे। दुलारचंद यादव आरजेडी नेता थे और काफी पहले मोकामा विधानसभा सीट से चुनाव भी लड़ चुके थे।

# वकीलों को उनके सलाह देने के लिए जाँच एजेंसियों द्वारा समन नहीं किया जा सकता

● सर्वोच्च न्यायालय का फैसला।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** भारत के मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई और के. विनोद चंद्रन की पीठ ने कहा कि वकीलों को केवल भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 (बीएसए) की धारा 132 में उल्लिखित असाधारण परिस्थितियों में ही एजेंसियों द्वारा समन किया जा सकता है। अदालत ने स्पष्ट किया कि धारा 132 के तहत वकीलों को जारी किए गए समन में स्पष्ट रूप से छूट दी जानी चाहिए और पुलिस अधीक्षक के पद से नीचे के किसी वरिष्ठ अधिकारी द्वारा इसकी जाँच नहीं की जानी चाहिए। सर्वोच्च न्यायालय ने शुक्रवार (31 अक्टूबर, 2025) को एक फैसले में कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जैसी कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा वकीलों को उनके मुवक्किलों को कानूनी मुद्दों पर पेशेवर सलाह देने के लिए पूछताछ के लिए समन नहीं किया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार (31 अक्टूबर) को कुछ निर्देश जारी किए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि जांच एजेंसियां आपराधिक मामलों में अभियुक्तों को दी गई कानूनी सलाह के आधार पर वकीलों को मनमाने ढंग से समन जारी न करें।। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) बीआर गवई, जस्टिस के विनोद चंद्रन और जस्टिस एनवी अंजारिया की पीठ ने जांच एजेंसियों द्वारा अभियुक्तों का प्रतिनिधित्व करने वाले वकीलों को मनमाने ढंग से समन जारी करने के मुद्दे पर कोर्ट द्वारा स्वतः संज्ञान लिए गए मामले में यह निर्णय सुनाया। यद्यपि कोर्ट ने कोई दिशानिर्देश जारी करने से परहेज किया और समन जारी करने से पहले मजिस्ट्रेट की निगरानी की आवश्यकता खारिज की। फिर भी उसने कुछ निर्देश जारी किए।

### जारी किए गए निर्देश

1. भारतीय साक्ष्य अधिनियम (BSA) की धारा 132, मुवक्किल को प्रदत्त विशेषाधिकार है, जिसके तहत वकील को निजता रूप से किए गए किसी भी व्यावसायिक संचार का खुलासा न करने का दायित्व है। आपराधिक मामलों में जांच अधिकारी, किसी संज्ञेय अपराध की प्रारंभिक जांच करने वाले थाना प्रभारी, अभियुक्त का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील को मामले का विवरण जानने के लिए समन जारी नहीं करेंगे, जब तक कि वह ब्ह्स् की धारा 132 के किसी अपवाद के अंतर्गत न आता हो। जब किसी अपवाद के अंतर्गत वकील को समन जारी किया जाता है तो उसमें विशेष रूप से उन तथ्यों का उल्लेख होगा, जिन पर अपवाद का आधार लिया जाना है। यह पुलिस अधीक्षक के पद से नीचे के पद के सीनियर अधिकारी की सहमति से भी जारी किया जाएगा, जो समन जारी करने से पहले अपवाद के संबंध में अपनी संतुष्टि लिखित रूप में दर्ज करेगा। Also Read - 750 रुपये से अधिक एनरोलमेंट फीस लेने पर बार काउंसिलों पर अवमानना की कार्रवाई होगीः सुप्रीम कोर्ट

2. इस प्रकार जारी किया गया समन वकील या मुवक्किल के कहने पर BSA की धारा 528 के अंतर्गत न्यायिक पुनर्विचार के अधीन होगा।

3. जिस वकील पर गोपनीयता का दायित्व है, वह वह है, जो किसी मुकदमेबाजी, गैर-मुकदमेबाजी या मुकदमे-पूर्व मामले में संलग्न है।

4. वकील के कब्जे में मुवक्किल के दस्तावेजों को प्रस्तुत करना, चाहे वह दीवानी मामला हो या फौजदारी मामला, BSA की धारा 132 के तहत विशेषाधिकार के अंतर्गत नहीं आएगा। किसी फौजदारी मामले में कोर्ट या अधिकारी द्वारा निर्देशित दस्तावेज प्रस्तुत करने का अनुपालन, ब्ह्स् की धारा 94 के तहत कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत करके किया जाएगा, जो BSA की धारा 165 द्वारा भी विनियमित है। दीवानी मामले में दस्तावेज प्रस्तुत करना ब्ह्स् की धारा 165 और सिविल प्रक्रिया संहिता के आदेश 16 नियम 7 द्वारा विनियमित होगा। दस्तावेज प्रस्तुत करने पर कोर्ट को वकील और वकील द्वारा प्रतिनिधित्व किए गए पक्ष को सुनने के बाद प्रस्तुत करने के आदेश और दस्तावेज की स्वीकार्यता के संबंध में किसी भी आपत्ति का निर्णय करना होगा।

5. यदि जांच अधिकारी द्वारा BNSS की धारा 94 के तहत डिजिटल उपकरणों को पेश करने का निर्देश दिया जाता है तो निर्देश केवल उसे क्षेत्राधिकार वाली अदालत के समक्ष पेश करने का होगा। वकील द्वारा अदालत के समक्ष डिजिटल उपकरण पेश करने पर अदालत उस पक्ष को नोटिस जारी करेगी, जिसके संबंध में डिजिटल उपकरण से विवरण की खोज की जानी है। डिजिटल डिवाइस के उत्पादन, उससे खोज और उस खोज की स्वीकार्यता पर किसी भी आपत्ति पर पक्ष और अधिवक्ता को सुनेगी। यदि अदालत द्वारा आपत्तियों को खारिज कर दिया जाता है तो डिवाइस केवल पक्ष और वकील की उपस्थिति में खोला जाएगा, जिन्हें अपनी पसंद की डिजिटल तकनीक में विशेषज्ञता रखने वाले व्यक्ति की सहायता से सक्षम किया जाएगा। डिजिटल डिवाइस की जांच करते समय अन्य ग्राहकों की गोपनीयता से समझौता नहीं किया जाएगा और खुलासा जांच अधिकारी द्वारा मांगी गई बातों तक ही सीमित होगा, यदि यह अनुमेय और स्वीकार्य पाया जाता है।

6. आंतरिक वकील BSA की धारा 132 के तहत संरक्षण के दायरे में नहीं आएंगे, क्योंकि वे न्यायालयों में वकालत करने वाले वकील नहीं हैं। हालांकि, आंतरिक वकील कानूनी सलाहकार को किए गए किसी भी संचार के संबंध में ब्ह्स् की धारा 134 के तहत संरक्षण के हकदार होंगे। हालांकि नियोक्ता और आंतरिक वकील के बीच संचार के लिए इस अधिकार का दावा नहीं किया जा सकता है।

उपरोक्त निर्देशों के साथ स्वप्रेरणा से मामले का निपटारा कर दिया गया। विशेष अनुमति याचिका में वकील को जारी समन रद्द कर दिया गया।

# उमर खालिद, शरजील इमाम, गुलफिशा फातिमा ने सुप्रीम कोर्ट को बताया हिंसा का आह्वान नहीं किया


स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** 2020 के उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगों से संबंधित बड़ी साजिश के मामले में जेल में बंद कार्यकर्ता उमर खालिद, शरजील इमाम और गुलफिशा फातिमा ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि उन्होंने हिंसा का आह्वान नहीं किया था और वे केवल नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) [उमर खालिद बनाम राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली राज्य] के खिलाफ शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन के अपने अधिकार का प्रयोग कर रहे थे। इन पर गैरकानूनी गतिविधियाँ (रोकथाम) अधिनियम और भारतीय दंड संहिता के तहत आपराधिक साजिश का मामला दर्ज किया गया है। खालिद ने अदालत को बताया कि जब दंगे हुए तब वह दिल्ली में भी नहीं था, जबकि इमाम ने कहा कि उसने कभी हिंसा का आह्वान नहीं किया, बल्कि केवल शांतिपूर्ण नाकेबंदी का आह्वान किया था। खालिद के वकील ने कहा, "जब दंगे हुए तब याचिकाकर्ता दिल्ली में भी नहीं था। अगर मैं वहाँ नहीं हूँ, तो दंगों को इससे कैसे जोड़ा जा सकता है।" इमाम के वकील ने दलील दी, "मुझे हिंसा से नफ़रत है। मैंने हिंसा का आह्वान बिल्कुल नहीं किया। सिर्फ़ शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन हुए।" फ़ातिमा ने भी कहा कि जिन विरोध स्थलों पर वह मौजूद थीं, वहाँ किसी भी तरह की हिंसा का कोई सबूत नहीं मिला।फ़ातिमा के वकील ने दलील दी, "मेरे ख़िलाफ़ आरोप यह है कि मैंने विरोध स्थल बनाया था। उन स्थलों पर किसी भी तरह की हिंसा नहीं हुई। जिन स्थलों पर मैं मौजूद थी, वहाँ किसी के पास मिर्च पाउडर, तेज़ाब आदि होने का कोई दस्तावेज़ी या मौखिक सबूत नहीं है।" न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ दिल्ली दंगों की व्यापक साज़िश मामले में खालिद, इमाम, फ़ातिमा और तीन अन्य आरोपियों की ज़मानत याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी।सुनवाई अभी पूरी नहीं हुई है और 3 नवंबर को सुबह 10:30 बजे जारी रहेगी।



पीठ ने सह-आरोपी मीरान हैदर, मोहम्मद सलीम खान और शिफा उर रहमान के साथ-साथ दिल्ली पुलिस की दलीलें सुनने के लिए मामले की सुनवाई सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी। ये याचिकाएँ दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा 2 सितंबर को दिए गए उस फैसले के खिलाफ दायर की गई हैं जिसमें उनकी ज़मानत याचिकाएँ खारिज कर दी गई थीं। न्यायमूर्ति नवीन चावला और न्यायमूर्ति शैलिंदर कौर की खंडपीठ ने दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ द्वारा दर्ज एफआईआर 59/2020 में यह फैसला सुनाया था।

# थाना शंकरगढ़ में "रन फॉर यूनिटी" कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**शंकरगढ़ (प्रयागराज )** प्रयागराज जनपद के थाना शंकरगढ़ में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर थाना परिसर में थाना प्रभारी के निर्देशन में क्षेत्रीय लोगों के साथ एवं स्थानीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं अभिवावकों के साथ मनाया गया। उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग के द्वारा सभी कमिश्नरेट एवं जिला मुख्यालयों में राष्ट्रीय एकता का संदेश देने तथा लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की खूबियों को क्षेत्रीय जनता के बीच प्रस्तुत करने का आयोजन किया गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी शंकरगढ़ यशपाल सिंह द्वारा सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और कहा कि भारत की अखंडता और एकता के लिए जिन्होंने अपना जीवन समर्पित किया, लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब हम उनके आदर्शो को अपने आचरण में उतारें। उन्होंने भारत को एक सूत्र में बांधने का काम किया।लौह पुरुष ने पहले संवाद का रास्ता अपनाया, लेकिन जब राष्ट्र की अखंडता पर संकट आया, तब उन्होंने कठोर निर्णय लेकर भारत की एकता को सुरक्षित किया। कार्यक्रम में थाना शंकरगढ़ पुलिस के साथ साथ व्यापार मंडल के सैकड़ो लोग उपस्थित रहे सावित्री हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेंटर के डॉक्टर विनोद त्रिपाठी एवं पैरामेडिकल की छात्राएं उपस्थित रही। सीएचसी अध्यक्ष डॉ अभिषेक सिंह, व्यापार मंडल महामंत्री रतन केसरवानी, अध्यक्ष अरविंद केसरवानी, जीवेश त्रिपाठी तथा क्षेत्र के विद्यालय के छात्र-छात्राएं अध्यापक एवं सम्मानित जनता मौजूद रही।

# दूरवर्ती पाठ्यक्रमों के गुणवत्ता संवर्धन को कार्यशाल आयोजित

**चित्रकूटः** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय द्वारा संचालित दूरवर्ती पाठ्यक्रमों के गुणवत्ता संवर्धन के लिए शुक्रवार को विश्वविद्यालय परिसर में प्रदेश स्तरीय कार्यशाला का आयोजन में किया गया। इस एक दिवसीय कार्यशाला में विभिन्न क्षेत्रीय दूरवर्ती अधिकारियों, प्रतिष्ठित विद्वानों के साथ प्रदेश के 52 जिलों के तीन सौ से अधिक लोगों ने सहभागिता की। तीन चर्चा सत्रों में सम्पन्न इस कार्यशाला में दूरवर्ती के श्रेष्ठ शैक्षणिक केंद्र के रूप में ग्रामोदय विश्वविद्यालय की छवि को और भी ऊंचाईयों पर ले जाने का संकल्प ध्वनित हुआ। इसमें इग्नू दिल्ली के पूर्व कुलपति प्रो.नागेश्वर राव, ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो.भरत मिश्रा ने विचार व्यक्ति किए। दूरवर्ती निदेशक प्रो. कमलेश थापक के साथ प्रो. आंजनेय पाण्डेय, प्रो. नीलम चौरे, प्रो. अजय चोरे ने विभिन्न तकनीकी सत्रों की अध्यक्षता की। सहायक कुलसचिव अनुराग द्विवेदी, नीलकमल कुमावत, संतोष राजपूत ने विभिन्न तकनीकी सत्रों का संयोजन किया। उद्घाटन तथा विभिन्न सत्रों का संचालन काशी प्रसाद तिवारी ने किया।

# "आई लव मोहम्मद" विवाद में चार गिरफ़्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में पिछले सप्ताह दो गाँवों के कई मंदिरों की दीवारों पर मिले "आई लव मोहम्मद" को लेकर हुए विवाद के मामले को पुलिस ने गहन जांच के बाद सुलझा लिया। इस मामले में चार लोगों को गिरफ़्तार किया गया है, जिन्होंने कथित तौर पर ज़मीन विवाद में अपने प्रतिद्वंद्वियों को झूठा फँसाने के लिए यह हरकत की थी। अलीगढ़ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार ने पत्रकारों को बताया कि गिरफ़्तार किए गए लोगों की पहचान दिलीप कुमार, आकाश, अभिषेक सारस्वत और निशांत कुमार के रूप में हुई है। अधिकारी ने बताया कि एक अन्य आरोपी राहुल, जो कथित तौर पर मुख्य साजिशकर्ताओं में से एक है, फ़रार है। हालांकि इससे पहले पुलिस ने इसी मामले में 25 अक्टूबर को मौलवी मुस्तकीम, गुल मोहम्मद, सुलेमान, सोनू, अल्लाबख्श, हसन, हामिद और यूसुफ के खिलाफ मामला दर्ज करके गिरफ्तार किया



था। लेकिन अब उन्हें छोड़ा जा रहा है। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने पिछले शनिवार को लोढ़ा क्षेत्र के भगवानपुर और बुलाकीगढ़ गाँवों में मंदिर की दीवारों पर कई जगह उत्तेजना फैलाने के लिए आई लव मुहम्मद लिखा। इसका दोष अपने विरोधियों पर डालने का झूठा माहौल बनाने की कोशिश की। एसएसपी ने कहा, "जांच में पता चला कि आरोपियों ने उन आठ लोगों को झूठा फँसाने के लिए यह लिखने की साजिश रची, जिनके साथ उनका ज़मीन विवाद चल रहा था।" वे अपने मुस्लिम प्रतिद्वंद्वियों को तनाव भड़काने के लिए जिम्मेदार ठहराना चाहते थे।

# 07 स्थानों से हटाया गया अवैध अतिक्रमण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** जनपद प्रयागराज के सभी तहसीलों में अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध जिलाधिकारी के नेतृत्व में अभियान चलाया जा रहा है। दिनांक 31.10.2025 को बंजर, खलिहान, नवीन परती, चकमार्ग, तालाबी रकबा, सभी भूमि पर हुए अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध व्यापक अभियान के क्रम में जनपद के सभी तहसीलों में कार्यवाही करते हुए कुल 07 स्थानों से अवैध अतिक्रमण हटाया गया। तहसील मेजा के ग्राम पिपरांव में पहाड खाते की भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया गया है। तहसील फूलपुर के ग्राम चमरूपुर उर्फ नन्दौर में श्मशान, ग्राम पदुमपुर में खलिहान खाते की भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया गया है।

तहसील बारा के ग्राम सेमरा कल्बना में रास्ते की भूमि, ग्राम चामू में खलिहान की भूमि, ग्राम हर्रो में बंजर की भूमि व ग्राम शंकरगढ में रास्ते की भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया गया है। जिलाधिकारी प्रयागराज मनीष कुमार वर्मा द्वारा सभी तहसील के उपजिलाधिकारियों एवं अन्य अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि अतिक्रमण सम्बन्धित शिकायतों पर अविलम्ब कार्यवाही किया जाय, दूसरी ओर जिलाधिकारी प्रयागराज ने सभी उपजिलाधिकारी व तहसीलदार को निर्देशित किया है कि तहसील स्थित सरकारी भूमि/ग्राम सभा की भूमि का नवीन सर्वे करवायें तथा इसके आधार पर अतिक्रमण की श्रेणियों का निर्धारण करें तथा अतिक्रमण के विरूद्ध तद्नुसार कार्यवाही करें। अब तक इस अभियान के सकारात्मक परिणाम सामने आये तथा आने वाले दिनों में अतिक्रमण के विरूद्ध अभियान निरन्तर जारी रहेगा।


# संक्षिप्त खबरें

## मोथा तूफान का कहरः धान और सब्जी की फसलों को भारी नुकसान, किसानों में बढ़ी चिंता



**करों, मधुपुर, देवघर, झारखंडः-** मधुपुर अनुमंडल अंतर्गत करों अंचल क्षेत्र में मोथा तूफान ने भारी कहर बरपाया है। लगातार बारिश और तेज हवा के झोंकों से खेतों में लगी धान व सब्जी की फसलें बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। हवा के तेज बहाव से धान के पौधे गिर जाने के कारण बालियों के सड़ने की आशंका बढ़ गई है, जिससे किसान गहरी चिंता में हैं। इलाके के मनोहर रजक, मनोज सिंह, महादेव रवानी, परेश सिंह, अनिल मरांडी और दिलीप बाउरी आदि किसानों ने बताया कि बेमौसम बारिश और तूफानी हवाओं के कारण धान फसल को भारी नुकसान होने की संभावना है। कई खेतों में पहले से काटे गए धान पानी में डूब गए हैं, जिससे धान सड़ने लगा है और पूरी मेहनत पर पानी फिरने की स्थिति बन गई है। किसान महादेव रवानी और मनोज सिंह ने सरकार से मांग की है कि कृषि विभाग के पदाधिकारी जल्द से जल्द क्षेत्र का भ्रमण करें और स्थिति का जायजा लेकर प्रभावित किसानों को राहत उपलब्ध कराएं। फिलहाल क्षेत्र के खेतों में पानी भरा हुआ है और कई जगहों पर फसलें बर्बाद होने लगी हैं। किसानों का कहना है कि यदि जल्द मौसम सामान्य नहीं हुआ, तो इस वर्ष की खेती पूरी तरह प्रभावित हो सकती है।

## गड़दरवा गांव में बारिश से कच्चा मकान गिरा, मलबे में दबने से एक बकरी की मौत, एक व्यक्ति चोटिल, गरीब परिवार हुआ बेघर



बीते कुछ दिनों से रुक रुक कर हो रही लगातार बारिश से दुद्धी ब्लॉक क्षेत्र के गड़दरवा गांव में शुक्रवार की भोर लगभग साढ़े 3 बजे एक खपरैल कच्चा मकान ढह गया। जिससे मलबे में दबे तीन बकरियों में एक बकरी की मौत हो गई। जबकि 35 वर्षीय राम चरन पुत्र विमलेश निवासी गददरवा को मामूली चोटें आई है। ग्राम प्रधान गड़दरवा जयबाबू ने बताया कि रामचरन अपने छोटे बच्चे के साथ चारपाई पर सौए हुए थे। यह तो गलिमत रहा कि मलबा बच्चे के ऊपर नही गिरा। नही तो बड़ी दुर्घटना से इनकार नही किया जा सकता था। उन्होंने बताया कि रामचन इसी घर में अपने पूरे परिवार के साथ रहते है। घर गिरने से पूरा परिवार बेघर हो गया है। ग्राम प्रधान जयबाबू ने बताया कि घटना की सूचना देने के लिए लेखपाल से कई बार संपर्क करने का प्रयास किया गया मगर सम्पर्क नही हो सका है। उन्होंने कहा कि गांव के लेखपाल का ना तो फोन कभी लगता है और नाही वे गांव में घूमने आते है। ग्रामीणों ने तहसील प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

## सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती पर विश्व हिंदू महासंघ ओबरा इकाई द्वारा कार्यक्रम



स्वतंत्र भारत के प्रथम गृह मंत्री, उप प्रधानमंत्री, राष्ट्रीय एकता के प्रतीक, और भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयंती के उपलक्ष्य में, सोनभद्र, ओबरा में विश्व हिंदू महासंघ इकाई ओबरा के नगर अध्यक्ष और कार्यकर्ताओं द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन महान नेता सरदार पटेल के राष्ट्र के प्रति अविस्मरणीय योगदान को याद करने और उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए किया गया था। स्वतंत्र भारत के एकीकरण में सरदार पटेल के महत्वपूर्ण योगदान और उनकी जयंती (राष्ट्रीय एकता दिवस) को मनाना। विश्व हिंदू महासंघ, इकाई ओबरा, सोनभद्र। सेक्टर संयोजक सुभाजित पांडे के आवास पर कार्यक्रम में संरक्षक ओम प्रकाश सिंह, जिला मीडिया प्रभारी अजीत प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष विनय दुबे, संयोजक सोविजित पांडे, और वरिष्ठ कार्यकर्ता दिनेश पाठक सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्म 31 अक्टूबर 1875 को हुआ था। उनके दृढ़ संकल्प और निर्णायक नेतृत्व के कारण उन्हें लौह पुरुष के नाम से जाना जाता है। स्वतंत्रता के बाद उन्होंने भारत की 562 से अधिक रियासतों को भारतीय संघ में सफलतापूर्वक एकीकृत करने में केंद्रीय भूमिका निभाई, जिससे भारत एक अखंड राष्ट्र के रूप में सामने आया। उनकी जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है।

# त्रिवेणीगंज अस्पताल में मरीजो के जान से होता है खिलवाड़

● बिना ब्लड लिए थमा दी गई जांच रिपोर्ट, फर्जी दवा वितरण का आरोप!



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पटना, बिहार ब्यूरो।** सुपौल जिले के त्रिवेणीगंज अनुमंडलीय अस्पताल में लापरवाही और भ्रष्टाचार का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। अस्पताल पर मरीजों की जांच रिपोर्ट फर्जी तरीके से तैयार करने और दवाइयों के नाम पर कागजी खेल सामने आया है। जानकारी के अनुसार, नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड 6 निवासी 57 वर्षीय बाल्मीकि प्रसाद दास पिछले एक सप्ताह से बुखार से पीड़ित थे। बुधवार को परिजन उन्हें इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल लेकर पहुंचे। ओपीडी में मौजूद चिकित्सकों ने मरीज का सीबीसी, हीमोग्लोबिन, ब्लड शुगर, यूरिन आरई, एचबीएसएजी, ब्लड ग्रुप, ट्रूनेट, विडाल और डेंगू (IgM एवं IgG) जांच कराने का निर्देश दिया। परिजन जब सरकारी लैब (कमरा संख्या 6) पहुंचे, तो लैब कर्मी ने समय की कमी का हवाला देते हुए जांच करने से मना कर दिया। कहा कि "डेढ़ बज गए है, अब जांच नहीं हो सकती।" परिजन बिना जांच कराए घर लौट गए। लेकिन दो दिन बाद शुक्रवार हुआ उससेपरिजन के साथ आम अवाम भौचक है। मरीज के पुत्र के मोबाइल पर बीआर जीओवीटी से एक मैसेज आया जिसमें लिखा था प्रिय बाल्मीकि प्रसाद दास, आपका लैब परीक्षण पूरा हो गया है। आपकी रिपोर्ट 31 अक्टूबर को जनरेट की जाएगी।

परिजन शुक्रवार को अस्पताल पहुंचे, तो उन्हें बिना किसी सैंपल लिए ही जांच रिपोर्ट थमा दी गई। रिपोर्ट देखकर परिजन हैरान रह गए। मरीज के पुत्र ने सवाल उठाया – जब मेरे पिता से ब्लड या किसी प्रकार का सैंपल लिया ही नहीं गया, तो रिपोर्ट बनी कैसे? परिजनों ने आरोप लगाया कि अस्पताल में जांच और दवा वितरण के नाम पर घोटाला चल रहा है। मरीजों को बिना जांच किए फर्जी रिपोर्टें दी जा रही हैं और दवा केवल कागज पर लिखकर थमा दी जाती है। मरीज के परिजन ने मामले की शिकायत एसडीओ सह रोगी कल्याण समिति के अध्यक्ष अभिषेक कुमार और सिविल सर्जन से की गई है। परिजनों ने निष्पक्ष जांच और दोषी कर्मियों पर कार्रवाई की मांग की है ताकि मरीजों के स्वास्थ्य के साथ हो रहे इस खुलेआम खिलवाड़ पर रोक लग सके। इस संबंध में सुपौल सिविल सर्जन डॉ. ललन कुमार ठाकुर ने कहा कि मामला मेरे संज्ञान में आया है। हम स्वयं शनिवार को अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचकर जांच करेंगे।

# संजू कुमार बने लोहरदगा सांसद के प्रतिनिधि, हिडाल्को क्षेत्र में मिली समन्वय की जिम्मेदारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चंदवा, झारखंडः-** लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत ने चंदवा-टोरी के संजू कुमार को हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड लोहरदगा के लिए सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया है। सांसद ने कंपनी के महाप्रबंधक को पत्र भेजकर कहा है कि हिडाल्को खनन क्षेत्र और परिवहन व्यवस्था से जुड़े ट्रक ऑनर्स एवं प्रबंधन के बीच बेहतर तालमेल और संवाद के लिए संजू कुमार अहम भूमिका निभाएंगे। सांसद ने यह भी कहा कि संजू कुमार जैसे जमीनी स्तर पर सक्रिय और अनुभवी व्यक्ति इस जिम्मेदारी को बेहतर तरीके से निभा सकेंगे। संजू कुमार लंबे समय से क्षेत्र में समाजसेवा और जनहित के कार्यों से जुड़े रहे हैं। वे स्थानीय स्तर पर ट्रक मालिकों, श्रमिकों और कंपनी प्रबंधन के बीच सौहार्द्रपूर्ण संबंध बनाए रखने में हमेशा आगे रहे हैं। उनकी ईमानदारी, समझदारी और सामाजिक जुड़ाव को देखते हुए सांसद ने उन पर भरोसा जताया है। संजू कुमार के साथ अमजद खान को भी सहयोगी प्रतिनिधि के रूप में मनोनीत किया गया है। संजू कुमार ने सांसद सुखदेव भगत का आभार जताते हुए कहा कि यह जिम्मेदारी सम्मान के साथ-साथ सेवा का अवसर भी है। उन्होंने कहा कि वे क्षेत्र के ट्रक मालिकों और कंपनी प्रबंधन के बीच हर समस्या का समाधान पारदर्शिता और संवाद के ज़रिए करने का प्रयास करेंगे। संजू ने कहा यह मेरे लिए गर्व की बात है कि सांसद ने मुझ पर भरोसा जताया है। मैं अपनी पूरी निष्ठा और लगन के साथ इस दायित्व को निभाऊंगा।प्रतिनिधि बनाए जाने की सूचना मिलते ही चंदवा-टोरी क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। स्थानीय लोगों ने संजू



कुमार को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। लोगों का कहना है कि संजू कुमार की नियुक्ति से ट्रक ऑनर्स और प्रबंधन के बीच तालमेल और भी मजबूत होगा तथा क्षेत्र के हितों को नई दिशा मिलेगी। बधाई देने वालों में विष्णु कुमार, अब्दु सुफियान, अजाद, अजय कुमार सहित कई गणमान्य शामिल थे।

## पबरही चौक पर एसडीओ की गाड़ी से टकराई बोलेरो, बाल-बाल बचे अधिकारी, मामले में प्राथमिकी दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही चौक के पास बुधवार की रात एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। बरही एसडीओ जोहन टुडू की सरकारी वाहन से पीछे से आ रही एक बोलेरो ने जोरदार टक्कर मार दी। संयोगवश एसडीओ और उनके चालक बाल-बाल बच गए, हालांकि वाहन का पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और हेड लाइट टूट गई। घटना की जानकारी मिलते ही बरही पुलिस मौके पर पहुंची और बोलेरो वाहन को जब्त कर थाना ले आई। घटना के समय एसडीओ स्वयं विधि-व्यवस्था से जुड़े एक कार्य के लिए बरही चौक से गुजर रहे थे। तभी बोलेरो ने पीछे से उनकी गाड़ी में जोरदार टक्कर मार दी। जब एसडीओ वाहन के चालक सुरेंद्र कुमार ने विरोध जताया तो बोलेरो सवार युवकों ने गाली-गलौज और




धक्का-मुक्की तक की। बरही थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि एसडीओ के चालक सुरेंद्र कुमार के लिखित आवेदन पर बिट्टू दुबे, मनीष प्रसाद, प्रताप गुप्ता, सूरज गुप्ता, सामंतों प्रजापति, सोनू विश्वकर्मा सभी घँघरी बरकट्ठा थाना निवासी पर कांड संख्या 415/25 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस ने बोलेरो वाहन को जब्त कर लिया है और अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

## रमाशंकर यादव को सेवानिवृत्ति पर दी गई विदाई



**देवरिया।** जनपद के विकास खंड गौरीबाजार अंतर्गत पशु चिकित्सालय में कार्यरत कर्मचारी रमाशंकर यादव के 38 वर्ष की सेवा पूर्ण होने पर उन्हें विदाई दी गयी। कार्यक्रम में पशु चिकित्साधिकारी डॉ. सतीश कुमार ने उन्हें कर्मठ व सहयोगी कर्मचारी बताते हुए सम्मानित किया। पशुधन प्रसार अधिकारी निशाकांत तिवारी ने कहा कि उनका कार्य व व्यवहार अनुकरणीय रहा है। समारोह में वेटनरी फार्मासिस्ट धनंजय सिंह, नंदलाल प्रसाद, मनीष कुमार, रामाशीष यादव, इंजीनियर सिंह सहित पैरावेट्स व स्थानीय लोगों ने स्मृति चिन्ह भेंट कर शुभकामनाएँ दीं।

## एस आर टी कालेज धमड़ी में एन एस एस द्वारा मनाई गई सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मेहरमा, गोड्डा, झारखंडः-** मेहरमा प्रखंड के अंतर्गत एस आर टी कॉलेज धमड़ी में मंगलवार को एन एस एस ईकाई 01 के द्वारा प्राचार्य डॉ शंभु कुमार सिंह के नेतृत्व में सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के निर्देश पर राष्ट्रीय एकता दिवस प्रतिज्ञा का उपयोग करते हुए शपथ दिलाई गई। इसके पश्चात राष्ट्रीय एकता दौड़ का आयोजन किया गया। इसके पूर्व महाविद्यालय के सभागार में सरदार बल्लभ भाई पटेल की तस्वीर पर प्राचार्य एवं सभी प्राध्यापकों के द्वारा माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। एन एस एस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो महेश्वर इंदवार ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए सभी प्राध्यापकों से राष्ट्रीय एकता दिवस पर अपने विचार साझा किया। प्रो निमाई चंद्र दास ने सरदार बल्लभ भाई पटेल की जीवनी पर प्रकाश डाला एवं उनके राष्ट्रीय योगदान सराहना की। डॉ जयशंकर तिवारी ने भारतीय स्वतंत्रता संघर्ष एवं आजादी के बाद उनकी कुशल संगठनकर्ता से देशी रियासतों संगठित करने की क्षमता की सराहना की।डॉ धीरेन्द्र कुमार ने भी सभा संबोधित करते हुए अनुशासन एवं टीम भावना से कॉलेज को आगे ले जाने आवश्यकता पर जोर दिया। मौके पर बर्सर प्रो नीरज कुमार, डॉ देव,डॉ जेबा अनवर, डॉ पल्लवी कुमारी, डॉ अभय दुबे,डॉ बिपिन



कुमार, डॉ आतिफ कयूम,डॉ गोविंद कुमार,रीमा,श्री प्रदीप कुमार,हेमंत कुमार ,बबलू कुजूर,जय कुमार, भावेश कुमार सिन्हा,अमरजीत कुमार,संतोष कुमार,प्रिया कुमारी,सोनी कुमारी, एन एस एस वालेंटियर लक्ष्मी कुमारी, कार्तिक कुमार एवं अन्य उपस्थित रहे। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# घाटमपुर में रन फॉर यूनिटी का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**घाटमपुर/**लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती पर शुक्रवार को घाटमपुर क्षेत्र के घाटमपुर सजेती रेउना बिधनू थाना क्षेत्र समेत कई स्थानों पर,रन फॉर यूनिटी,का आयोजन किया गया, सुबह एनसीसी कैडेट्स और पुलिस कर्मियों ने करीब डेढ़ किलोमीटर लंबी दौड़ लगाई, कार्यक्रम में घाटमपुर विधायिका सरोज कुरील, पुलिस अधिकारी और कार्यकताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, रैली रेवना थाने से शुरू हो कर क्षेत्र का भ्रमण करती हुई वापस थाने में समाप्त हुई,रेउना,बिधनू, सजेती, घाटमपुर थाने के स्कूली बच्चों और स्थानीय नागरिकों ने एकता में दौड़ में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया सभी प्रतिभागी हाथों में तिरंगा लिए, सरदार पटेल अमर रहे ,और एकता में ही शक्ति है,के नारे लगाते हुए सड़कों पर, देशभक्ति और एकता का संदेश दे रहे थे, छात्र छात्राओं ने पुलिस कर्मियों के साथ सेल्फी लेकर कार्यक्रम का उत्साह बढ़ाया,रेउना थाना प्रभारी अनुज राजपूत ने इस अवसर पर शक्ति मिशन अभियान के तहत् महिला सुरक्षा, साईबर अपराध , और यातायात नियमों के प्रति बच्चों को जागरूक किया,इस सही जवाब देने वाले दो छात्रों को पुरस्कृत भी किया गया, घाटमपुर एसीपी क्रष्ण कान्त यादव ने कहा कि रैली का उद्देश्य सरदार वल्लभ भाई पटेल के एक भारत, श्रेष्ठ भारत के संकल्प को जीवंत करना है उन्होंने युवाओं से देश की एकता अखंडता, आपसी सद्भावना बनाए रखने की अपील की।

## कानपुर के घाटमपुर में सरदार पटेल की जयंती मनाई गई




**घाटमपुर/कानपुर।** घाटमपुर में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती 150 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई,इस दौरान राष्ट्र की एकता अखंडता और सुरक्षा का संदेश देते हुए,रन फॉर यूनिटी,का आयोजन किया गया, समारोह वेडसन रिजार्ट और पटेल भवन में आयोजित किया गया, कार्यक्रम का शुभारंभ मंत्री राकेश सचान ने पालिका परिसर में स्थापित सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया,और जिसके बाद नगर में रैली ने भ्रमण किया पटेल भवन में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री राकेश सचान मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, उन्होंने पटेल जी के संघर्ष मय जीवन के बारे में सभी को जानकारी दी, बताया कि पटेल जी ने किस तरह अंग्रेजों का सामना किया,सभी को उनके पदचिन्हों पर चलने और देश को एक सूत्र में पिरोने का आग्रह किया,इस अवसर पर विधायक सरोज कुरील, जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल बरूण, ब्लाक प्रमुख भीतरगांव अशोक सचान वेडसन रिजार्ट के मालिक उमाशंकर सचान विक्की कमेटी के अजीत सचान, आदित्य पाल अंकित सचान, सुरेंद्र सिंह सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# असमय वर्षा से बढ़ी किसानों की चिंता, धान फसल को नुकसान का अंदेशा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** 29 अक्टूबर की संध्या से शुरू हुई रुक-रुक कर होने वाली बेमौसम वर्षा ने प्रखंड के मेहनती कृषकों की चिंता बढ़ा दी है। इस दौरान तेज हवा के साथ जारी बारिश ने किसानों को आशंकित कर दिया है कि यदि यह क्रम जारी रहा, तो धान की तैयार फसल को भारी नुकसान हो सकता है। प्रख्यात कृषक रैनिश हांसदा, देवीलाल मुर्मू, बुद्धिश्वर हेम्बरम, कालीदास टुडू, मोतीलाल हांसदा, रफीक अंसारी, सुभाष हेम्बरम, रतनलाल मुर्मू, श्यामसुंदर भगत, मेटलाल मुर्मू, अर्नेस्ट हेम्बरम, रूबीलाल मुर्मू और कार्तिक भगत सहित कई किसानों ने बताया कि इस वर्ष समय पर अच्छी मानसूनी वर्षा के कारण फसल की स्थिति अत्यंत संतोषजनक थी और उपज की पूरी उम्मीद थी। किसानों ने बताया कि यदि दीपावली के समय हल्की वर्षा होती, तो ऊपरी भूमि में रोपे गए धान को लाभ मिलता। लेकिन अब इस समय पानी पड़ने और तेज हवा चलने से फसल गिरने की आशंका बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में उपज उम्मीद के अनुरूप



नहीं रहेगी। हालांकि, मौसम विभाग ने पूर्व में ही वर्षा की संभावना जताई थी और आने वाले दिनों में भी बारिश जारी रहने की चेतावनी दी है। इससे किसानों की चिंता और गहराती जा रही है। बावजूद इसके, किसानों का कहना है कि प्रकृति पर किसी का वश नहीं है। यदि वर्षा अधिक देर तक नहीं होती और हवा की तीव्रता कम रहती है, तो फसल को अधिक क्षति नहीं होगी। समाचार लिखे जाने तक पाकुड़िया के आसमान पर बादल छाए हुए थे और रुक-रुक कर हल्की वर्षा जारी थी। वहीं, प्रकृति के इस बदलाव से वातावरण में स्निग्धता और एक अनूठा निखार देखने को मिला।

# तालाब में डूबती दादी को बचाने के प्रयास में दो मासूम पोते-पोती की दर्दनाक मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चंदवा, लातेहार, झारखंडः-** चंदवा प्रखंड के जमीरा पंचायत अंतर्गत रक्सी गांव में गुरुवार की दोपहर एक हृदयविदारक घटना घटी, जिसने पूरे इलाके को शोक में डूबो दिया। ग्रामीणों की आंखें नम हैं और हर किसी के जुबान पर बस यही शब्द हैं – "अगर वो बच्चे तालाब में नहीं कूदते, तो शायद आज उनकी जान बची होती।" जानकारी के अनुसार रक्सी गांव निवासी तेतरी देवी (उम्र लगभग 60 वर्ष, पति स्वर्गीय जोगेशन प्रजापति) गुरुवार की दोपहर अपने दो पोते-पोती के साथ मक्का की खेती देखने खेत की ओर गई थीं। खेत के बगल में ही एक बड़ा तालाब (बेंगा बांध तालाब) है। गर्मी और धूल से राहत पाने के लिए तेतरी देवी तालाब में नहाने चली गईं। नहाने के दौरान अचानक उनका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में डूबने लगीं। दादी को डूबता देख पास में खेल रहे दोनों बच्चे – सुशांत प्रजापति (5 वर्ष) और उसकी बहन छोटी



कुमारी (8 वर्ष), पिता धर्मपाल प्रजापति – ने बिना देर किए तालाब में छलांग लगा दी। दोनों मासूमों ने अपनी दादी को बचाने के लिए पूरी ताकत लगा दी, लेकिन दुर्भाग्यवश वे खुद गहराई में फंस गए। ग्रामीणों ने शोर सुनकर मौके पर पहुंचकर तीनों को बाहर निकाला, पर तब तक सुशांत और छोटी की सांसें थम चुकी थीं। वहीं, तेतरी देवी को ग्रामीणों की मदद से बाहर निकालकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें खतरे से बाहर बताया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जाता है कि दोनों बच्चों के पिता धर्मपाल प्रजापति फिलहाल रोजी-रोटी के सिलसिले में कन्याकुमारी गए हुए हैं। घटना की सूचना मिलते ही वे तुरंत गांव लौटने की तैयारी में हैं। घटना की खबर फैलते ही पूरे क्षेत्र में मातम छा गया। गांव के लोगों ने बताया कि सुशांत और छोटी दोनों ही बहुत होनहार और हंसमुख बच्चे थे। ग्रामीणों ने प्रशासन से मृत बच्चों के परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग की है। यह हादसा न केवल रक्सी गांव बल्कि पूरे चंदवा क्षेत्र के लिए एक गहरा सदमा है। मासूम पोते-पोती की अपने दादी के लिए दी गई यह कुर्बानी हमेशा लोगों के दिलों में अमर रहेगी।

# शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म 10 दिन से न्याय के लिए भटक रही पीड़िता, लेकिन नहीं लिखी जा रही एफआईआर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** एक बार फिर पुलिस प्रशासन की कार्यशैली सवालों के घेरे में है। कोतवाली सदर क्षेत्र के महेवागंज की एक युवती पिछले दस दिनों से थाने के चक्कर लगा रही है, लेकिन उसकी दर्दभरी फरियाद अब तक अनसुनी है। पीड़िता के मुताबिक, आरोपी पक्ष के खिलाफ गंभीर आरोपों के बावजूद पुलिस एफआईआर दर्ज करने से बच रही है और उसे समझौते के लिए दबाव में लिया जा रहा है। यह मामला न केवल कानून व्यवस्था की विफलता को दर्शाता है, बल्कि महिला सुरक्षा को लेकर पुलिस के दोहरे रवैये को भी उजागर करता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, महेवागंज चौकी क्षेत्र की रहने वाली युवती का करीब चार वर्षो से सिंगारपुर निवासी मो0 आसिफ पुत्र नसीर से प्रेम संबंध था। आसिफ ने शादी का झांसा देकर पीड़िता का शारीरिक शोषण किया, और जब पीड़िता ने विवाह का दबाव बनाया, तो उसने शादी से इनकार कर दिया। मामला यहीं नहीं रुका – पीड़िता का आरोप है कि 20 अक्टूबर 2025 को सुबह 11:30 बजे आसिफ अपने साथियों इमरान, हसीब और नसीम (सभी निवासी सिंगारपुर) के साथ उसके घर में जबरन घुस आया। उस समय घर पर केवल पीड़िता और उसकी मां मौजूद थीं। पीड़िता के अनुसार, इमरान और हसीब ने उसे पकड़ लिया जबकि आसिफ ने उसके कपड़े फाड़ दिए और उसके साथ अश्लील हरकतें कीं। इस बीच आरोपी नसीम अपनी लाइसेंसी बंदूक लेकर धमकी देने लगा और कहा – "मेरे भतीजे आसिफ तुमसे शादी नहीं करेगा, अगर कुछ कहा तो तुम्हें और तुम्हारे परिवार को गोली मार दूँगा।" यह भयावह घटना पीड़िता के जीवन को झकझोर गई। लेकिन इससे भी अधिक चौंकाने वाली बात यह है कि इतने गंभीर आरोपों के बावजूद कोतवाली सदर पुलिस ने अब तक एफआईआर दर्ज नहीं की। पीड़िता का कहना है कि वह 10 दिन से रोजाना थाने जा रही है, लेकिन कोतवाल राजेश कुमार कार्रवाई करने के बजाय केवल बहाने बना रहे हैं। पीड़िता का आरोप है कि कोतवाल उसे दबाव में लेकर केवल एक आरोपी – आसिफ – के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने को कह रहे हैं, जबकि चारों आरोपियों ने एक राय होकर वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस का यह रवैया कानून और संविधान दोनों की भावना के खिलाफ है। सुप्रीम कोर्ट और डीजीपी कार्यालय के स्पष्ट निर्देश हैं कि महिला उत्पीड़न से जुड़े मामलों




में तुरंत एफआईआर दर्ज की जाए, लेकिन लखीमपुर खीरी पुलिस इन आदेशों को ताक पर रखकर पीड़िता को बार-बार अपमानित कर रही है। महिलाओं की सुरक्षा के नाम पर चलाए जा रहे सरकारी अभियान "मिशन शक्ति" और "महिला सम्मान सप्ताह" जैसे कार्यक्रम उस समय खोखले लगते हैं जब जमीनी स्तर पर पीड़िताओं को इंसाफ के बजाय उत्पीड़न का सामना करना पड़ता है। अब सवाल यह उठता है कि आखिर कब तक लखीमपुर की बेटियाँ इंसाफ के लिए थानों की चौखट पर सिर झुकाए खड़ी रहेंगी? क्या पुलिस प्रशासन सिर्फ दबंगों की हिफाजत करेगा या पीड़िताओं की भी सुनेगा? पीड़िता को न्याय तभी मिलेगा जब आरोपी गिरफ्तार होंगे और लापरवाह पुलिस अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी। यह मामला न केवल एक महिला के सम्मान से जुड़ा है, बल्कि पूरे समाज की संवेदनशीलता की भी परीक्षा है।

# ओबरा में सरदार पटेल की 150वीं जयंती रन फॉर यूनिटी में उमड़ा जन सैलाब, लिया गया एकता का संकल्प

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र, ओबरा।** अखंड भारत के निर्माता और देश के प्रथम गृह मंत्री, लौह पुरुष भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती के अवसर को नगर पंचायत ओबरा ने भव्यता से मनाया। राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाए जा रहे इस दिन पर, नगर पंचायत द्वारा एक प्रेरणादायक संगोष्ठी और रन फॉर यूनिटी (एकता दौड़) कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य राष्ट्र की एकता, अखंडता और सेवा भावना के प्रति जन जागरूकता बढ़ाना था। जयंती समारोह का आगाज ओबरा स्थित चिल्ड्रन पार्क से हुआ। इस अवसर पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी (श्वह्र) श्री मधुसूदन जायसवाल ने सरदार पटेल के जीवन और राष्ट्र निर्माण में उनके अद्वितीय योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। श्री जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा, सरदार पटेल ने केवल देश को आज़ाद भारत का स्वरूप नहीं दिया, बल्कि उसे एकता के सूत्र में बांधने का ऐतिहासिक कार्य किया। उनके दृढ़ विचार और प्रशासनिक कौशल आज भी देश की प्रशासनिक सेवा और राष्ट्रीय एकता के लिए महान प्रेरणा स्रोत हैं। उन्होंने विशेष रूप से भारत की 562 से



अधिक रियासतों के सफल एकीकरण में उनकी निर्णायक भूमिका को याद किया, जिसके कारण उन्हें सच्चे अर्थों में अखंड भारत का शिल्पकार और लौह पुरुष कहा जाता है।

संगोष्ठी के समापन के तुरंत बाद, राष्ट्रीय एकता का संदेश लेकर रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। यह एकता दौड़ चिल्ड्रन पार्क से शुरू हुई और क्लब एरिया होते हुए नगर पंचायत कार्यालय तक पहुँची। अंतत यह दौड़ सीओ (ष्टह्र) ऑफिस पर जाकर सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस प्रेरणादायक दौड़ में नगर पंचायत परिवार के सभी वर्गों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसमें सभी स्वच्छता कर्मी, सफाई नायक, डोर-टू-डोर कलेक्शन में कार्यरत मातृ शक्तियाँ, तथा नगर पंचायत के अनेक कर्मी शामिल थे। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री राम निवास तोमर की उपस्थिति भी उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य राष्ट्र की एकता, अखंडता और सेवा भावना के महत्व को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना था। समापन अवसर पर, उपस्थित सभी कर्मचारियों और नागरिकों ने सामूहिक रूप से सरदार वल्लभभाई पटेल जी के उच्च आदर्शों पर चलने और एक सशक्त, स्वच्छ एवं एकजुट भारत के निर्माण में अपना शत-प्रतिशत योगदान देने का संकल्प लिया। सरदार पटेल की 150वीं जयंती का यह समारोह जय अखंड भारत, जय सरदार पटेल के गगनभेदी नारों के साथ समाप्त हुआ, जिससे पूरा ओबरा नगर एकता और राष्ट्रभक्ति के भाव से गुंजायमान हो उठा।

# संक्षिप्त खबरें

## महिला से जबरदस्ती व मारपीट की शिकायत के बाद भी पुलिस का कार्रवाई से परहेज

**प्रतापगढ़।** पट्टी थाना क्षेत्र के चांदपुर गांव में गुरुवार की रात एक शर्मनाक वारदात ने इलाके में दहशत और आक्रोश फैला दिया है। मिली जानकारी के अनुसार रात करीब 9 बजे आरोपी शाहबाज खान आफरीन बेगम के घर पहुंचा। उस समय घर पर आफरीन की बहन खुशबू अकेली थी। मौका पाकर शाहबाज जबरन घर में घुस गया और खुशबू के साथ जोर-जबरदस्ती करने लगा। विरोध करने पर उसने उसके कपड़े फाड़ दिए और बेरहमी से मारपीट की।खुशबू के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके की ओर दौड़े। इसी बीच प्रार्थिनी आफरीन बेगम भी वहां पहुंचीं तो आरोपी ने उन पर भी लाठी-डंडे से हमला कर दिया।मारपीट के बाद शाहबाज ख़ां ने जान से मारने की धमकी दी और मौके से फरार हो गया।घटना से डरी सहमी बहनों ने तत्काल 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। लेकिन हैरानी की बात यह है कि शिकायती करने के बावजूद अब तक पुलिस की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। पीड़िता आफरीन बेगम ने बताया कि उन्होंने थाने में तहरीर दी, परंतु पुलिस ने सिर्फ औपचारिक पूछताछ कर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया।

## सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयन्ती पर रन फॉर यूनिटी पदयात्रा निकाली गयी



**प्रतापगढ़।** जनपद में लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयन्ती राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शहीद उद्यान पार्क (कम्पनी गार्डेन) में रन फॉर यूनिटी पदयात्रा निकाली गयी।रन फॉर यूनिटी पदयात्रा को पूर्व महाधिवक्ता व पूर्व सांसद राघवेन्द्र सिंह द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा, पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र प्रताप सिंह मोती सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल विक्रम सिंह, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश त्रिपाठी, जिला महामंत्री राजेश सिंह, राष्ट्रीय मीडिया पैनलिस्ट राकेश सिंह, नगर अध्यक्ष आलोक गर्ग सहित सभासद सहित पार्टी पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। इस दौरान उपस्थित लोगों को राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता की शपथ भी दिलायी गयी। यह पदयात्रा शहीद उद्यान पार्क से प्रारम्भ होकर पुलिस लाइन चौराहा तक निकाली गयी।

## रिमझिम बरसात से जनजीवन अस्त-व्यस्त,बढ़ी ठंडक

**-धान की फसल को नुक़सान**

**रूद्रपुर, देवरिया।** चक्रवर्ती तूफान मोंथा के चलते पूर्वांचल में हो रही रिमझिम बरसात से जहां एक तरफ जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है वहीं दूसरी तरफ धान की फसल को खासा नुकसान हुआ है। बरसात से तापमान काफी नीचे गिरने से ठंडक बढ़ गई है और समय से पहले लोगों के गर्म कपड़े भी निकलने शुरू हो गए हैं। 28 अक्टूबर से शुरू हुए मौसम ने जो करवट ली है वह लगातार 31 अक्टूबर तक जारी रहा। बारिश से समुचे क्षेत्र में सड़क कीचड़ युक्त हो गई हैं। कच्ची सड़कों पर चलना दूभर है और व्यापार पर भी असर पड़ा है । गेहूं की बुवाई के लिए किसान खेत बनाने की तैयारी में जुटा हुआ था बरसात से उस पर भी ग्रहण लग चुका है। जिन किसानों की फसले काटी चुकी हैं वह उन्हें बचाने का भरसक प्रयास कर रहे हैं। खेतों में खड़ी धान की फसल के गिरने की प्रबल संभावना बन गई है।

## सचिव ने जिला कारागार का किया औचक निरीक्षण

**देवरिया।** सचिव/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज तिवारी ने जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने UTRC कैम्पेन-4 के अंतर्गत चिन्हित बंदियों एवं अन्य विचाराधीन कैदियों से मुलाकात कर उनके मामलों की समीक्षा की तथा विधिक सहायता उपलब्ध कराने, जमानतदार की व्यवस्था और महिला कैदियों के साथ रह रहे बच्चों के लिए दूध एवं दवाओं की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बंदियों को निःशुल्क विधिक सहायता एवं विधिक साक्षरता प्रदान करने के लिए सदैव तत्पर है। निरीक्षण के दौरान जिला कारागार अधीक्षक प्रेम सागर शुक्ला, जेलर, डिप्टी जेलर व लीगल एड डिफेंस काउंसिल उपस्थित रहे।

# मोंथा चक्रवात से अमेठी में धान की फसल प्रभावित किसानों से बीमा दावा दर्ज करने की अपील

**●जिला कृषि अधिकारी ने किसानों से की अपील – फसल बीमा से अच्छादित किसान फसल क्षति की सूचना तुरंत दें, टोल फ्री नंबर 14447 पर दर्ज करें विवरण**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अमेठी।** जिला कृषि अधिकारी डॉ राजेश कुमार ने बताया कि वर्तमान में मोंथा चक्रवात के कारण वे मौसम बारिश की वजह से जनपद में खरीफ की मुख्य फसल धान में अधिकाधिक किसानों की फसल का नुकसान हुआ है। जिसके क्रम में ऐसे किसान भाई जिनके द्वारा फसल बीमा योजनान्तर्गत अपनी फसलों का बीमा कराया गया है, वे किसान भाई तत्काल टोल फ्री नम्बर 14447 पर अपनी शिकायत दर्ज करायें। कृषक भाई को व्यक्तिगत क्षतिपूर्ति हेतु 72 घण्टे के अन्दर सूचना देना अनिवार्य होता है, जिससे कि आपकी नुकसान हुयी फसलों का सर्वे कर क्षतिपूर्ति के भुगतान में अग्रेत्तर कार्यवाही की जा सके। अतः प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत आच्छादित कृषकों से अपील है कि आप टोल फ्री नम्बर 14447 पर अपनी शिकायत दर्ज करायें। शिकायत दर्ज कराते समय आप अपनें किसान क्रेडिट कार्ड में रजिस्टर्ड मोबाईल नम्बर एवं आधार कार्ड नम्बर दर्ज करायें, जिससे कि आपको योजनान्तर्गत लाभ प्राप्त हो सके। उन्होंने बताया कि यदि किसान भाइयों को सूचना देने में कोई कठिनाई उत्पन्न होती है तो तहसील वार जारी नंबरों गौरीगंज हेतु मो0 नं0-9807112961, अमेठी के लिए मो0नं0-7376791158, तिलोई के लिए मो0नं0-9554642961 तथा मुसाफिरखाना के लिए मो0नं0- 7390015600 पर बात कर सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

# स्व. इंदिरा गांधी व सरदार पटेल के त्याग बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता है - डॉ.नीरज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** 31अक्टूबर को पूर्व प्रधानमन्त्री स्व.इन्दिरा गांधी जी की पुण्य तिथि, लौहपुरुष सरदार स्व.बल्लभ भाई पटेल व स्व.आचार्य नरेन्द्र देव जी के जन्मजयंती, जिला कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष स्व.हाजी रमजान जी के पुण्यतिथि पर जिला कांग्रेस कार्यालय, इन्दिरा भवन, प्रतापगढ़ में महान विभूतियों के चित्र पर माला पहनाकर श्रद्धान्जलि अर्पित किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष डॉ.नीरज त्रिपाठी एवं संचालन जिला प्रवक्ता सुरेश मिश्र ने किया।इस अवसर पर विचार गोष्ठी में आए हुए सभी कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्तृता उन्हे नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किए।अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष डॉ.नीरज त्रिपाठी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व.इन्दिरा गांधी जी के त्याग और बलिदान को देश कभी भूल नही पाएगा।उनके मार्गदर्शन में देश आगे बढ़ा है।लौहपुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल देश को एकता के सूत्र में बांधने का काम किए।कांग्रेस सेवादल के जिला अध्यक्ष महेन्द्र शुक्ल ने कहा कि आचार्य नरेन्द्र देव जी पेशे से शिक्षक थे। कई बार विधानसभा के सदस्य रहे व लखनऊ,वाराणसी के कुलपति के पद को सुशोभित किए।जिला उपाध्यक्ष रामशिरोमणि वर्मा ने कहा कि हाजी रमजान जिला कांग्रेस कमेटी प्रतापगढ़ के 18 वर्षो तक जिला अध्यक्ष के पद को सुशोभित किए।हाजी जी बहुत ही शांत, शालीन,और आम जनमानस की समस्याओं के लिए हमेशा लड़ने वाले नेता थे।विचार गोष्ठी में मुख्य रूप कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी,जिला उपाध्यक्ष मीरा देवी गौतम, कार्यालय सचिव रियाज सुल्तान, जिला प्रवक्ता फतेह बहादुर सिंह, जिला सचिव आशिक अली, राम रतन तिवारी, सदर ब्लॉक अध्यक्ष मो. वसीम, अबू शमा, नगर सचिव अरबाज आलम, रवि प्रताप सिंह, मो.इदरीशी उपस्थित रहे।

# सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर पीडीए प्रहरी सम्मेलन

**● सरदार पटेल ने देश की एकता तथा कामगारों की रक्षा के लिए अंग्रेजों से लोहा लेकर आजादी की लड़ाई जीती- हाजी फजल महमूद**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वी जयंती पर तथा आचार्य नरेंद्र देव जी की 136 वी जयंती पर सपा कार्यालय 7 नवीन मार्केट में दिन में 3:00 बजे सपा महानगर के कार्यकर्ताओं तथा पीड़ीए प्रहरियों की बैठक सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद की अध्यक्षता में आरंभ हुई। जिसका संचालन महानगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू ने किया। सर्वप्रथम महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद सरदार वल्लभभाई पटेल तथा आचार्य नरेंद्र देव के चित्रों पर माल्यार्पण करते हुए कहा कि पटेल जी ने देश की एकता के लिए छोटे-छोटे स्टेटो को एक सूत्र में पिरोकर कर किसानों की हितों की रक्षा के लिए अगुवाई के साथ सन 1952 में उत्पादन के साथ नई तकनीको को बढ़ावा देकर किसानों के हितों की रक्षा की तथा आचार्य नरेंद्र देव ने आजादी की लड़ाई में महात्मा गांधी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर देश की गरीबी हटाने के लिए हर हाथ को लघु कारोबार देकर आगे बढ़ाया। महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने अपने संबोधन में आगे कहा कि पटेल जी ने गरीबी मे संघर्ष करते हुए मेहनत से हाई स्कूल के बाद 36 वर्ष की उम्र में कानून की शिक्षा प्राप्त की और गुजरात में अंग्रेजों के खिलाफ आजादी की लड़ाई में जेल भी गए। बैठक में प्रमुख रूप से महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद प्रदेश सचिव के के शुक्ला वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू महासचिव संजय सिंह परमवीर सिंह गंभीर सत्यनारायण गहरवार फखरे आलम अंसारी रजत मिश्रा प्रवीण मिश्रा आकाश यादव वरुण जयसवाल शिवकुमार बाल्मिक मनोज चौरसिया अंकित अग्निहोत्री उमाशंकर यादव मो तारिक गुड्डू आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# सरदार वल्लभभाई पटेल का स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण योगदान - समर बहादुर सिंह

**● लौह पुरुष की जयंती पर युवाओं को शपथ तथा रैली का आयोजन**


स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** लौह पुरुष सरदार बल्लभभाई पटेल का स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण योगदान रहा। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय रूप से भाग लिया तथा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नेतृत्व में असहयोग आंदोलन और भारत छोड़ो आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह उदगार शुक्रवार को यहां आईटीआई परिसर में आयोजित पटेल जयंती पर माय युवा भारत के उपनिदेशक समर बहादुर सिंह ने गोष्ठी में व्यक्त किया।उपनिदेशक समर बहादुर सिंह ने कहा कि सरदार पटेल ने 565 रियासतों को भारत में मिलाने का महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस अवसर पर आईटीआई के प्राचार्य आलोक कुमार तथा युवा कल्याण एवं प्रादेशिक दल अधिकारी सुमित पाल ने पटेल के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन माई युवा भारत के वरिष्ठ लेखाकार विनय मिश्रा ने किया। पटेल जयंती पर शुक्रवार को माई युवा भारत आईटीआई तथा युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में युवाओं की एक रैली आयोजित की गई, जो आईटीआई परिसर से होकर सरोज चौराहा अंसारी नर्सिंग होम पीडब्लूडी होते हुए पुलिस लाइन गेट पर पहुंची तथा सभा के रूप में परिवर्तित हुई। यहां पर स्थापित लौहपुरुष की प्रतिमा पर अधिकारियों तथा युवाओं द्वारा माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर युवाओं को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला उर्वरक समिति की बैठक संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर-** जिला उर्वरक समिति की बैठक डीएम विपिन कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में आगामी रबी सत्र हेतु उर्वरकों की उपलब्धता, वितरण एवं मांग की समीक्षा की गई। डीएम ने कृषि विभाग एवं संबंधित एजेंसियों को निर्देशित किया कि जनपद में किसानों को आवश्यक मात्रा में उर्वरक समय से उपलब्ध कराया जाए। किसी भी स्थिति में कालाबाज़ारी या कृत्रिम अभाव की शिकायत नहीं आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी ब्लॉकों में उर्वरक आपूर्ति एवं वितरण की निगरानी के लिए नियमित रूप से निरीक्षण करें। जिलाधिकारी ने सहकारी समितियों, पीसीएफ एवं अन्य वितरण केंद्रों से वास्तविक स्टॉक विवरण को नियमित रूप से पोर्टल पर समय से अपडेट किए जाने के निर्देश दिए। कृषि अधिकारी द्वारा बताया गया कि जनपद में वर्तमान में पर्याप्त उर्वरक स्टॉक उपलब्ध है तथा रबी फसलों के लिए किसानों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। डीएम ने कहा कि किसानों को उर्वरक उपलब्ध कराने में पारदर्शिता व सुगमता सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसान भाइयों को निर्धारित दर पर सुलभ उर्वरक उपलब्ध कराए जाना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, सहायक निबंधक सहकारी समितियां, विपणन अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी / अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सीडीओ द्वारा विकास भवन के कार्यालयों का किया गया निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा ने गुरुवार को पूर्वान्ह 10.20 बजे विकास भवन स्थित समस्त कार्यालयों जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, उपायुक्त श्रम/स्वतः रोजगार, जिला कार्यकम अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, अधिशाषी अभियन्ता आरईडी, जिला दुग्ध विकास अधिकारी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य, सहायक आयुक्त एवं निबन्धक सहकारिता, जिला मुख्य पशु चिकित्साकारी, जिला युवा कल्याण अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, सहायक अभियन्ता लघु सिंचाई, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास), जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी आदि का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग के 04, मत्स्य विभाग के 02, पिछड़ा वर्ग/दिव्यांगजन विभाग के 01, लघु सिंचाई विभाग के 01, युवा कल्याण विभाग के 01, पशुपालन विभाग के 01, कृषि विभाग के 01, कौशल विभाग के 01, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के 01, समाज कल्याण विभाग के 01, पंचायती राज विभाग के 06 तथा एनआरएलएम विभाग 02 अधिकारी/कर्मचारी अनुपस्थित पाये गये। इस पर आपत्ति व्यक्त करते हुये अनुपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों से 03 दिवस के अन्दर स्पष्टीकरण उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। सन्तोषजनक कारण न पाये जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने व कोई भी अधिकारी कर्मचारी बिना किसी पूर्व अनुमति/अवकाश स्वीकृति के कार्यालय से अनुपस्थित न रहने के निर्देश दिये गये।

# मंदिर का माइक बंद कराने पर बवाल, आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर - ललिया।** सिंहपुर कस्बा स्थित प्रसिद्ध काली माता मंदिर पर देर शाम माइक बंद कराने को लेकर विवाद की स्थिति बन गई। कस्बे के ही एक युवक पर मंदिर के पुजारी से हाथापाई, गाली-गलौज और देवी-देवताओं के अपमान का आरोप लगा है। घटना के बाद कस्बे में आक्रोश फैल गया, हालांकि पुलिस की तत्परता से मामला शांत हो गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मंदिर के पुजारी ठाकुर प्रसाद गुप्ता ने बताया कि देर शाम मंदिर परिसर में श्रद्धालुजन मंगल मीटिंग कर रहे थे। लाउडस्पीकर से भजन संकीर्तन चल रहा था, तभी कस्बा निवासी फखरू मास्टर वहां पहुंचे और माइक बंद कराने को लेकर विवाद करने लगे। आरोप है कि विरोध करने पर उन्होंने पुजारी का हाथ पकड़कर बाहर सड़क तक घसीटा और गाली दी। शोरगुल सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर स्थिति संभाली। इसके बाद पूरे कस्बे में तनाव फैल गया।

बीती शाम बड़ी संख्या में हिंदू समुदाय के लोग थाना पहुंचे और आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग का ज्ञापन सौंपा। इस दौरान स्वर्ण आर्मी ब्लॉक अध्यक्ष विपुल मिश्रा, बब्लू शुक्ल, लल्ला त्रिपाठी, रीशू मिश्र, नितेश रत्न पांडेय, बृजेश जायसवाल, विपिन मिश्र, लाल बाबू, राजू चौरसिया, जग्गू, कमलेश, दद्दन व विनय कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में आरोपी पर कठोर कार्रवाई और धार्मिक स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। थानाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि मामले की जांच के बाद आरोपी फखरू को शांतिभंग की धाराओं में गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि कस्बे में स्थिति शांत है, पुलिस सतर्कता बरत रही है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से धार्मिक स्थलों पर निगरानी बढ़ाने और सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने की मांग की है।

# सेखुइया कांड में नगर, तो महदेइया प्रकरण में श्रीदत्तगंज के कोतवाल हटे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** पुलिस महकमे में बड़ी कार्रवाई हुई। श्रीदत्तगंज थाना क्षेत्र के महदेइया चौकी विवाद और नगर कोतवाली क्षेत्र के सेखुइया गांव बवाल में दो थानाध्यक्षों को लाइनहाजिर कर दिया गया। इस सब के बीच विवाद की मूल वजह रहे महदेइया चौकी प्रभारी पर कार्रवाई न होने से विभाग के भीतर नई चर्चा शुरू हो गई है। 25 अक्तूबर को नगर कोतवाली क्षेत्र के सेखुइया गांव में दो पक्षों के बीच हुए विवाद ने पुलिस व प्रशासन की नींद उड़ा दी थी। ग्राम प्रधान के घर पर हुए हमले में चार लोग घायल हुए थे। ग्रामीणों ने आरोप लगाया था कि सूचना देने के बावजूद पुलिस मौके पर देर से पहुंची। घटना के बाद पुलिस ने 17 नामजद और 50 अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया। तीन आरोपियों की गिरफ्तारी भी हो चुकी है, लेकिन इस पूरे प्रकरण में कोतवाली पुलिस की भूमिका पर सवाल उठे। जांच रिपोर्ट के बाद एसपी विकास कुमार ने प्रभारी निरीक्षक नगर सुधीर कुमार सिंह को तत्काल प्रभाव से लाइनहाजिर कर दिया। दूसरी बड़ी कार्रवाई श्रीदत्तगंज थाना क्षेत्र में की गई। बीते दिनों महदेइया चौकी क्षेत्र में विवाद के दौरान पुलिस की भूमिका को लेकर सवाल उठे थे। चौकी का ब्लॉक प्रमुख ने घेराव कर प्रभारी को हटाने की मांग की।

पूरी रात धरना चला। एसपी ने मामले की रिपोर्ट तलब की। जांच में कई स्तरों पर लापरवाही सामने आई, लेकिन चौकी प्रभारी संतोष कुमार कार्रवाई से बच गए, जबकि थानाध्यक्ष कर्मवीर सिंह को लाइनहाजिर कर दिया गया। विभागीय सूत्रों का कहना है कि मौके पर कार्रवाई में देरी और सूचना संप्रेषण की गड़बड़ी के बावजूद चौकी प्रभारी का बच निकलना कई अधिकारियों के लिए हैरानी का विषय बन गया है। महकमे में यह चर्चा है कि आखिर जिम्मेदारी तय करने का पैमाना अलग-अलग क्यों रखा गया?

**नौ थानों में किया फेरबदल**

एसपी विकास कुमार ने जिले के नौ थानों में फेरबदल करते हुए नई तैनातियां कीं। सादुल्लाहनगर के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह को नगर कोतवाली का प्रभार सौंपा गया है। एसपी के पीआरओ अविरल शुक्ल को श्रीदत्तगंज थाने की कमान सौंपी गई है। इसके अलावा गौरा चौराहा के प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह को हरैया थाना, हरैया के थानाध्यक्ष हरीश सिंह को गौरा चौराहा भेजा गया है। अपराध शाखा के इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिंह को ललिया थाना प्रभारी बनाया गया। ललिया के थानाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार वर्मा को सादुल्लाहनगर की जिम्मेदारी दी गई है। एसपी ने सभी को तत्काल कार्यभार ग्रहण कर रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। आगामी त्योहारों, पंचायत चुनाव और बढ़ती सियासी हलचलों के बीच यह कार्रवाई एसपी की सख्त नीति का संकेत मानी जा रही है।

# घाटमपुर में रन फॉर यूनिटी का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**घाटमपुर/**लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती पर शुक्रवार को घाटमपुर क्षेत्र के घाटमपुर सजेती रेउना बिधनू थाना क्षेत्र समेत कई स्थानों पर,रन फॉर यूनिटी,का आयोजन किया गया, सुबह एनसीसी कैडेट्स और पुलिस कर्मियों ने करीब डेढ़ किलोमीटर लंबी दौड़ लगाई, कार्यक्रम में घाटमपुर विधायिका सरोज कुरील, पुलिस अधिकारी और कार्यकताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, रैली रेवना थाने से शुरू हो कर क्षेत्र का भ्रमण करती हुई वापस थाने में समाप्त हुई,रेउना,बिधनू, सजेती, घाटमपुर थाने के स्कूली बच्चों और स्थानीय नागरिकों ने एकता में दौड़ में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया सभी प्रतिभागी हाथों में तिरंगा लिए, सरदार पटेल अमर रहे ,और एकता में ही शक्ति है,के नारे लगाते हुए सड़कों पर, देशभक्ति और एकता का संदेश दे रहे थे, छात्र छात्राओं ने पुलिस कर्मियों के साथ सेल्फी लेकर कार्यक्रम का उत्साह बढ़ाया,रेउना थाना प्रभारी अनुज राजपूत ने इस अवसर पर शक्ति मिशन अभियान के तहत् महिला सुरक्षा, साईबर अपराध , और यातायात नियमों के प्रति बच्चों को जागरूक किया,इस सही जवाब देने वाले दो छात्रों को पुरस्कृत भी किया गया, घाटमपुर एसीपी क्रष्ण कान्त यादव ने कहा कि रैली का उद्देश्य सरदार वल्लभ भाई पटेल के एक भारत, श्रेष्ठ भारत के संकल्प को जीवंत करना है उन्होंने युवाओं से देश की एकता अखंडता, आपसी सद्भावना बनाए रखने की अपील की।

# चंदनपुर-अयोध्या मार्ग की हालत बदतर, गड्ढों में तब्दील हुई सड़क - गड्ढामुक्त सड़क का दावा हुआ फेल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** योगी सरकार के "गड्ढामुक्त सड़क"के दावे चंदनपुर-अयोध्या मार्ग पर पूरी तरह फेल नजर आ रहे हैं। यह मार्ग आज भी जर्जर स्थिति में है, जहां जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे सड़क को खतरे में बदल चुके हैं। यह मार्ग न केवल स्थानीय लोगों बल्कि स्कूल जाने वाले बच्चों, मरीजों और किसानों के लिए भी परेशानी का सबब बन गया है। चंदनपुर से अयोध्या मार्ग की लंबाई लगभग 125 किलोमीटर है, जो बलरामपुर जनपद को अयोध्या से जोड़ने वाला महत्वपूर्ण मार्ग माना जाता है। लेकिन लगभग 25 किलोमीटर सड़क चन्दनपुर से गनवरिया तक सड़क की मरम्मत लंबे समय से नहीं हुई है। बरसात के मौसम में स्थिति और भी बदतर हो जाती है, जिससे सड़क पर बने गड्ढों में पानी भर जाने से वाहनों का निकलना मुश्किल हो जाता है। आए दिन बाइक सवार गिरकर घायल हो रहे हैं, वहीं ट्रक और बस चालकों को भी भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस सड़क पर कई बार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों का ध्यान दिलाया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने बताया कि प्रशासन के उदासीन रवैये के कारण यह सड़क हादसों का कारण बन चुकी है।

लोगों का कहना है कि यदि शीघ्र ही सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। सरकार द्वारा चलाई जा रही "गड्ढामुक्त सड़क योजना" की हकीकत चंदनपुर-अयोध्या मार्ग पर साफ झलक रही है, जहां सड़क नहीं बल्कि गड्ढे ही गड्ढामुक्त नजर आ रहे हैं। इस मार्ग की दयनीय स्थिति अब सरकार की साख पर भी सवाल खड़े कर रही है। जनता की मांग है कि जल्द से जल्द इस सड़क की मरम्मत कराई जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

# ऑपरेशन प्रहार: 83 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब व दो लग्जरी वाहन बरामद, पाँच तस्कर गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** जनपद में अवैध शराब तस्करी की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन प्रहार के तहत थाना श्रीरामपुर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। श्रीरामपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर प्रतापपुर स्थित इंडियन पेट्रोल पंप के पास चेकिंग के दौरान दो लग्जरी वाहनों से 83 पेटी 717.12 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब ऑफिसर्स च्वाइस दो फर्जी नंबर प्लेट एवं पाँच मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस ने मौके से पाँच अभियुक्तों विकास कुमार यादव पुत्र नंद किशोर चौधरी, निवासी बिलासपुर, थाना मैरवा, जनपद सिवान (बिहार) रवि कुमार पुत्र स्व. रुदल, निवासी बिलासपुर, थाना मैरवा, जनपद सिवान (बिहार)प्रद्युम्न सिंह पुत्र मार्कण्डेय सिंह, निवासी बिगह, थाना उभाव, जनपद बलिया,संदीप कुमार यादव पुत्र लल्लन यादव, निवासी गड़ेरिया, थाना गुठनी, जनपद सिवान (बिहार) व धर्मबीर कुमार सिंह पुत्र रामनाथ राम, निवासी गुलरबागा, थाना मैरवा, जनपद सिवान (बिहार) को गिरफ्तार किया है। बरामद किए गए माल एवं वाहनों को पुलिस ने कब्जे में लेकर अभियुक्तों के विरुद्ध मु.अ.सं. 198/2025 धारा 317(2), 341(4), 61(2) BNS व 60/72 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी है।

# खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण से खुलेगा युवाओं के रोजगार का मार्ग


**● प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रारम्भ**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के अंतर्गत 30 प्रशिक्षुओं के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन विकास भवन स्थित खाद्य प्रसंस्करण कार्यालय में किया जा रहा है। फल संरक्षण प्रभारी हरि प्रकाश तिवारी ने बताया कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य युवाओं को खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर एवं संबंधित विभागों के विशेषज्ञ–खाद्य प्रसंस्करण, खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग, खाद्य एवं औषधि विभाग, एलडीएम, बैंकिंग संस्थान आदि द्वारा उद्यम स्थापना, लाइसेंस, ऋण सुविधा एवं योजना के विभिन्न पहलुओं की जानकारी विस्तार से दी जाएगी। तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम युवाओं को स्वरोजगार की दिशा में प्रेरित करेगा तथा खाद्य उद्योग क्षेत्र में प्रधानमंत्री के विशेष योजनाओं के तहत आत्मनिर्भर भारत बनने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

# संक्षिप्त खबरें

## राष्ट्रीय एकता दिवस पर कलेक्ट्रेट में सरदार पटेल को नमन, राष्ट्रीय एकता व अखंडता की ली गई शपथ



**कानपुर।** राष्ट्रीय एकता दिवस एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में श्रद्धांजलि एवं शपथ कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इसके बाद अधिकारियों और कर्मचारियों ने एकता की शपथ ली। डीएम ने कहा कि सरदार पटेल ने रियासतों के एकीकरण से लेकर सिविल प्रशासन की मजबूत नींव रखी। उनका अनुशासन और कठोर निर्णय लेने का साहस आज भी प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि हम सब उसी प्रशासनिक परंपरा का हिस्सा हैं, इसलिए अपने कार्यों में ईमानदारी, समयपालन और पारदर्शिता बनाए रखना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। डीएम ने कहा कि सरदार पटेल का जीवन देशभक्ति, कर्तव्यनिष्ठा और संगठन कौशल का प्रतीक है। उनका जीवन राष्ट्रसेवा को समर्पित रहा है। जनसेवा ही सर्वोच्च कर्तव्य है। कलेक्ट्रेट को ऐसा केंद्र बनाया जाए जो सरदार पटेल द्वारा स्थापित मूल्यों को समर्पित हो, जहाँ हर व्यक्ति को सम्मान, सहजता और सहयोग का अनुभव हो। कार्यक्रम में एडीएम नगर डॉ. राजेश कुमार, एडीएम वित्त एवं राजस्व डॉ विवेक चतुर्वेदी, एडीएम न्यायिक चंद्रशेखर सहित कलेक्ट्रेट के समस्त कार्मिक उपस्थित थे।

## सरदार बल्लभभाई पटेल की जयंती पर माल्यार्पण कर शपथ दिलाई



**कानपुर।** भारत रत्न' सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर आलोक सिंह, अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर द्वारा उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यालय में कार्यरत् सभी पुलिसजनों को राष्ट्र की एकता, अखण्डता और सुरक्षा की शपथ दिलाई गई।

## ककरहवा बाजार ऐतिहासिक रामलीला मेला अब नौ नवंबर को

**सिद्धार्थनगर।** जिले के ककरहवा बाजार में दो नवंबर को आयोजित रामलीला मेला स्थगित कर दिया गया है। अब यह ऐतिहासिक रामलीला मेला नौ नवंबर को लगेगा। तीन दिन तक चलने वाला रामलीला मेला शनिवार से शुरू होकर सोमवार तक चलेगा। ग्राम प्रधान नीतू दिलीप पांडेय ने बताया कि अत्यधिक बरसात होने के कारण रामलीला परिसर में पानी जल भराव हो गया है। जिसके कारण दो नवंबर को लगने वाला रामलीला मेला एक सप्ताह के बाद नौ नवंबर को आयोजित किया गया है।

## भोर में ही खुल जा रही देशी मदिरा की दुकान

**–पुलिस व आबकारी की मिली भगत**

**रूद्रपुर, देवरिया।** स्थानीय पुलिस व आबकारी विभाग की मिली भगत से देसी मदिरा की दुकान मानक समय की विपरीत भी खुल रही है जिससे पियक्कड़ों की पौ बारह है। उपनगर की कुछ दुकान भोर में 5:00 बजे से ही खुल जा रही हैं और वहां से बकायादे ओवर रेटिंग करके देसी मदिरा की बिक्री शुरू हो जा रही है। बहुत से आदती पियक्कड़ सुबह चाय की जगह पर देसी मदिरा का ही सेवन कर रहे हैं। सब कुछ जानते हुए भी स्थानीय पुलिस उस पर लगाम नहीं लगा पा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मदिरा की दुकानों के खुलने का समय सुबह 10:00 बजे व बंद होने का समय रात्रि 10:00 बजे है। कुछ लोगों ने बताया कि देसी मदिरा की दुकानों के मुनीम जानबूझकर दरवाजे में जाली या कट बनवाए हुए हैं। जिनके सहारे देसी शराब का आदान-प्रदान आसानी से हो जाता है। बंदी के दिन भी मुनीम अंदर बैठकर दारू की सप्लाई करता रहता है और अतिरिक्त कमाई करता है। समय के खिलाफ जो दारू बिकती है उसका मूलधन दुकान के मालिक को जाता है जबकि अतिरिक्त पैसा मुनीब के जेब में जाता है। इसके बदले में पुलिस व आबकारी विभाग के लोग हफ्ता वसूली करते हैं और शराब मलिक बेखौफ होकर समय की विपरीत भी शराब की बिक्री करवाता है।

# पटेल न होते तो भारत का मानचित्र कुछ और होता - सलिल विश्नोई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** "स्वतंत्रता के बाद अंग्रेज भारत को खंड-खंड होने के लिए छोड़ गए थे। 550 से ज्यादा रियासतों को कम समय में एक कर सरदार पटेल ने भारत के मानचित्र को बनाने का काम किया। अगर वे न होते तो आज देश का मानचित्र कुछ और होता।"ये बातें राष्ट्रीय एकता दिवस के मौके पर सचान चौराहे पर भाजपा दक्षिण जिला इकाई द्वारा आयोजित रन फॉर यूनिटी के शुभारंभ के मौके पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य सलिल विश्नोई ने कहीं। इससे पहले उन्होंने महापौर प्रमिला पांडेय, दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह, विधायक महेश त्रिवेदी के साथ पटेल चौक पर सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें याद ।

मुख्य अतिथि सलिल विश्नोई ने तिरंगे गुब्बारे उड़ाकर भाजपा दक्षिण जिले में एकता दौड़ को रवाना किया। बड़े बड़े तिरंगे झंडों के साथ देश भक्ति से सराबोर माहौल में सैकड़ों भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं ने शहरवासियों के साथ दीप सिनेमा तिराहे तक दौड़ लगाई। रन फॉर यूनिटी में आगे आगे तिरंगे झंडे लिए चलर हे पांच सौ से अधिक भारत स्काउट गाइड और राष्ट्रीय कैडेट कॉप्स (एनसीसी) के बच्चे प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहे। इसके अलावा भाजपा दक्षिण जिले के सभी बूथों पर सरदार पटेल की जयंती मनाई गई। इस मौके पर सलिल विश्नोई ने कहा कि राष्ट्र के प्रति सरदार पटेल के कर्तव्य पारायणता और लोहे जैसे इरादों का परिणाम है कि भारत 79 वर्ष के बाद भी दुनिया के सामने सम्मान के साथ खड़ा है । उन्होंने कहा कि कश्मीर से लेकर लक्ष्य दीप तक फैले देश को एक करने में उनका बहुत बड़ा योगदान है और देश इस ऋण को कभी चुका नहीं सकेगा। 15 अगस्त 2047 तक देश दुनिया में सर्वप्रथम होगा। ऐसे भारत के निर्माण का संकल्प लेना है, कि देश की आज़ादी की सौवीं वर्षगांठ के अवसर पर हम हर क्षेत्र में प्रथम स्थान पर हो। विश्नोई ने कहा कि आइए हम सब मिलकर अगले वर्षों में भारत को सर्वप्रथम पर लाने का संकल्प लें और सरदार पटेल के सपने को साकार करने के लिए समर्पित होकर काम करें। इसके पर मौजूद सभी लोगों को उन्होंने एकता की शपथ भी दिलाई। प्रमुख रूप से स्वप्निल वरुण, रघुनंदन भदौरिया, जसविंदर सिंह,प्रकाश वीर आर्य,कौशल किशोर दीक्षित,जय प्रकाश कुशवाहा, राम बहादुर यादव, गणेश शुक्ला, मनीष त्रिपाठी, दीपू पासवान आदि मौजूद रहे।

# आदर्श लघु माध्यमिक विद्यालय बर्डपुर में मनाई गई लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती

**● रन फॉर यूनिटी को लेकर निकाली गई प्रभात फेरी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** महान स्वतंत्रता सेनानी 'लौह पुरुष 'सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में आदर्श लघु माध्यमिक विद्यालय बर्डपुर में 'रन फॉर यूनिटी ' का भव्य आयोजन किया गया। वहीं इस दौरान आयोजित संगोष्ठि में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया गया तथा उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला गया । विद्यालय संचालक नितेश पाण्डेय के नेतृत्व में विद्यालय के शिक्षक एवं बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया, जो सरदार पटेल के दर्शन 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत 'को साकार करने का जीवंत उदाहरण था। यह दौड़ न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने वाली थी, बल्कि देश की अखंडता, एकता और सामाजिक सद्भावना को मजबूत करने का प्रतीक भी बनी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रबंधक राजकुमारी पाण्डेय ने कहा कि राष्ट्रीय एकता व अखण्डता के प्रतीक, स्वाधीनता संग्राम से लेकर राष्ट्र निर्माण तक, सरदार पटेल जी का जीवन त्याग, तप एवं अदम्य राष्ट्रभक्ति का प्रतीक रहा। उन्होंने लौह इच्छाशक्ति, दूरदृष्टि तथा अद्वितीय संगठन कौशल के बल पर भारत की बिखरी रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर एक संगठित भारत की नींव रखी। उनका जीवन हमें यह प्रेरणा देता है कि सशक्त राष्ट्र एकता, विश्वास और आत्मनिर्भरता की भावना से बनता है। इस दौरान प्रबंधक राजकुमारी पाण्डेय, उमेश यादव, शोभनाथ यादव, संतोष कुमार यादव, रुचि उपाध्याय, रीता जायसवाल, बिन्द्रावती विश्वकर्मा, अन्नू जायसवाल, रूबीना खातून, प्रेमलता पासवान, सरिता जायसवाल, संगीता मौर्य, शशि जायसवाल, चन्द्रावती देवी, अजय कुमार आदि उपस्थित रहे । उसका बाजार। किसान इण्टर कालेज उसका बाजार में सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्म दिन पर शपथ ग्रहण और रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य अशोक यादव के अलावा के.के.पाठक, राजेश यादव, सर्वेश उपाध्याय, अंबरीश मिश्र, राम दरश, एच एन मिश्र,आशीष मौर्य, अनिल मिश्र, वीरेंद्र पाण्डेय, प्रमोद पाण्डेय, शिव कुमार, गणेश शुक्ल, अनिल कुमार चौबे, शैलेश दूबे, पवन कुमार, रामकेश, नूर आलम, विद्योत्मा, अर्चना, बबिता, रवि वर्मा, आनंद, अम्बेश वर्मा सहित सभी शिक्षक शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति, फेज-5 के तहत सिद्धार्थ विश्वविद्यालय में आयोजित हुआ जागरूकता रैली एवं व्याख्यान कार्यक्रम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर ।** मिशन शक्ति फेज- 5 के अंतर्गत शुक्रवार को सिद्धार्थ विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना, महिला अध्ययन केंद्र एवं मिशन शक्ति की संयुक्त तत्वाधान में जागरूकता रैली निकली गई । रैली को विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर कविता शाह ने हरी झंडी दिखाकर आगे बढ़ाया तथा छात्र-छात्राओं में राष्ट्रीय एकता के साथ-साथ लैंगिक समानता के विकास को बढ़ावा देने हेतु समाज में जागरूकता फैलाने की आवश्यकता पर बल दिया। मिशन शक्ति कार्यक्रमों के अंतर्गत सिद्धार्थ विश्वविद्यालय में आज "समतामूलक समाज में सरदार वल्लभभाई पटेल का योगदान"विषय पर व्याख्यान कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला अध्ययन केंद्र की समन्वयक प्रोफेसर नीता यादव द्वारा किया गया । डॉ नीता यादव ने यह कहा कि आज के समाज में सरदार वल्लभ भाई पटेल जैसे दृढ़ निश्चायी एवं सामाजिक समानता के प्रबल समर्थक दृष्टिकोण की अत्यंत आवश्यकता है। छात्र-छात्राओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेने की लेनी चाहिए। मिशन शक्ति फेज- 5 की नोडल अधिकारी डॉ.सुनीता त्रिपाठी ने वर्तमान परिदृश्य में लैंगिक समानता के संदर्भ में सरदार वल्लभभाई पटेल के विचारों की प्रासंगिकता के विषय में छात्र-छात्राओं को बताते हुए यह कहा कि सरदार पटेल न केवल अखंड भारत के निर्माता के रूप में जाने जाते हैं बल्कि वे समतामूलक समाज के निर्माण में भी अग्रणी रहे हैं। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित लोक प्रशासन विभाग के सहायक आचार्य डॉ रविकांत शुक्ला ने अखंड भारत के निर्माण में सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान तथा प्रशासनिक सेवा में उनके योगदान को विस्तार से बताया। यह बताया कि भारत में स्वतंत्रता के समय 562 से भी अधिक देशी रियासतें थी जिन्हें भारत में विलय करने का श्रेय सरदार वल्लभभाई पटेल को है। अखंड भारत के निर्माण में उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा । विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित लोक प्रशासन विभाग के सहायक आचार्य डॉक्टर अरविंद रावत ने समतामूलक समाज की स्थापना में पुरुषों की अग्रणी भूमिका का समर्थन किया। राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर सरिता सिंह ने यह कहा कि मिशन शक्ति का उद्देश्य महिला- पुरुष समानता के साथ-साथ समाज में समरसता , एकता और अखंडता की स्थापना करना है। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर यशवंत यादव ने छात्राओं को राष्ट्रीय एकता और महिला सशक्तिकरण के लिए उत्प्रेरित किया। कार्यक्रम में रूपाली, सानिया कुशल, शाहीन, साक्षी पांडे, निकिता दुबे इत्यादि छात्र-छात्राओं ने भी राष्ट्रीय एकता एवं महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में लोक प्रशासन विभाग के अतिथि प्रवक्ता डॉक्टर हामिद अंसारी, राजनीति विभाग के अतिथि प्रवक्ता सौरभ एवं अजीत तथा इतिहास विभाग के अतिथि प्रवक्ता डॉ अंकित सोनी, डॉक्टर पंकज शुक्ला एवं पूर्णेन्दु शंकर तिवारी इत्यादि शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर यशवंत यादव ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन मिशन शक्ति फेज- 5 की सह नोडल अधिकारी डॉक्टर रक्षा द्वारा किया गया ।

# सिद्धार्थनगर में पुलिस की पिटाई से घायल युवक रजनीश पटेल मामला: 6 दिन बीत जाने के बाद भी फरार पुलिस कर्मियों को गिरफ्तार नहीं कर पाई पुलिस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जिले के कपिलवस्तु कोतवाली क्षेत्र के चंपापुर निवासी युवक रजनीश पटेल पर जानलेवा हमला करने वाले चारों पुलिसकर्मी केस दर्ज होने के 6 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस की पकड़ से दूर हैं। जबकि चारों पुलिस कर्मियों पर 25-25 हजार रुपये का इनाम भी घोषित कर दिया गया है। इतना सब होने के बाद भी पुलिस के सूचना तंत्र व मुखबिरों के जाल पर लोग सवालिया निशान लगा रहे हैं। 22 अक्टूबर की रात मां लक्ष्मी प्रतिमा विसर्जन में शामिल कपिलवस्तु कोतवाली के चंपापुर निवासी युवक रजनीश पटेल पुत्र अशोक कुमार को मोहाना थाना में तैनात चार सिपाहियों ने उठा लिया था। उसे बाइक पर बिठा कर कहीं ले गए और बेरहमी से पिटाई के बाद उसे ऊंजी के एक पेट्रोल पंप के पास फेंक कर चले गए थे। युवक को गंभीर हालत में पहले सीएचसी बर्डपुर फिर जिला अस्पताल और उसके बाद गोरखपुर रेफर कर दिया गया। हालत इतनी गंभीर थी कि गोरखपुर से लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया। पहले तो मामले को टालमटोल करने की कोशिश की गई, बाद में पुलिस को डीआईजी के हस्तक्षेप पर चारों सिपाहियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज करना पड़ा था। केस दर्ज होते ही पूर्व में सस्पेंड किए गए सिपाही फरार हो गए। उनकी गिरफ्तारी के लिए दो सीओ के नेतृत्व में दो टीमें लगाई गई। खुफिया व मुखबिर तंत्र सक्रिय हुआ लेकिन केस दर्ज होने के 6 दिन बाद भी सुराग नहीं लग सका। जबकि पुलिस प्रशासन ने चारों पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित कर दिया है। पुलिस के लिए उन चारों की गिरफ्तार चुनौती बनी हुई है। लोग सवाल कर रहे हैं कि आखिर पुलिस का सूचना तंत्र या उसकी खुफिया एजेंसिंया क्या कर रही।

**क्या कहते हैं अधिकारी**

आरोपी पुलिस कर्मियों की तलाश जारी है । पुलिस की गठित टीमें उनकी गिरफ्तारी के लिए लगी हैं। हर संभावित जगह पर उनकी तलाश की जा रही है। उन पर 25-25 हजार रुपये का इनाम भी घोषित हो गया है। जल्द ही गिरफ्तारी हो जाएगी। पुलिस क्षेत्राधिकारी विश्वजीत सौरयान

# तहसील रानीगंज में शनिवार को होगा सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी की अध्यक्षता में तहसील रानीगंज में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जायेगा। इसी प्रकार अन्य तहसीलों में अपर जिलाधिकारी/ मुख्य राजस्व अधिकारी/ उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जायेगा।

# कांग्रेस सेवादल ने इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि व पटेल की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** आज सुबह पटेल चौक सचान चौराहा बर्रा-2 में कांग्रेस सेवा दल नगर/ग्रामीण कमेटी के जिलाध्यक्ष सुशील सोनी ने प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 41वीं पुण्यतिथि और लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की 150 वीं जयंती को प्रतिमा पर माल्या अर्पण पुष्पांजलि अर्पित कर उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज देश की पहली महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 41वीं पुण्यतिथि है। देश आज आयरन लैडी स्व.इंदिरा गांधी को श्रद्धासुमन अर्पित कर रहा है देश की एकता-अखंडता को बरकरार रखने में उनका अतुलनीय योगदान रहा भारतीय राजनीति की सबसे सशक्त महिला नेताओं में उनकी गिनती होती है उन्होंने इस महान उद्देश्य के लिए अपने प्राणों का बलिदान कर दिया उनके कार्यकाल में भारत की सेना ने ऐतिहासिक शौर्य, पराक्रम का प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान को पराजित किया वही डॉ.आर. के.सिंह ने कहा लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की सादगी वह अद्भुत संगठन क्षमता के धनी थे आज भी उनकी पहचान कुशल प्रशासक के रूप में होती है कार्यक्रम में मुख्य रूप से- जिलाध्यक्ष सुशील सोनी,जिला सचिव डॉ.आर.के. सिंह, हीरालाल निषाद पी.सी.सी, जिला सचिव राजेश शर्मा, चमन लाल कुक्कू, मदन सिंह, मानसिंह मानसिंह,उमेश सोनी,दिनेश पांडे, गोविंद सचान,बृजनंदन सोनी, महेंद्र सिंह यादव, रश्मि सोनी, रेनू सिंह,नीलम मिश्रा,अविनाश चंद्र श्रीवास्तव सैकड़ो की संख्या में सेवादल के स्वयंसेवक उपस्थित रहे

# राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर रन फ़ॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन ग्रीन पार्क में सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**कानपुर।** राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर आज प्रातः 7:00 बजे ग्रीन पार्क स्टेडियम, कानपुर नगर में "रन फ़ॉर यूनिटी" कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा किया गया। उन्होंने अपने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन राष्ट्रपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती के रूप में मनाया जा रहा है।

सरदार पटेल जी ने स्वतंत्रता के उपरांत देश की साढ़े पाँच सौ से अधिक रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर भारत के एकीकरण का ऐतिहासिक कार्य किया। आज का "रन फॉर यूनिटी"कार्यक्रम उन्हीं के राष्ट्र निर्माण के अमूल्य योगदान को नमन करने का प्रतीक है। जिलाधिकारी ने कहा कि "रन फॉर यूनिटी"केवल एक दौड़ नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकता, सामूहिकता और सामाजिक सद्भाव की भावना का प्रतीक है। यह कार्यक्रम हमें यह संदेश देता है कि जब हम 'मैं' और 'मेरा परिवार' से आगे सोचते हुए अपने समाज, शहर और राष्ट्र के लिए कार्य करते हैं, तभी सच्चे अर्थों में एकता और अखंडता की भावना मजबूत होती है। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ भी दिलाई गई, जिसमें देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने का संकल्प दिलाया गया।

# बिहार में एनडीए के समर्थन में 5 दिन जनसंपर्क करेंगे एचएमकेपी महासचिव राकेश मणि

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** बिहार चुनाव को लेकर हिन्द मजदूर किसान पंचायत भी सक्रिय हो गई है। उसने बिहार की जनता से एनडीए के पक्ष में मतदान किए जाने की अपील की है। एनडीए के पक्ष में प्रचार के लिए अपने पांच दिवसीय कार्यक्रम के तहत बिहार जाने के पहले हिंद मजदूर किसान पंचायत के राष्ट्रीय सचिव और उत्तर प्रदेश के महामंत्री राकेशमणि पाण्डेय ने बिहार की आम जनता से वर्तमान परिस्थितियों में देश की सुरक्षा संरक्षा बिहार के समृद्धि व विकास के लिए एनडीए (नीतीश) भाजपा और चिराग पासवान के गठजोड़ को वोट देने की अपील की है। वरिष्ठ मजदूर नेता के रूप में भी चर्चित राकेश मणि पांडेय ने कहा कि एनडीए के पक्ष में मतदान इसलिए जरूरी है ताकि उन्नति और विकास के मार्ग पर निरंतर बढ़ते बिहार को धर्म ,जाति, क्षेत्रवाद और जंगल राज की वापसी से बचाया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि बिहार में एक बेहतर कार्य सरकार के लिए प्रशान्त किशोर को लोगो ने आगे बढ़ाने का कार्य किया था और अपेक्षाएं भी शुरू की थी, किन्तु वह बिहार के नये केजरीवाल साबित हो रहे हैं। इसलिए जनता का उनसे भी मोह भंग हो चुका है। राकेश मणि पाण्डेय ने कहा कि नीतीश की अगुवाई में बिहार ने हर क्षेत्र में विशेष प्रगति की है। हिंद मजदूर किसान पंचायत की राष्ट्रीय महासचिव राकेश पांडेय ने यह भी दावा किया कि नीतीश कुमार ने परिवार वाद से दूर केवल बिहार की उन्नति को ध्यान में रखकर उल्लेखनीय कार्य किया है, जो आज के बिहार में घुसते ही महसूस होता है। राकेश कुमार पांडे ने कहा कि नीतीश कुमार कई उत्पादों को राष्ट्रीय पहचान बनाने और मखाने को अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिलाने के साथ ही युवाओं के लिए रोजगार सृजन के लिए जी जान से प्रयास लगातार कर रहे हैं। करोना काल में बिहार से बाहर रहने वाले लाखों मजदूरों को उनकी जीविका को बचाये रखने के लिए बिहार से आर्थिक पैकेज उनके खाते में भेजे गये। एचएमकेपी के राष्ट्रीय महासचिव ने दावा किया कि केन्द्र की मोदी सरकार के सहयोग से बिहार में भी उद्योगो का कायाकल्प के साथ ही क्षेत्रीय उद्योगो को भी बढावा दिया जा रहा है। श्रमिक नेता राकेश मणि पांडेय ने कहा कि वैसे भी बिहार के समुचित विकास के लिए केन्द्र सरकार के सहयोग की नितान्त आवश्यकता है। इसलिए डबल इंजन की सरकार बिहार में पूर्व की तरह बनाये रखना चाहिए। बिहार के विभिन्न क्षेत्रों में श्रमिक संगठनों में और जन समूहो में एनडीए के पक्ष में मतदान से संबंधित अपनी बात को हिन्द मजदूर किसान पंचायत की ओर से रखने के लिए 05 से 10 नवम्बर तक बिहार दौरे पर पर जाने के लिए तैयार हिंद मजदूर किसान पंचायत के राष्ट्रीय महासचिव और चर्चित श्रमिक नेता राकेश मणि पांडेय ने यह भी दावा किया कि दावा किया कि केन्द्र सरकार व बिहार सरकार बिहार की अस्मिता उसके गौरव व सांस्कृतिक विरासत को बनाये रखने के लिए बड़ी तेजी से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि इसका सबसे बड़ा प्रमाण नालन्दा विश्व विद्यालय ओर गया परिक्षेत्र को व्यवस्थित करना और तमाम दूरगामी ट्रेनो का संचालन आदि है। इसलिए आम जनता को इसे समझना और गम्भीरता से विचार करना होगा। क्योंकि विपक्ष विशेषकर इण्डिया गठबन्धन के लोग केवल बिहार को लूटने, ठगने और अपराधियों को बढ़ाने का कार्य करेंगे और आये दिन पूर्व की तरह होने वाले फिरोती व बम धमाके शुरू करना चाहते हैं, जिससे जनता को बचना होगा।

## मस्तराम चौधरी लगातार पांचवीं बार निर्विरोध चुने गए अध्यक्ष

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ की जिला इकाई द्वारा चलाए जा रहे ब्लॉक स्त्रीय शिक्षा उन्नयन संगोष्ठी एवं अधिवेशन के तहत केंद्रीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय डुमरियागंज में ब्लॉक स्तरीय शिक्षा उन्नयन संगोष्ठी एवं अधिवेशन का आयोजन किया गया। चुनाव पर्यवेक्षक लालचंद्र वरुण ब्लॉक कोषाध्यक्ष भनवापुर की देखरेख में चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें लगातार पांचवीं बार मस्तराम चौधरी निर्विरोध रूप से अध्यक्ष चुने गए, तथा मंत्री पद पर तिलक राम, कोषाध्यक्ष के पद पर राम कुमार वर्मा, तथा उपाध्यक्ष पद पर मुश्ताक अहमद, राम विलास यादव, काजी तालिब हुसैन, और संयुक्त मंत्री के पद पर उजैर अहमद, नीरू सिंह, अर्जुन प्रसाद,आय व्यय निरीक्षक के पद पर अनिल कुमार चौबे, एवं लेखाकार के पद पर चौधरी प्रमोद सहित सभी पदाधिकारी निर्विरोध रूप से चुने गए। सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को जिला महामंत्री कलीमुल्लाह ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

शिक्षा उन्नयन संगोष्ठी को संबोधित करते हुए जिला महामंत्री कलीमुल्लाह ने कहा कि सभी पदाधिकारी संगठन के दायित्वों के साथ विद्यालय के मूल दायित्वों का भी बखूबी निर्वहन करें। तभी समाज में हमारी सार्थकता सिद्ध होगी। जिला अध्यक्ष रमेश चन्द्र मिश्र ने कहा कि सभी पदाधिकारी और शिक्षक टेट अनिवार्यता संबंधी अध्यादेश के संशोधन की मांग को लेकर 24 नवंबर को दिल्ली के जंतर मंतर पर अपनी एकजुटता का परिचय दें। संघठन सभी शिक्षकों के हितों के लिए लगातार संघर्षरत है। अधिवेशन के दौरान राष्ट्रपति पुरस्कृत नसीम अहमद खान, फैज अहमद, अनिल कुमार चौबे शहाब मजरूह, राम विलास सिंह भैया राम राम कुमार वर्मा आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहें।

## गुमशुदा बच्चों की सूचना अपडेट करने हेतु प्रशिक्षण आयोजित

**देवरिया।** पुलिस लाइन के मनोरंजन कक्ष में अपर पुलिस अधीक्षक प्रभारी विशेष किशोर पुलिस इकाई विशेष किशोर की अध्यक्षता में मिशन वात्सल्य भारत पोर्टल पर गुमशुदा/खोये-पाये बच्चों की सूचना अपडेट करने संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनपद के सभी थानों में दर्ज बच्चों से संबंधित मुकदमों की समीक्षा की गई। चार माह से अधिक समय से लंबित प्रकरणों को थाना AHTU को हस्तांतरित करने तथा सभी मामलों को पोर्टल पर नियमित रूप से अपडेट करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक आनंद पांडेय, संरक्षण अधिकारी जयप्रकाश तिवारी, प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार वर्मा, आकाश सिंह कुशवाहा, सत्यपाल चौहान तथा आरक्षी अर्चना कुशवाहा उपस्थित रहीं।

## इंटरनेशनल जादूगर मि. इंडिया को मिला 'आयरन मैन सरदार वल्लभभाई पटेल अवॉर्ड'

**●सामाजिक सद्भाव और देशभक्ति की भावना के लिए मिला सम्मान**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोण्डा।** सामाजिक समरसता और राष्ट्रभक्ति की भावना को नई दिशा देने वाले ख्याति प्राप्त इंटरनेशनल जादूगर मि. इंडिया (परसपुर, गोण्डा) को प्रतिष्ठित "आयरन मैन सरदार वल्लभभाई पटेल अवॉर्ड - 2025"से सम्मानित किया गया है। जादूगर मि. इंडिया ने जानकारी देते हुए बताया कि यह सम्मान संगम एकेडमी पब्लिकेशन, कोटा (राजस्थान) द्वारा प्रदान किया गया। संस्था के निदेशक ओम प्रकाश लोववंशी ने कहा कि मि. इंडिया ने अपने कला-कौशल और सामाजिक योगदान के माध्यम से समाज में एकता, सद्भाव और सेवा की भावना को सशक्त बनाया है।आपके असाधारण योगदान जो सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देता है, आपकी देशभक्ति और सेवा की भावना समाज के लिए एक नई प्रेरणा है। गौरतलब है कि यह सम्मान प्रति वर्ष उन व्यक्तित्वों को दिया जाता है, जो अपने कार्यों से समाज में सकारात्मक बदलाव लाते हैं और सरदार पटेल के आदर्शों को जीवित रखते हैं। जनपद गोण्डा अंतर्गत विकास खण्ड परसपुर के ग्राम हरदिहा सपौर के एक साधारण परिवार में जन्मे जादूगर मि. इंडिया ने लगातार मेहनत, लगन और कला के प्रति समर्पण से यह मुकाम हासिल किया है। अब तक वे दो सौ से अधिक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय अवार्ड प्राप्त कर अपने जनपद और प्रदेश का नाम गौरवान्वित कर चुके हैं।

# संक्षिप्त खबरें

## निपुण भारत मिशन के तहत विजन एवं रणनीति कार्यशाला संपन्न



**देवरिया, 31 अक्तूबर।** जनपद स्तरीय निपुण भारत मिशन-विजन एवं रणनीति की कार्यशाला में देवरिया, कुशीनगर जनपद के खंड शिक्षा अधिकारी, आरपी, डायट मेंटर और एसआरजी शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पांडेय ने किया। इस अवसर पर राज्य परियोजना कार्यालय लखनऊ से लतिका गुप्ता एवं करिश्मा मौजूद रहीं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शालिनी श्रीवास्तव ने कहा कि निपुण भारत मिशन का लक्ष्य प्रत्येक बच्चे को कक्षा-3 तक भाषा और गणित में दक्ष बनाना है। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि शिक्षा समाज की प्रगति की नींव है, और निपुण भारत मिशन इस दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। कार्यशाला में डायट प्राचार्य अनिल सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी विजयपाल नारायण त्रिपाठी, प्रभात चंद्र राय, तथा एसआरजी उपेंद्र उपाध्याय ने विचार साझा किए। राज्य परियोजना कार्यालय की टीम ने प्रशिक्षण सत्रों का संचालन किया। कार्यक्रम का समापन सामूहिक चर्चा व फीडबैक सत्र के साथ हुआ। इस अवसर पर जिला समन्वयक ज्ञानेंद्र सिंह, आशुतोष शुक्ला, तथा तकनीकी सहयोगी आलोक पांडेय व अमित मिश्रा उपस्थित रहे।

## आचार्य नरेंद्रदेव व सरदार पटेल की जयंती पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित

**देवरिया।** रामपुर कारखाना स्थित सपा जनसंपर्क कार्यालय पर समाजवादी पुरोधा आचार्य नरेंद्रदेव और लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में सपा के पूर्व प्रवक्ता चंद्रभूषण सिंह यादव ने कहा कि आचार्य नरेंद्रदेव ने समाजवाद की परिकल्पना को आधार दिया, वहीं सरदार पटेल ने 565 रियासतों का विलय कर भारत को अखंड गणराज्य बनाया। कार्यक्रम में मंजूर हसन, सुरेश नारायण सिंह यादव, जितेंद्र यादव बुलबुल, कुंदन भूषण, संतोष मद्धेशिया समेत अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सरदार पटेल की जयंती पर विभिन्न संस्थाओं में आयोजित हुए कार्यक्रम

### रन फॉर यूनिटी में दौड़े पुलिस अफसर व स्कूली छात्र



**तालबेहट/पूराबिरधा।** देश के प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर शुक्रवार को राष्ट्रीय एकता दिवस पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पुलिस विभाग सहित विभिन्न सरकारी दफ्तरों में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। तालबेहट में सीओ रक्षपाल सिंह एवं कोतवाल मनोज मिश्रा के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों, दरोगाओं और मर्दन सिंह इंटर कॉलेज के छात्रों ने नए बस स्टैंड से कोतवाली तक एकता दौड़ में भाग लिया। इस दौरान एक भारत, श्रेष्ठ भारत के नारों



से वातावरण गूंज उठा।वहीं पूराकलां थाना क्षेत्र में थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश चंद्र मिश्रा, एसआई नरेंद्र सिंह, गोकर्ण सिंह व वीरेंद्र सिंह के साथ स्कूली छात्र-छात्राओं ने कस्बे में 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन किया। कार्यक्रम में एकता, अखंडता और भाईचारे का संदेश दिया गया। भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर सरदार पटेल सहकारी डेयरी फेडरेशन लिमिटेड द्वारा मास डेयरी चिलिंग सेंटर तालबेहट में जन्म जयंती समारोह व सहकारिता संवाद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों दूध उत्पादक, महिलाएं, युवा और सहकारी क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों ने भाग लिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने सरदार पटेल के सहकारिता सिद्धांतों को याद करते हुए कहा कि सहकार ही समृद्धि का मार्ग है। रन फॉर यूनिटी का आयोजन कर 115 गाँवों के दुग्ध उत्पादकों ने एकता और सहकार का संदेश दिया।

# भारत-अमेरिका में 10 साल का डिफेंस एग्रीमेंटः एडवांस ड्रोन और AI हथियारों पर रिसर्च में मदद मिलेगी, US नई टेक्नोलॉजी शेयर करेगा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



भारत और अमेरिका ने शुक्रवार को एक नया 10 साल का रक्षा (डिफेंस फ्रेमवर्क एग्रीमेंट) समझौता किया है। इसका मतलब है कि आने वाले 10 सालों तक दोनों देश मिलकर अपनी सेनाओं, रक्षा उद्योग और तकनीकी सहयोग को और मजबूत करेंगे। इसके तहत अमेरिका, भारत से एडवांस टेक्नोलॉजी शेयर करेगा, जिससे एडवांस ड्रोन और AI हथियारों पर जॉइंट रिसर्च में मदद मिलेगी। यह समझौता 31 अक्टूबर को कुआलालंपुर (मलेशिया) में हुआ, जहां दोनों देश ASEAN रक्षा मंत्रियों की बैठक (ADMM-Plus) में शामिल थे। भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और अमेरिका के रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने इस समझौते पर दस्तखत किए।

**रिपोर्ट्स के मुताबिक इस समझौते से 4 बड़े फायदे होंगे।**

**सैन्य सहयोग बढ़ेगा–** दोनों देशों की सेनाएं मिलकर ट्रेनिंग और सेनाभ्यास करेंगी।

**जॉइंट प्रोडक्शन–** यानी दोनों देश मिलकर हथियार, रक्षा उपकरण और नई तकनीक बनाएंगे।

**टेक्नोलॉजी साझाकरण–** अमेरिका भारत को अपनी कुछ एडवांस डिफेंस टेक्नोलॉजी शेयर करेगा।

**सूचना और खुफिया जानकारी साझा–** दोनों देशों की एजेंसियां एक-दूसरे से सुरक्षा जानकारियां साझा करेंगी।

**अमेरिकी रक्षामंत्री बोले– हमारी साझेदारी मजबूत होगी**

अमेरिका के रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने ꙮ पर लिखा- मैंने राजनाथ सिंह के साथ 10 साल का अमेरिका-भारत रक्षा समझौता साइन किया है। यह हमारी साझेदारी को और मजबूत करेगा। दोनों देशों के बीच समन्वय, जानकारी साझा करने और तकनीकी सहयोग का नया दौर शुरू हो रहा है।

समझौता साइन होने के बाद हेगसेथ ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को शुक्रिया कहा। उन्होंने बताया कि यह रिश्ता दुनिया के सबसे अहम रिश्तों में से एक है। दोनों देश एक-दूसरे पर भरोसा करते हैं और इंडो-पेसिफिक इलाके में सुरक्षा व खुशहाली चाहते हैं।

राजनाथ सिंह ने कहा कि यह बैठक आसियान देशों और भारत के बीच रक्षा सहयोग को और मजबूत करेगी। इससे भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी को भी बल मिलेगा।

**दोनों देश ट्रेड डील पर बात कर रहे**

यह समझौता ऐसे वक्त पर हुआ है, जब दोनों देश के अधिकारी ट्रेड डील पर बातचीत कर रहे हैं। अमेरिका ने रूसी तेल खरीदने की वजह से भारत पर 50% एक्स्ट्रा टैरिफ लगाया है।

कॉमर्स मंत्री पीयूष गोयल साफ कह चुके हैं कि भारत कोई व्यापार समझौता जल्दी-जल्दी में नहीं साइन करेगा। हम किसी की ऐसी शर्त नहीं मानेंगे जो हमारे व्यापार को रोकती हो।

उन्होंने कहा कि व्यापार सिर्फ टैरिफ का खेल नहीं है। यह विश्वास और लंबे रिश्ते का मामला है। फिर भी गोयल ने बताया कि दोनों देशों की टीमें मिलकर काम कर रही हैं। जल्द ही एक अच्छा और निष्पक्ष समझौता होने की उम्मीद है।

**जयशंकर हाल में ने अमेरिकी विदेशमंत्री से बात की थी**

कुछ दिन पहले विदेश मंत्री एस जयशंकर भी कुआलालंपुर में थे। उन्होंने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो से मुलाकात की। दोनों ने भारत-अमेरिका संबंधों और दुनिया के बड़े मुद्दों पर बात की। तब ईस्ट एशिया शिखर सम्मेलन में जयशंकर ने कहा था कि ऊर्जा व्यापार पर दबाव बढ़ रहा है, बाजार में गड़बड़ी आ रही है। सिद्धांत चुनिंदा तरीके से लागू किए जा रहे हैं।

## जिलाधिकारी ने किया जिला कारागार का निरीक्षण



**बलरामपुर** जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन, सीजेएम अनूप कुमार पांडे एवं पुलिस अधीक्षक विकास कुमार द्वारा जिला कारागार का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने बंदियों हेतु भोजन, चिकित्सा, स्वच्छता एवं सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया।उन्होंने बैरकों की साफ- सफाई, रसोईघर एवं चिकित्सालय की स्थिति की भी समीक्षा की। डीएम ने कहा कि बंदियों के पुनर्वास एवं सुधारात्मक गतिविधियों जैसे- व्यावसायिक प्रशिक्षण एवं योगाभ्यास पर विशेष ध्यान दिया जाए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता की जांच की तथा सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जेल अधीक्षक व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## कवच संरक्षण प्लान के तहत आम के बागों की वैज्ञानिक कटाई छँटाई के कार्य का शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मलिहाबाद।** मेटा एग्रीटेक प्राइवेट लिमिटेड ने अवध आम उत्पादक एवम बागवानी समिति, नबीपनाह, मलिहाबाद के साथ मिलकर "कवच संरक्षण प्लान" के तहत आम के बागों की वैज्ञानिक कटाई छँटाई के कार्य का शुभारंभ किया। यह आयोजन जीतबहादुर मार्केट, वाजिदनगर चौराहे पर हुआ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ टी दामोदरन निदेशक केंद्रीय उपोषण बागवानी संस्थान मौजूद रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य मेटा एग्रो और अवध आम उत्पादक बागवानी समिति द्वारा आम के बागों की देखभाल और उत्पादकता में सुधार हेतु कवच संरक्षण प्लान सेवा का शुभारंभ था। मेटा एग्रो द्वारा कवच संरक्षण प्लान के तहत वैज्ञानिक तरीके से बागों की कटाई छँटाई व पोषण और कीट प्रबंधन किस प्रकार किया जायेगा। हर बाग का ऑर्चर्ड लॉग बुक,पेड़ों की जियो टैगिंग और डिजिटल मैपिंग के बारे में बताया गया। मेटा एग्रीटेक के संस्थापक मयंक सिंह और सुजीत सिंह ने इस पहल का नेतृत्व किया जिसका उद्देश्य किसानों को आधुनिक तकनीकों से जोड़ना और उनकी आय बढ़ाने में मदद करना है। डॉ टी दामोदरन ने कार्यक्रम में तकनीकी सहयोग प्रदान करने की बात कही। उन्होंने कवच संरक्षण प्लान ऑर्चर्ड लॉग का भी विमोचन किया।हाल ही में उद्यान विभाग ने अवध आम उत्पादक बागवानी समिति को 74 बागों की वैज्ञानिक कटाई छँटाई करने की अनुमति प्रदान की है।संचालन करते हुए उपेंद्र कुमार सिंह महासचिव अवध आम उत्पादक बागवानी समिति ने उपस्थित किसानों से कहा कि ज़्यादा से ज़्यादा किसान इस सेवा का लाभ उठायें और अपने बागों में अधिक से अधिक तकनीक और वैज्ञानिक प्रबंधन को अपना कर बाज़ार में वर्चस्व कायम करें। कार्यक्रम में डॉ एचएस सिंह प्रधान वैज्ञानिक,उपेंद्र कुमार सिंह, मयंक सिंह, सुजीत सिंह, प्रियंक यादव, उद्यान विभाग से दिलीप कुमार, वन विभाग से आशीष कुमार वर्मा, पूर्व प्रधान अशोक कुमार समेत अनेकों किसान मौजूद रहे।

## अहिरोली में राष्ट्रीय एकता दिवस पर RUN FOR UNITY का आयोजन, अधिकारियों-कर्मचारियों व बच्चों ने लिया उत्साहपूर्वक हिस्सा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अंबेडकरनगर।** थाना अहिरोली क्षेत्र में आज दिनांक 31 अक्टूबर 2025 को स्वतंत्र भारत के प्रमुख शिल्पकार और लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस के तहत RUN FOR UNITY कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ थानाध्यक्ष अभिषेक त्रिपाठी एवं खंड विकास अधिकारी (केटहरी) श्री हौसिला यादव के नेतृत्व में किया गया। इस दौड़ में थाना अहिरोली में नियुक्त समस्त पुलिस अधिकारी/कर्मचारी, पुलिस लाइन से आए रिक्रूट आरक्षी, खंड विकास कार्यालय के कर्मचारी तथा ब्लूमिंग चिल्ड्रेन स्कूल यादवनगर गढ़ूपुर के छात्र-छात्राएं एवं क्षेत्र के अन्य सम्मानित नागरिक शामिल हुए।

RUN FOR UNITY का प्रारंभ थाना अहिरोली परिसर से हुआ जो लगभग 1 किलोमीटर दूरी तय कर पटेल नगर पेट्रोल पंप तक गया और पुनः थाना गेट पर आकर समाप्त हुआ। दौड़ के दौरान प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय एकता, सद्भाव और अखंडता बनाए रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम के समापन पर अधिकारियों द्वारा सभी प्रतिभागियों को उत्साहवर्धन संदेश दिया गया और सरदार पटेल के राष्ट्र निर्माण में योगदान का स्मरण करते हुए उनके मार्ग पर चलने की अपील की गई। कार्यक्रम का समापन सौहार्दपूर्ण वातावरण में हर्षोल्लास के साथ हुआ।

## रामपुर कारखाना विधायक की पहल पर बैकुंठपुर-नूनखार सड़क को मिली स्वीकृति



**देवरिया, 31 अक्तूबर।** रामपुर कारखाना क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित बैकुंठपुर-नूनखार (दुल्हू) सड़क के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण को सरकार से स्वीकृति मिल गई है। यह सड़क 06.78 करोड़ रुपये की लागत से बनाई जाएगी। विधायक सुरेन्द्र चौरसिया ने कहा कि इस निर्माण से क्षेत्रवासियों को सुगम यातायात की सुविधा मिलेगी और विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने सड़क स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार व्यक्त किया।

## साउथ दिल्ली पत्रकार संघ की दूसरी मासिक बैठक में कई विषयों पर हुई गंभीर चर्चा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

स्वतंत्र सिंह भुल्लर नई दिल्ली



**नई दिल्ली।** हर महीने के अंतिम सफ्ताह में साउथ दिल्ली पत्रकार संघ की बैठक रखी जाती है जिसके तहत पहली कार्यकारणी गठित के बाद बैठक सितम्बर में खानपुर एक्सटेंशन में की गई थी और आज दूसरी बैठक साउथ दिल्ली पत्रकार संघ की संगम विहार में रखी गई।आपको बता दे संगठन अगस्त में बना था ओर जब से निरंतर अध्यक्ष राजनारायण मिश्रा के नेतृत्व में कार्य कर रहा है और पत्रकारों के हितों के लिए उनके मान सम्मान एव दुख सुख में उनके साथ खड़ा हुआ है।दूसरी बैठक में पत्रकार साथियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया और जो नहीं आए उन्होंने संदेश के माध्यम से जानकारी अपनी संगठन में दर्ज कराई। बैठक का उद्देश्य था कि हर महीने के अंतिम सफ्ताह में सभी पत्रकार साथियों के साथ विचार विमर्श एवं चर्चाओं के माध्यम से संगठन की कार्य कार्य शैली एवं संगठन को कैसे मजबूत करे ,हमलोगों को क्या क्या योजनाओं के माध्यम से कार्य करना चाहिए और जिन उद्देश्यों को लेकर संगठन बना था उनपर हम कैसे सफतापूर्वक कार्य कर सके साथ ही बैठक के माध्यम से सभी पत्रकार साथियों का आपसी तालमेल भी बना रखे।

यही सोच के साथ दूसरी बैठक भी सफल रही ओर सभी आए हुए पत्रकार साथियों ने अपने अपने सुझाव के साथ कई मुद्दों पर चर्चाएं भी की जो सभी सारात्मक रही ओर एकजुट हो कर सभी का उद्देश्य यही रहा कि हमें साउथ दिल्ली पत्रकार संघ को परिवार की तरह चलना है और एकता का परिचय देते हुए सभी साथियों को जोड़कर रखना है।

आपको बता दे संगठन के रजिस्ट्रेशन की प्रकिया भी चल रही है जल्द ही हमें रजिस्ट्रेशन नंबर मिल जाएगा और फिर जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से संगठन साउथ दिल्ली में कार्य करेगा और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को भी निभाएगा। अंत में अध्यक्ष राजनारायण मिश्रा ने सभी पत्रकार साथियों का धन्यवाद किया जो नए जुड़े है उनका भी स्वागत किया ओर विश्वास दिलाया कि संगठन जिन उद्देश्यों को लेकर बना हुआ है हम ओर हमारी पूरी टीम उसके लिए बचनबद्ध है। बैठक में पत्रकार साथियों की उपस्थिति मौजूद रही जिनमें शरद कुमार, दीप सिलोड़ी, रियायत अली, स्वतंत्र सिंह भुल्लर, अमर कुमार, रविन्द्र कुमार,रशीद सैफी, जितेंद्र, समीम आलम, अब्दुल वाजिद सहित पत्रकार साथी उपस्थित थे।

# कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने जिले में मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों के संचालन हेतु शासकीय सेवकों को दायित्व सौंपे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**शहडोल।** जिला स्तरीय कार्यक्रम राजेन्द्र टॉकीज शहडोल के हाल में 01 नवम्बर को प्रातः 10:30 बजे से प्रारंभ होगा। कार्यक्रम की व्यवस्था हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री शिवम प्रजापति को कार्यक्रम का प्रभारी अधिकारी तथा जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री विवेक पाण्डेय को समन्वय अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिला मुख्यालय सहित तहसील मुख्यालयों में भी स्थापना दिवस समारोह के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसके नोडल अधिकारी संबंधित एसडीएम तथा सहायक नोडल अधिकारी संबंधित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को बनाया गया है। जिले में चिन्हांकित स्थलों पर मध्य प्रदेश स्थापना दिवस जिला स्तरीय समारोह एवं विकासखण्ड स्तरीय समारोह का आयोजन किया जाना है।

इन समारोहों में जनप्रतिनिधि, क्षेत्रीय विधायक, गणमान्य नागरिक, सभी एनजीओ, सामाजिक कार्यकर्ताओं को आमंत्रित करने, मध्यप्रदेश शासन की विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को लाभ वितरण करने, समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सामाजिक कार्यकर्ता, एनजीओ, शिक्षा, स्वास्थ्य, सांस्कृति क्षेत्र में कार्य करने वाले लोगों का सम्मान किया जाएगा। इसके साथ ही सांस्कृति कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा तथा महाविद्यालय स्तर पर युवा वैज्ञानिक सम्मेलन, सामान्य ज्ञान, निबंध लेखन एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताओं के आयोजन के निर्देश दिए गए हैं। जिसमें शहडोल जिले के विरासत, कला एवं संस्कृति तथा जिले में पर्यटन के विकास की संभावनाओं पर आधारित प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इस अवसर पर जिले में कार्यरत स्व सहायता समूहों में से उत्कृष्ट कार्य करने वाले समूहों को सम्मानित किया जाएगा। जिला स्तर पर 01 नवम्बर 2025 को प्रातः 10: 30 बजे से राजेन्द्र टॉकीज हाल शहडोल में स्थापना दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

जिसके नोडल अधिकारी श्रीमती अमृता गर्ग अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तथा अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री मुद्रिका सिंह होंगें, सहायक नोडल अधिकारी श्री अक्षत बुन्देला परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण को बनाया गया है। स्थापना दिवस के अवसर पर 01 नवम्बर 2025 को पंडित शम्भूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय में युवा वैज्ञानिक सम्मेलन सामान्य ज्ञान, निबंध लेखन एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। जिसके नोडल अधिकारी डॉ आशीष तिवारी रजिस्टार पंडिल शम्भूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय होंगे।

02 नवम्बर को जैतपुर स्थित एकलव्य विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसके नोडल अधिकारी श्रीमती अमृता गर्ग अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तथा सहायक नोडल अधिकारी श्री राजीव लघाटे मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बुढ़ार को बनाया गया है। इसी तरह 02 नवम्बर को जनपद मुख्यालय ब्यौहारी में स्थापना दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसके नोडल अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री भागीरथ लहरे तथा सहायक नोडल अधिकारी सीईओ जनपद पंचायत श्रीमती कल्पना यादव होंगी।

# एस डीएम की नाराज़गी तहसील परिसर में घुम रहे हैं सौदागर एक एक प्रकरण अब बताऊंगी तहसील को लोगों ने अड्डा बना दिया है- एसडीएम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोंडा कर्नलगंज।** तहसील प्रशासन और वकीलों के बीच विरोध प्रदर्शन बुधवार से लगातार चल रहा है। यहां वकीलों की तनातनी अधिकांश उपजिलाधिकारियों से रही है। तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष श्यामधर शुक्ला ने अपने कुछ साथियों के साथ शुक्रवार को तीसरे दिन भी न्यायिक कार्य से विरत रहकर तहसील परिसर में विरोध प्रदर्शन और नारेबाजी की। सूत्रों के मुताबिक एसोसिएशन अध्यक्ष की ओर से शनिवार को वकील सम्पूर्ण समाधान दिवस में सक्षम अधिकारी को ज्ञापन सौंपेंगे और आगे क्रमिक अनशन शुरू करेंगे। आए दिन नारेबाजी और हंगामा से तहसील में आने वाले फरियादी भी परेशान होने लगे हैं, उन्हें समस्याओं का समाधान कराए बिना ही वापस लौटना पड़ता है। हालांकि, नारेबाजी और विरोध प्रदर्शन के बाद तहसील प्रशासन भी विरोध का जवाब देने के लिए अब कमर कसना शुरू कर दिया है। एसडीएम नेहा मिश्रा ने भी कहा है कि एक एक प्रकरण बताऊंगी तहसील को आप लोगों ने अड्डा बना दिया है। एसडीएम नेहा मिश्रा का कहना है कि सिर्फ अधिकारियों को दबाव में लेने के लिए प्रदर्शन किया जा रहा है। लोगों का कहना है कि तहसील परिसर में शराब, गांजा और ताश की महफिल जुटती है। इन अवैध गतिविधियों के खुलासे के डर से कुछ दबंग वकील प्रशासनिक और सामाजिक कार्यकर्ताओं पर दबाव बनाने के लिए संगठन बनाकर घेराबंदी कर रहे हैं हालांकि की इस बात का हामरी टीम पुष्टि नहीं करती है सूत्रों के हावले की खबर है जिससे, उनके काले कारनामों पर पर्दा डाला जा सके। सूत्र बताते हैं कि इस स्थिति पर पहले भी जिला प्रशासन ने नाराजगी जताई थी। यहां तक कि डीएम ने भी हालात सुधारने के निर्देश दिए थे, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। नतीजा यह है कि दबंगों और दलालों का वर्चस्व और मजबूत होता जा रहा है। विश्वसनीय सूत्रों का दावा है कि तहसील में चल रहे इन अवैध कार्यों में कुछ वकीलों की मिलीभगत और बराबर की हिस्सेदारी है। उनके संरक्षण में ही शराब पार्टी, जुआ और अवैध वसूली का सिलसिला जारी है। फरियादियों का कहना है कि यदि समय-समय पर तहसील का सघन औचक निरीक्षण हो, तो कई बड़े अवैध कारोबारों का खुलासा हो सकता है। एक पीड़ित व्यक्ति ने एक और खुलासा किया है अगर बैनामा कोई व्यक्ति लेता है तो उससे दुबारा पैसा कमाने का जरिया कैसे बने वाकिल उस बैनामा कर्ता व्यक्ति से मिलकर आपत्ति लगवा देते हैं जिससे बैनामा लेने वाला परेशान हो और दुबारा वाकिल को खर्चा दे फरियादी को जान बुझकर परेशान करते हैं अधिवक्ता अगर प्रशासन डारेक्टर फरियादी से मिले तो आधे से ज्यादा मुकदमा वे फर्जी है फैसला हो जाएगा फरियादी को राहत मिलेगी।

## महाविद्यालय में मनाई गई सरदार पटेल की जयंती एवं इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि

**महरौनी।** स्व. रविंद्रानंद बडौनिया महाविद्यालय महरौनी में शुक्रवार को लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती एवं देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्रबंधक दुष्यंत बडौनिया एवं प्राचार्य डॉ. के.के. सिंह द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व दोनों महान विभूतियों के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। प्रबंधक दुष्यंत बडौनिया ने कहा कि सरदार पटेल ने 565 रियासतों का विलय कर भारत को एक सूत्र में बांधा और देश की एकता के प्रतीक बने। राष्ट्र उनके योगदान का सदैव ऋणी रहेगा। वहीं प्राचार्य डॉ. के.के. सिंह ने कहा कि इंदिरा गांधी भारतीय राजनीति की दृढ़ और प्रभावशाली नेता थीं, जिन्होंने अपने साहसिक निर्णयों से भारत को विश्व पटल पर प्रतिष्ठा दिलाई। विभागाध्यक्ष हरिहर मोहन तिवारी ने सरदार पटेल को साहस, एकता और देशभक्ति का प्रेरणास्रोत बताया, जबकि प्रवक्ता लखन लाल त्रिपाठी ने दोनों महान विभूतियों के जीवन वृत्त पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन हरिहर मोहन तिवारी ने किया।

# सिद्धार्थनगरः परिवारिक विवाद के बाद पत्नी ने पति को ज्वलनशील पदार्थ डालकर जलाया, हालत गंभीर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जिले के डुमरियागंज क्षेत्र के कूड़ी गांव में बुधवार की रात पूनम (50) ने पति राम संवारे (55) को कमरे में बुलाया और उस पर ज्वलनशील पदार्थ उसके उपर डालकर आग लगा दी। आग का गोला बना पति चीखते हुए बाहर आया। शोर सुनकर पहुंचे आसपास के लोगों ने किसी तरह आग बुझाई। गंभीर रूप से झुलसे राम संवारे को गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि संबंधों के शक में हुए विवाद में पत्नी ने पति पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा दी। कूड़ी गांव निवासी राम संवारे (55) और पत्नी पूनम (50) के बीच आए दिन विवाद और मारपीट होता था। गांव के लोगों ने बताया कि बुधवार की देर रात दोनों के बीच विवाद हुआ था। कुछ देर बाद पूनम ने राम संवारे को कमरे में बुलाया। जैसे ही वह कमरे में पहुंचा, पूनम ने उस पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा दी और दरवाजा बंद कर दिया। किसी तरह राम संवारे कमरे से निकलकर चीखते-चिल्लाते बाहर भागा।

राम संवारे की चिल्लाने की आवाज सुनकर पड़ोस के लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह आग बुझाई। हालांकि, तब तक राम संवारे बुरी तरह से झुलस गया था। गांव में चर्चा रही कि संबंधों के शक पति-पत्नी में आए दिन विवाद होता था। ग्रामीणों ने बताया कि डुमरियागंज थाना क्षेत्र के कूड़ी गांव निवासी राम संवारे को जलाकर मारने की कोशिश करने वाली पूनम उसकी तीसरी पत्नी है। पहली पत्नी से एक बेटा है जो मुंबई में रहकर रोजी-रोटी कमाता है। पहली पत्नी की मौत के बाद राम संवारे ने दूसरी शादी की थी ,मगर दूसरी पत्नी कुछ ही दिन बाद घर छोड़ कर चली गई। राम संवारे ने तीसरी शादी पहले से विवाहित पूनम (50) से की। पूनम के तीन बेटे थे, जिनमें एक की कुछ माह पहले मौत हो चुकी है। वारदात के समय पूनम और राम संवारे ही घर में थे। एक बेटा बाहर तो दूसरा ससुराल गया हुआ था, जो सूचना पर सीएचसी बेंवा पंहुचा और राम संवारे को इलाज के लिए गोरखपुर ले गया। इस संबध में प्रभारी निरीक्षक उमेश धर द्विवेदी ने बताया कि इस मामले में अभी कोई तहरीर नहीं मिली है लेकिन पुलिस ने घटना को स्वतः संज्ञान लेते हुए जांच शुरू कर दी है।

## धुबरी महायोगी योगी गुरु गोरक्ष नाथ की मूर्ति स्थापन



**● मांगलिक रीति रिवाज के साथ केबिट मंत्री रंजीत कुमार दास के करकमलों से किया उद्घाटन।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**असम धेमाजी–31 अक्टूबर।** असम धुबरी जिले के बिलासीपारा सम जिले के पुराने लौपारा गाँव में योगी गुरु महायोगी गुरु गोरक्ष नाथ की मूर्ति स्थापित की गई। कोमतापुर स्वायत्त परिषद के मुख कार्यकारी परिषद शजीवेश रॉय द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए आवंटित आठ लाख धनराशि से निर्मित योगी गुरु गोरक्ष नाथ की प्रतिमा को जिले की नाथ समुदाय के लिए एक बड़ी प्राप्ति है। सुबह से जिले की



विभिन्न प्रांत से एकत्रित तीन हजारों से अधिक नाथ समुदाय के लोगों की उपस्थिति में सामूहिक यज्ञ किया गया। इसके बाद प्रतिमा को उद्घाटन के लिए आमंत्रित असम सरकार के कैबिनेट मंत्री रंजीत कुमार दास और कोमतापुर स्वायत्त परिषद के मुख कार्यकारी परिषद शजीवेश रॉय को स्वागत कर लाया गया। मंत्री ने मंदिर के उद्घाटन कर, गुरु गोरख नाथ को पूजा अर्चना की इसके बाद एक बैठक में मंत्री ने नाथ योगी लोगों के साथ नाथ योगी छात्रा संघ का तारीफ करते हुए कहा कि अब असम में नाथ योगी समुदाय उन्नति के रास्ते में है। उन्होंने असम प्रदेश नाथ योगी सम्मेलन के कार्यालय के फ़निचर खरीदारी के लिए कोमतापुर स्वायत्त परिषद के मुख कार्यकारी परिषद के तरफ़ से 1 लाख रुपए का चेक भी प्रदान किया।